लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# दैनिक अमन लेखनी



दूसरों की खुशी के लिए ना करें खुद को इग्नोर ........

मजदूरों के लिए छलावा है बजट - वर्कर्स फ्रंट दिनकर कपूर

वर्ष : 10 | अंक : 59 | लखनऊ, 07 फरवरी, बुधवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 18.c

न्यूनतम तापमान 12.c

**बाजार**

सोना 5848/ g

चांदी 75.50/ g

संसेक्स 72,085.63

निफ्टी 21,853.80

**संक्षिप्त समाचार**

## क्या हुआ जब नासा ने कैलाश पर्वत पर सैटेलाइट भेजा

**नई दिल्ली,** क्या सच में कैलाश पर्वत पर भोलनाथ रहते हैं या फिर ये एक कल्पना मात्र है। क्या हुआ जब नासा ने कैलाश पर्वत पर सैटेलाइट भेजा। आखिर क्यों सभी नदियों का उद्गम स्थल कैलाश पर्वत है। आज आपको सभी सवालों के जवाब और कैलाश पर्वत के बारे में विस्तार से बताएंगे। माउंट एवरेस्ट जो दुनिया की सबसे ऊंची चोटी है उस पर अब तक 7 हजार लोग चढ़ाई कर चुके हैं। लेकिन इससे 2200 मीटर कम ऊंचाई वाले कैलाश पर्वत पर आज तक कोई फतह हासिल नहीं कर पाया है। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस पर्वत के पास प्राचीन धन कुबेर की नगरी है। मान्यता तो ये भी है कि जो व्यक्ति अपने जीवनकाल में अच्छे और पुण्य कर्मों को करता है। मृत्यु के बाद उसकी आत्मा को कैलाश पर्वत पर स्थान प्राप्त होता है।

### शिव का निवास स्थान कैलाश

पिरामिड के आकार का पवित्र पर्वत, 'कैलाश पर्वत' सिर्फ एक पर्वत नहीं है, यह भगवान शिव का पवित्र निवास है, जिस पर आम आदमी का चढ़ना नामुमकिन है। एक ऐसा पहाड़ जिसके ऊपर हवाई जहाज तो नहीं उड़ सकता लेकिन पक्षी उड़ सकते हैं! नासा के साथ कई रूसी वैज्ञानिकों ने कैलाश पर्वत पर अपनी रिपोर्ट पेश की है। उन सभी का मानना है कि कैलाश वाकई कई अलौकिक शक्तियों का केंद्र है। विज्ञान ये दावा तो नहीं करता है कि यहां शिव देखे गए हैं। किन्तु ये सभी मानते हैं कि यहां पर कई पवित्र शक्तियां जरूर काम कर रही हैं। हिंदू धर्म में भी इसे पारंपरिक रूप से शिव के निवास के रूप में मान्यता प्राप्त है, जो अपनी पत्नी देवी पार्वती और अपने बच्चों, गणेश और कार्तिकेय के साथ वहां रहते थे।

### पृथ्वी का केंद्र कैलाश

पृथ्वी के एक तरफ उत्तरी ध्रुव है और दूसरी तरफ दक्षिणी ध्रुव है। दोनों के मध्य में स्थित है हिमालय और हिमालय का केंद्र है कैलाश पर्वत। वैज्ञानिकों के अनुसार यह पृथ्वी का केंद्र है। कैलाश पर्वत दुनिया के 4 प्रमुख धर्मों- हिंदू, जैन, बौद्ध और सिख धर्म का केंद्र है। वैज्ञानिकों के अनुसार कैलाश पर्वत धरती का केंद्र है, जिसे विज्ञान की भाषा में एक्सिस मुंडी कहते हैं। इसका मतलब दुनिया की नाभि या आकाशीय ध्रुव और भौगोलिक ध्रुव का केंद्र से है। रशिया के कुछ वैज्ञानिकों के अनुसार एक्सिस मुंडी वह स्थान है, जहां अलौकिक शक्ति का प्रवाह होता है। यही नहीं, इस जगह को लेकर लोगों ने दावा भी किया कि उन्हें यहां पर साक्षात शिव के दर्शन हुए हैं।

### क्या यह पिरामिड है?

कैलाश पर्वत की आश्चर्यजनक विशेषताओं को समझने के लिए इस पर बहुत सारे वैज्ञानिक अध्ययन किए गए हैं, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। रूसी वैज्ञानिकों ने एक बार दावा किया था कि कैलाश पर्वत वास्तव में एक मानव निर्मित पिरामिड है और यह ब्रह्मांड का केंद्र है! क्या इसके निर्माण के लिए अतिमानव जिम्मेदार हैं? हम वास्तव में नहीं जानते! कैलाश के पास के सभी पर्वतों की चोटियाँ नुकीली हैं लेकिन कैलाश ऊपर से घुमावदार और शिवलिंग के आकार का है।

# हमारा मंत्र सबका साथ, सबका विकास

## कुछ दलों ने हमेशा डर और झूठ फैलाने की राजनीति की : पीएम मोदी

अमन लेखनी समचार

**नई दिल्ली,** पीएम नरेंद्र मोदी ने गोवा में विकसित भारत-विकसित गोवा 2047 कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान मोदी ने कहा कि गोवा क्षेत्र और आबादी के लिहाज से भले ही छोटा है, लेकिन सामाजिक विविधता के मामले में बहुत बड़ा है। यहां अलग-अलग समाज के लोग, अलग-अलग धर्म को मानने वाले लोग एक साथ रहते हैं, अनेक पीढ़ियों से रहते हैं। उन्होंने कहा कि गोवा के यही लोग जब बार-बार भाजपा की सरकार चुनते हैं तो इसका संदेश पूरे देश में जाता है। इसके साथ ही मोदी ने कहा कि भाजपा का मंत्र सबका साथ, सबका विकास का है। देश में कुछ दलों ने हमेशा डर और झूठ फैलाने की राजनीति की है। लेकिन गोवा ने ऐसे लोगों को करारा जवाब दिया है, बार-बार दिया है।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि गोवा दुनियाभर के पर्यटकों का पसंदीदा गंतव्य स्थल है। गोवा की प्रगति और उसके नागरिकों की भलाई हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गोवा में ईसाई समुदाय और अन्य धर्मों के लोग एक साथ रहते हैं और यह 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि गोवा ने कई योजनाओं में संतृप्ति हासिल की है। जब संतृप्ति आती है तो भेदभाव समाप्त हो जाता है। जब संतृप्ति होती है, तो पूरा लाभ प्रत्येक लाभार्थी तक पहुंचता है। जब संतृप्ति होती है तो लोगों को अपना अधिकार पाने के लिए रिश्वत नहीं देनी पड़ती है। इसीलिए मैं बार-बार कहता हूं- संतृप्ति ही सच्ची धर्मनिरपेक्षता है। संतृप्ति ही सच्चा सामाजिक न्याय है। यह संतृप्ति गोवा और देश के लिए मोदी की गारंटी है।

मोदी ने कहा कि डबल इंजन सरकार गरीबों के कल्याण के लिए बड़ी योजनाएं चलाने के साथ-साथ बुनियादी ढांचे में रिकॉर्ड निवेश कर रही है। आपने देखा होगा कि देश में कितनी तेजी से सड़कों, रेल और हवाई अड्डों का विस्तार हो रहा है। इस साल के बजट में हमने इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 11 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि गोवा के अंदरूनी इलाकों में इको-टूरिज्म को बढ़ावा मिले। इसका फायदा सीधे उन इलाकों में रहने वाले लोगों को होगा। जब गोवा के गांवों में पर्यटक पहुंचेंगे तो वहां रोजगार के ज्यादा अवसर तैयार होंगे।

पीएम ने कहा कि भारत प्रकृति, संस्कृति और विरासत की दृष्टि से समृद्ध रहा है। दुनिया भर में लोग अलग-अलग देशों में अलग-अलग पर्यटन के लिए जाते हैं। भारत केवल एक वीजा पर विविध पर्यटन प्रदान करता है। हालाँकि, 2014 से पहले की सरकार ने पर्यटन की ओर कोई ध्यान नहीं दिया। उनके पास पर्यटन स्थलों, समुद्र तटों और द्वीपों के विकास के लिए कोई दृष्टिकोण नहीं था। उन्होंने कहा कि हम गोवा की फुटबॉल को नहीं भूल सकते। गोवा के फुटबॉल खिलाड़ी और फुटबॉल क्लब दुनिया भर में जाने जाते हैं। फुटबॉल में उनके अमूल्य योगदान के लिए हमारी सरकार ने ब्रह्मानंद संखवलकर को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया। आज हमारी सरकार खेलो इंडिया के माध्यम से गोवा में फुटबॉल और अन्य खेलों को प्रोत्साहित कर रही है।

## भारत-म्यांमार सीमा पर होगी फेंसिंग, मणिपुर में शुरू हो चुका है काम

अमन लेखनी समचार

**नई दिल्ली,** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि भारत में मुक्त आवाजाही को प्रतिबंधित करने के लिए भारत म्यांमार से लगी सीमा पर बाड़ लगाएगा। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब बड़ी संख्या में म्यांमार के सैनिक जातीय संघर्षों से बचने के लिए भारत की ओर भाग रहे हैं। अमित शाह ने साफ तौर पर कहा कि मोदी सरकार अभेद्य सीमाएँ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा कि सरकार ने पूरी 1643 किलोमीटर लंबी भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने का फैसला किया है। बेहतर निगरानी की सुविधा के लिए सीमा पर एक गश्ती ट्रैक भी बनाया जाएगा। शाह ने कहा कि सीमा की कुल लंबाई में से, मणिपुर के मोरेह में 10 किमी की दूरी पर पहले ही बाड़ लगाई जा चुकी है। इसके अलावा, हाइब्रिड सर्विलांस सिस्टम (एचएसएस) के माध्यम से बाड़ लगाने की दो पायलट परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि वे अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर में प्रत्येक 1 किमी की दूरी पर बाड़ लगाएंगे। इसके अतिरिक्त, मणिपुर में लगभग 20 किलोमीटर तक बाड़ लगाने के काम को भी मंजूरी दे दी गई है और काम जल्द ही शुरू हो जाएगा। पिछले तीन महीनों में म्यांमार सेना के लगभग 600 सैनिक भारत में घुस आए हैं। सरकारी सूत्रों ने कहा कि पश्चिमी म्यांमार राज्य रखाइन में एक जातीय सशस्त्र समूह अराकन आर्मी (एए) के उग्रवादियों द्वारा उनके शिविरों पर कब्जा करने के बाद उन्होंने मिजोरम के लांग्टलाई जिले में शरण ली। सीमा पर बाड़ लगाकर भारत दोनों देशों के बीच मुक्त आवाजाही व्यवस्था (एफएमआर) को खत्म कर देगा। सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को जल्द ही दूसरे देश में प्रवेश के लिए वीजा की आवश्यकता होगी।

## लाल कृष्ण आडवाणी से मिले शाह और नड्डा, भारत रत्न मिलने पर दी बधाई

अमन लेखनी समचार

**नई दिल्ली,** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज दिल्ली में बीजेपी के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी से उनके आवास पर मुलाकात की। दोनों नेताओं ने उन्हें भारत रत्न की घोषणा पर शुभकामनाएं दीं। अमित शाह ने एक्स पोस्ट में लिखा कि आदरणीय लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न मिलने की घोषणा के पश्चात आज उनसे भेंट कर शुभकामनाएँ दीं। आडवाणी जी ने देश की सांस्कृतिक विरासत, राजनीति और प्रगति में अमूल्य योगदान दिया है। उनके किये गए कार्य हम सब के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। शाह ने आगे लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आदरणीय आडवाणी जी को भारत रत्न देने का निर्णय लेकर उनके अथक संघर्षों और योगदान को सम्मानित करने का काम किया है। जेपी नड्डा ने अपने पोस्ट में लिखा कि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, हमारे आदर्श आदरणीय लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न दिए जाने के निर्णय उपरांत आज उनके आवास पर आत्मीय भेंट कर शुभकामनाएं दी। भारतीय लोकतंत्र व राजनीति को सशक्त, सूचितापूर्ण व श्रेष्ठ बनाने में आडवाणी जी का योगदान अविस्मरणीय है। नड्डा ने कहा कि राष्ट्रप्रेम व जनसेवा की प्रबल भावना का सृजन जन-जन में साकार करने के लिए किए गए उनके कार्य भाजपा के कोटिशः कार्यकताओं को सदैव प्रेरणा प्रदान करते हैं।

# मध्यप्रदेश के हरदा शहर में पटाखा कारखाने में आग लगने से 11 लोगों की मौत

## 200 घायल

अमन लेखनी समचार

हरदा। मध्यप्रदेश के हरदा शहर में मंगलवार को एक पटाखा कारखाने में विस्फोट के बाद आग लग गई, जिससे इसमें नौ लोगों की मौत हो गयी जबकि 200 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। घटना के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए, जिसमें घटनास्थल पर रुक-रुक कर हो रहे विस्फोटों के साथ आग लगने के बीच लोग खुद को बचाने के लिए भागते नजर आ रहे हैं। वीडियो में कारखाने से निकलते धुएं के घेरे गुबार दिखाई दे रहे हैं। यह घटना



प्रदेश की राजधानी भोपाल से लगभग 150 किलोमीटर दूर हरदा शहर के बाहरी इलाके मगरधा रोड पर बैरागढ़ में हुई। अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) गृह संजय दुबे ने बताया, हरदा घटना में अब तक नौ लोगों के मौत की खबर है और लगभग 200 अन्य घायल हुए हैं। घायल खतरे से बाहर हैं। अधिकारियों के अनुसार विस्फोट का कारण अभी तक पता नहीं चला है और आग पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं। घटना के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बैठक की और कहा कि बचाव कार्य के लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था के लिए सेना से संपर्क किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने हादसे में घायलों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा, मैंने संबंधित अधिकारियों से बात की और घटना का विवरण मांगा है। उन्होंने कहा कि घटना के बारे में केंद्र को सूचित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने हादसे में मरने वाले के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की। यादव ने कहा कि घायलों के उपचार का पूरा खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेश सरकार के मंत्री उदय प्रताप सिंह, अपर मुख्य सचिव अजीत केसरी और होमगार्ड के महानिदेशक अरविंद कुमार को हेलीकॉप्टर से हरदा पहुंचने का निर्देश दिया। अधिकारी ने बताया कि इंदौर, भोपाल के अस्पतालों और राज्य की राजधानी स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को आपात स्थिति के लिए आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है।

मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने कहा कि यादव ने घटना के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि हरदा हादसे में घायलों को तत्काल इलाज मुहैया कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आसपास के इलाकों से हरदा में एंबुलेंस भेजी जा रही हैं और हेलीकॉप्टर की व्यवस्था के लिए सेना से संपर्क किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि वह इस त्रासदी में लोगों की मौत से बेहद दुखी हैं और शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति संवेदना व्यक्त करती हैं।

# राज्यसभा में विभिन्न दलों के सदस्यों ने जल प्रदूषण को लेकर जतायी चिंता

अमन लेखनी समचार

नयी दिल्ली। राज्यसभा में मंगलवार को विभिन्न दलों के सदस्यों ने जल प्रदूषण को लेकर गहरी चिंता जताते हुए सरकार से इसे रोकने के लिए समुचित कदम उठाने का सुझाव दिया और कहा कि उद्योगों को अपनी जरूरतों के अनुसार पानी का प्रयोग करते समय यह ध्यान रखना चाहिए कि उसके माध्यम से जल संदूषण नहीं हो। उच्च सदन में जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) संशोधन विधेयक 2024 पर चर्चा के दौरान यह बात कही गयी। इससे पहले विधेयक को चर्चा एवं पारित करने के लिए पेश करते हुए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि यह विधेयक पर्यावरण की सुरक्षा करेगा।

उन्होंने कहा कि साथ ही इसमें उद्योगपतियों के लिए सजा के बजाय जुमार्ने का प्रावधान किया गया है और जुमार्ने की यह राशि पर्यावरण संरक्षण कोष में डाली जाएगी तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए खर्च की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस विधेयक में आपराधिक प्रावधानों को तर्कसंगत बनाने और यह सुनिश्चित करने का प्रस्ताव है कि नागरिक, व्यवसाय और कंपनियां मामूली, तकनीकी या प्रक्रियात्मक चूक के लिए कारावास की सजा के डर के बिना काम करें। विधेयक पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए भारतीय जनता पार्टी के डॉ लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने कहा कि उद्योगपतियों की मांग रही है कि उन्हें उद्योग लगाने में सुगमता हो और वे आसानी से काम कर सकें। यह विधेयक इसी दिशा में उठाया गया एक कदम है। उन्होंने कहा विधेयक में कारोबार की सुगमता को ध्यान में रखा गया है।

बाजपेयी ने कहा कि विधेयक के अनुसार, नियामक एजेंसी भी दबाव रहित होगी और आसानी से काम कर सकेगी। उन्होंने कहा कि विधेयक के अनुसार, केंद्र सरकार किसी भी उद्योग, संचालन या प्रक्रिया या उपचार और निपटान प्रणाली की स्थापना या नए या परिवर्तित संस्थान को उपयोग में लाने के लिए किसी भी राज्य बोर्ड द्वारा सहमति देने, इनकार करने या रद्द करने से संबंधित मामलों पर दिशानिर्देश जारी कर सकती है। तृणमूल कांग्रेस के जवाहर सरकार ने विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि विधेयक में खनन जैसे मुद्दे पर कुछ भी नहीं कहा गया है जबकि यह गंभीर मुद्दा है। उन्होंने कहा दबाव डालकर प्रशासन नहीं चलाया जा सकता।

उन्होंने कहा कि जो लोग नियमों का उल्लंघन करते हैं, उन पर इस विधेयक से कोई रोक नहीं लग पाएगी। उन्होंने कहा कि यह विधेयक हर बात को केंद्रीयकृत करने की प्रवृत्ति का ही हिस्सा है। बीजू जनता दल की सुलता देव ने कहा कि सरकार को इस बारे में भी उपाय करना चाहिए कि हमारा पेयजल संदूषित न होने पाए। उन्होंने मांग की कि इसके लिए सरकार को एक समिति बनानी चाहिए और उसमें विशेषज्ञों को शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उद्योगों में पानी की खपत की जाती है अतः सरकार को यह पता लगाना चाहिए कि उन्हें वास्तव में कितने पानी की जरूरत है और वे कितना पानी ले रहे हैं। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि पानी व्यर्थ न जाने पाए। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के सुभाषचंद्र बोस पिल्ली ने कहा कि पानी में आर्सेनिक का संदूषण चिंताजनक है और कई रिहायशी इलाकों में पीने का साफ पानी नहीं मिल पा रहा है। भाकपा (एम) के डॉ वी शिवदासान ने कहा कि पानी जीवन की अत्यंत महत्वपूर्ण जरूरत है और इसका समुचित प्रबंधन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि केरल ने यह कर दिखाया है और अन्य राज्य भी जल के समुचित प्रबंधन के लिए केरल का अनुसरण कर सकते हैं।

## हमारी सरकार की नींव है सुशासन - मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे

अमन लेखनी समचार

मुंबई। सुशासन हमारी सरकार की नींव है. सरकार को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए सुशासन सूचकांक जैसे उपक्रम महत्वपूर्ण होनेवाले है. जिला सुशासन सूचकांक के कारण जिलों में समग्र विकास के लिए प्रतिस्पर्धात्मक माहौल तैयार करेगा. इससे राज्य के सभी जिलों के समान विकास को बढ़ावा मिलेगा. प्रत्येक जिला प्रशासन को इस सूचकांक में अच्छा प्रदर्शन करके प्रशासन को अधिक जनोन्मुख बनाने के लिए विशेष प्रयास करना चाहिए, ऐसी अपील मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने की. मुंबई के सह्याद्री अतिथिगृह में वर्ष 2023-24 के लिए राज्य की सुशासन रिपोर्ट मुख्यमंत्री द्वारा जारी की गई. इस अवसर पर सामान्य प्रशासन विभाग की अपर मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, केन्द्रीय कार्मिक मंत्रालय के संयुक्त सचिव एनबीएस राजपूत सहित सभी विभागीय आयुक्त, जिलाधिकारी एवं सुशासन समिति के पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से उपस्थित थे. इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री शिंदे ने कहा कि सरकार और जनता के बीच दूरियां कम करने के लिए इस तरह की गतिविधियां जरूरी हैं.

# बीजेपी का केजरीवाल पर निशाना

## कुछ लोगों ने दिल्ली को वेंटिलेटर पर डाल दिया है : मीनाक्षी

अमन लेखनी समचार

केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने मंगलवार को दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार पर निशाना साधते हुए उस पर भ्रष्टाचार का भूखा और लालची होने का आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री ने बड़ा हमला करते हुए कहा कि दिल्ली के गवर्नेंस मॉडल को वेंटीलेटर पर डाल दिया गया है। दिल्ली की आबकारी नीति सबसे बड़ा घोटाला है जिसके बारे में कोई सोच सकता है। लेकिन सीएम दिल्ली शराब घोटाले पर ईडी के समन का जवाब देने से बच रहे हैं तो एक और घोटाला सामने आ गया और वह घोटाला हुआ दिल्ली जल बोर्ड घोटाला।



लेखी का हमला उस दिन हुआ है जब प्रवर्तन निदेशालय ने डीजेबी टेंडरिंग प्रक्रिया में 'अनियमितताओं' से उत्पन्न रिश्वत के आरोपों की जांच के तहत केजरीवाल के निजी सहायक विभव कुमार और अन्य के परिसरों की तलाशी ली। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भ्रष्टाचार व ड्रामा घनघोर है और प्रबंधन की व्यवस्थाएं कमजोर हैं। इसका एक दृश्य कल दिल्ली कोर्ट में देखने को मिला। कोर्ट ने कहा कि 3 करोड़ की आबादी पर 6 सीटी स्कैन की मशीनें हैं और जब एफिडेविट की जांच की गई तो एफिडेविट झूठा पाया गया। खुद को ईमानदार बताकर सत्ता में आए लोग आज भ्रष्टाचार की परिभाषा बन गए हैं।

मीनाक्षी लेखी ने कहा कि एऊ के पांच समन आने के बाद भी केजरीवाल एऊ के सामने पेश नहीं हुए। ED का आंकलन है कि शराब घोटाले में 2 से 2.5 हजार करोड़ रुपये देश के चुराए गए हैं। अभी इस पर चर्चा ही चल रही थी कि अब जल बोर्ड और हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर में घोटाला सामने आया है। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की जा रही छापेमारी के तहत एजेंसी के अधिकारियों ने राष्ट्रीय राजधानी में लगभग 10-12 परिसरों को कवर किया था। मंत्री ने कहा, दिल्ली सरकार को केवल प्रचार की चिंता है। वे किसी भी कीमत पर सत्ता में बने रहने के भूखे हैं। वे भ्रष्टाचार के भूखे और लालची हैं।

# अखिलेश यादव के नेतृत्व को मजबूत करने का लिया संकल्प

अमन लेखनी समचार

**लखनऊ,** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर रायबरेली जनपद में पीडीए जन पंचायत पखवाड़ा मनाने में कार्यकर्ता, पदाधिकारी तो जुड़े ही क्षेत्रवासी जनता भी उसमें उत्साहपूर्वक भाग लेती दिख रही है। पार्टी की बैठकों में अखिलेश यादव के नेतृत्व को मजबूत करने का संकल्प भी लिया गया। पी॰डी॰ए॰ पखवाड़ा में विधानसभा सलोन के पारी पहाड़गढ़, रेवली एवं नुरुद्दीनपुर सेक्टरों तथा बनी एवं नसीराबाद में आयोजित जनपंचायतों को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि सलोन विधानसभा में गरीबों पिछड़ों दलितों अल्पसंख्यकों किसानों मजदूरों की भलाई के लिए सपा सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी के द्वारा अनेक कार्य हुए परन्तु जबसे भाजपा सरकार आयी है सलोन का विकास अवरुद्ध हो गया है। वर्तमान में पिछड़ों दलितों अल्पसंख्यकों की एकता ही भाजपा को सत्ता से बाहर करेगी। इस अवसर पर पूर्व प्रत्याशी सुरेश निर्मल, विधानसभा अध्यक्ष पुत्तन सिंह यादव, ब्लाक अध्यक्ष भीम सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष



सुरेंद्र यादव, स. छात्र सभा अध्यक्ष शुभम लोहिया, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष रामचन्द्र यादव, भूपेन्द्र सिंह, लवकुश मौर्य, विनय यादव शिवमूर्ति सिंह राना, सादिक एवं सगीर अहमद ने भी लोगों को पीडीए के विषय में विस्तार से बताया। रायबरेली सदर विधानसभा के बेला घुसीसी एवं देवंदापुर में पी॰डी॰ए॰ जनपंचायतों को सम्बोधित करते हुए जिला महासचिव अरशद खान ने कहा कि भाजपा सरकार में सपा कार्यकताओं को चिन्हित कर परेशान किया जा रहा। उत्पीड़न कर पुलिस अवैध वसूली कर रही है। इस अवसर पर योगेश्वर पटेल विधानसभा अध्यक्ष, आशुतोष यादव ब्लाक अध्यक्ष, जितेन्द्र यादव, हरिकेश बहादुर आदि ने भी विचार व्यक्त किया। हरचंदपुर विधानसभा के जोहवा एवं अघौरा में पी॰डी॰ए॰ पखवाड़ा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृपाशंकर यादव, विधानसभा अध्यक्ष राकेश यादव, लक्ष्मण निषाद, विमलेश कुमार के सहयोग से मनाया गया। बछरावाँ विधानसभा के थुलवाँसा एवं महराजगंज में पी॰डी॰ए॰ जनपंचायतों को विधायक श्याम सुंदर भारती ने संबोधित किया उन्होने कहा कि पी॰डी॰ए॰ की एकता को देख भाजपा व्याकुल है इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मुनेश्वर पासी, जिला सचिव शकील मंसूरी, वीरेन्द्र बहादुर, समरबहादुर, फिरोज अहमद आदि ने भी विचार व्यक्त किया। रायबरेली सदर के स्वराजनगर सेक्टर में पी॰डी॰ए॰ जनपंचायत को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि रायबरेली पुलिस गरीबों पिछड़ों अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न कर रही है भाजपा के सत्तापोषित अपराधी छोटे ठेकेदारों को मारापीटा जा रहा पुलिसकर्मी मूकदर्शक बने हुए है। शहर में अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को बेवजह कोतवाली में बैठाकर अपमानित करके धन की वसूली की जा रही है। भाजपा का उत्पात रोकने के लिए पीडीए की एकता जरूरी है। कार्यक्रम को मुख्य रूप से अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आफताब अहमद, जिला उपाध्यक्ष हसीन अहमद, बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव विनायक सोनकर, व्यापार सभा जिलाअध्यक्ष संदीप शुक्ला, जिला सचिव अरुण यादव, वरिष्ठ नेता नैय्यर इस्लाम ने भी सम्बोधित किया। हरचंदपुर विधानसभा के केलौली एवं बरौवा में आयोजित जनपंचायतों में विधानसभा अध्यक्ष राकेश यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृपा शंकर यादव, सेक्टर प्रभारी रज्जनलाल, कृष्ण कुमार यादव, सेक्टर प्रभारी पवन पासवान, सोसल मीडिया प्रभारी शिव सिंह ने कहा की किसान मजदूर बेरोजगार महिलाओं का सम्मान सिर्फ.पी॰डी॰ए॰ की एकजुटता में ही सम्भव है। सरेनी विधानसभा के गहरौली, सरेनी, रनगाँव एवं घुरवारा सेक्टरों में जनपंचायतें सेक्टर प्रभारी समरेंद्र बहादुर यादव, जिला सचिव अविनाश कुमार, सेक्टर प्रभारी अजय यादव एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य धर्मेन्द्र धाकड़, ब्लाक अध्यक्ष अंजय मिश्रा ने आयोजित की

## कुल्हाड़ी मारकर घायल करने के साथ ही जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। सरोजनीनगर के दरोगा खेड़ा निवासी विनोद कुमार ने अखिलेश कुमार गौतम और महेश प्रसाद के खिलाफ गाली गलौज करने के साथ कुल्हाड़ी मारकर घायल करने के अलावा जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। विनोद का कहना है कि वह सोमवार रात करीब 8 बजे विकास कुमार के घर एक समारोह में खाना खाने गया था। तभी शराब के नशे में धुत अखिलेश कुमार गौतम वहाँ पहुंचा और गाली गलौज करने लगा। आरोप है कि मना करने पर भी गाली गलौज करता रहा और कुल्हाड़ी ले आया। जिससे विनोद के ऊपर हमला कर दिया। इस हमले से विनोद के सिर में गहरी चोट आई है। आरोप है कि आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। विनोद ने आरोप लगाया कि अखिलेश के परिवार के महेश प्रसाद ने भी उससे गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस विनोद की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## जमीन कब्जाने गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। सरोजनीनगर के जयराजपुरी कॉलोनी हाइडिल निवासी निर्भय सिंह ने रवीन्द्र सिंह, रामशरन सिंह, ब्रजकिशोर सिंह, पप्पू और जय सिंह के खिलाफ जमीन कब्जाने, गाली गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। निर्भय का कहना है कि उसके बाबा शीतला बक्श सिंह के नाम दर्ज उसकी जमीन खसरा संख्या -1647 रकबा लगभग ढाई बीघा अमौसी में स्थित है। जमीन के कुल रकबे के 12 हिस्सेदार हैं। निर्भय का कहना है कि हिस्सेदार रवीन्द्र सिंह, रामशरन सिंह, ब्रजकिशोर सिंह, पप्पू और जय सिंह ने अपने हिस्से के साथ-साथ पूरी जमीन पर कब्जा कर बेच दिया है। निर्भय का आरोप है कि यह लोग अमौसी में ही स्थित उसकी अन्य जमीन खसरा संख्या 1763, 1891, 1892, 1897, 1909ख, 1911, 2326 और 1909क पर भी कब्जा करने की नियत बनाए हैं। निर्भय का कहना है कि जब वह अपनी जमीन पर जाता है तो यह सभी आरोपी गाली गलौज कर उसे वहां से धमकाते हुए भगाने के साथ ही जान से मारने की धमकी भी देते हैं। फिलहाल इस मामले में सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## बुजुर्ग की मौत के मामले में ट्रक व चालक पर मुकदमा दर्ज

लखनऊ ।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के भागूखेड़ा निवासी शाशिकान्त ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया उसके पिता बुद्धीलाल 31जनवरी को खटोला चौराहे के निजी अस्पताल ?में दवा लेगे गये थे दवा लेकर पैदल ही घर वापस आ रहे थे तभी भागूखेड़ा के पास तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने पिता को जोरदार टक्कर मार दी, दुर्घटना में पिता की मौके पर मौत हो गयी ।सूचबा के बाद मौके पर पहुंची पुलिस शव का पीएम भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया था ।वही दुर्घटना करने वाले ट्रक व चालक को कब्जे में ले लिया था ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित की तहरीर पर दुर्घटना करने वाले ट्रक व चालक पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

## बाइको में आमने-सामने भिड़न्त, दो की हालत गम्भीर

लखनऊ ।निगोहाँ थाना क्षेत्र के नगराम मोड़ के पास मगंलवार को दो बाइको में आमने-सामने भिड़न्त हो गयी ।दुर्घटना में बाइक सवार दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गयें ।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलो को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी बछरावा भेजा। रायबरेली जनपद के सरेनी गांव निवासी वीरेंद्र सिंह मंगलवार शाम एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाइक से लखनऊ जा रहा था जैसे ही बाइक व रोहित निवासी मीरखनगर थाना निगोहां की बाइक में आमने-सामने जोरदार टक्कर हों गई ।दुर्घटना में दोनो बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गये। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायल वीरेंद्र को सीएचसी बछरावां भेजा जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जबकि घायल रोहित को उसके परिवारीजइलाज के लिये निजी अस्पताल लेकर गये ।पुलिस ने दुर्घटना ग्रस्त दोनो बाइको को कब्जे में ले लिया है।

# जंगली सुअर का आतंक, तीन लोगों पर हमला, एक की हालत गंभीर

## सूअर की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मंगलवार को अलग-अलग जगहों पर शौचं के लिए गए युवकों पर जंगली सूअर ने हमला कर घायल कर दिया है। जिसे परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां एक की हालत गंभीर बनी हुई है। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खड्सरा मजरा बलदेव खेड़ा निवासी शानू (20) व उसी बगल के गावं गदिया खेड़ा निवासी सुशील (28) मंगलवार तड़के सुबह शौचं करने गावं के किनारे बागों में गए थे। बाग के किनारे शौचं के लिए बैठा ही था की पीछे से जंगली सूअर ने हमला कर दिया। चीख


घायल अवस्था मे लेटा शानू


घायल अवस्था में राजकुमार

सुनकर जानवरों के लिये चारा लाने गए लोग उसे बचाने के लिए दौड़े। तब तक जंगली सूअर ने उसे घायल कर लहू लहान कर दिया। उन्हें 108 एम्बुलेंस की मदद से माल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहीं शानू के जांघ और पैर में गंभीर चोंटे पहुंची है। वहीं रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुड़ियारा निवासी राजकुमार (35) शौचं के लिए गांव के किनारे स्थित डॉ. दिनेश के बाग में अपने दोस्त अभिषेक के साथ गया था। तभी जंगली सूअर ने पीछे से हमला कर दिया राजकुमार के शोर मचाने की आवाज सुनकर अभिषेक ने देखा कि जंगली सूअर उसे बुरी तरह से नोच रहा है। अभिषेक ने जोर-जोर से शोर मचाना शुरू किया तो वह मौके से भाग निकला सूअर के हमले से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके हाथ और शरीर के कई हिस्सो में गंभीर चोट पहुंची है। जिसे ग्रामीणों परिजनों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलिहाबाद पहुंचाया गया जहां उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। घटना के बाद से जंगली सूअर के भय से इलाके में दहशत व्याप्त है जंगली सूअर के डर से शाम ढलते ही लोग घरों में कैद हो गए बच्चों का घर से निकलना बंद कर दिया है। क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए दहशत का पर्याय बना जंगली सूअर। घटना की जानकारी होने पर वन विभाग के न पहुंचने पर ग्रामीणों में भारी आक्रोश। इस संबंध में वन रेंजर आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है जल्द ही जंगली सूअर को पकड़वाने के लिए टीमें भेज कर उसे पकड़वाया जाएगा।

## बंद मकान का ताला तोड़ चोरों ने पार की ज्वैलरी व नगदी, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में घूम रहे बेखौफ चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बना घर की अलमारी से ज्वैलरी व नगदी चोरी कर फरार हो गए। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित इन्द्रपुरी निवासी लाल जीत पुत्र स्व0 तुलाराम के अनुसार वह मुख्य चिकित्सा अधिकारी औरैया के कार्यालय में वरिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत है। बीते 01 फरवरी को शाम करीब 6.30 बजे उनके भाई अशोक कुमार प्रियदर्शी ने घर का गेट खुला देख उन्हें फोन पर चोरी की जानकारी दी। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने पुलिस को कन्ट्रोल नम्बर पर सूचना दे। आनन फानन में घर पहुँच पुलिस को लिखित शिकायत की। पुलिस ने मौके मुआयना कर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

## बैंक में महिला की पर्स से चोरों ने लाखों रुपये किया पार

लखनऊ। मानक नगर थाना क्षेत्र में संचालित एक निजी बैंक से पैसा निकालने गई महिला की पर्स से चोरों ने लाखों रुपये पार कर दिया। मानक नगर थाना प्रभारी शिव मंगल सिंह ने बताया कि कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित इन्द्रपुरी कालौनी निवासी उर्मिला पत्नी महाराज दीन यादव के अनुसार वह अपनी पुत्री रीना व ज्योति के साथ बीते शुक्रवार को थाना क्षेत्र स्थित ताल कटोरा रोड सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया बैंक में रुपये निकालने गयी थी। उस दौरान उन्होंने बैंक से 1 लाख 20 हजार रुपए निकलकर अपनी पर्स में रखा था। आरोप है कि उसी दौरान उनकी पुत्री पासबुक में मशीन से इन्ट्री कराने लगी। इसी बीच किसी ने मौके का फायदा उठा उनकी पर्स मे रक्खे 1 लाख 20 हजार रुपए पर्स खोलकर चोरी कर लिया। बैंक में लगे सी.सी.टीवी कैमरे में में दो महिला रुपए चोरी करते दिखी है। चोरी की जानकारी होने पर उन्होंने स्थानीय मानक नगर थाने में पुलिस से शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीडिता की शिकायत पर चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

## तेज रफ्तार एंबुलेंस की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। सरोजनीनगर इलाके में सोमवार रात एक तेज रफ्तार एंबुलेंस की टक्कर से साइकिल सवार ई रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस की मदद से उसे ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान इसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।जानकारी के मुताबिक मूलरूप से गोंडा का रहने वाला ननकऊ (65) सरोजनीनगर में दरोगा खेड़ा स्थित काशीराम कॉलोनी में पत्नी शिवमती के साथ रहकर ई रिक्शा चलाता था। बताते हैं कि सोमवार रात ई रिक्शा खड़ा करके साइकल से घर वापस लौट रहा था। तभी सरोजनीनगर में गौरी बाजार के पास अज्ञात एंबुलेंस चालक ने लापरवाही से चलते हुए पीछे से साइकल में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस की मदद से इलाज के लिए उन्हें ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया। जहाँ ट्रामा में ननकऊ को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# रामलला का दर्शन कर भावविभोर हो गया अरुणाचल प्रदेश का मंत्रिमंडल

### उत्तर प्रदेश की अतिथि देवो भव की परंपरा से हुए आह्लादित

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ/अयोध्या। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रीराम जन्मभूमि पर मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश मंत्रिमंडल के सदस्यगण पहुंचे। संकटमोचन हनुमान के दिन मंगलवार को श्रीरामलला के दर्शन कर पूरा मंत्रिमंडल भावविभोर हो गया। अरुणाचल प्रदेश का पहला राजनीतिक प्रतिनिधिमंडल है, जिसने प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत श्रीरामलला का दर्शन-पूजन किया। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू कैबिनेट मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों के साथ राम मंदिर में दर्शन करने मंगलवार को अयोध्या पहुंचे। सबसे पहले महर्षि वाल्मिकी हवाई अड्डे पर उन्हें गार्ड ऑफ आनर दिया गया। उत्तर प्रदेश की अतिथि देवो भव की परंपरा देख सभी आगंतुक भावविभोर हो गए। दर्शन के उपरांत प्रतिनिधिमंडल अरुणाचल प्रदेश के लिए रवाना भी हो गया।



योगी सरकार के कृषि व अयोध्या के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पेमा खांडू व उनके कैबिनेट मंत्रियों, विधायकों, अधिकारियों को माला पहनाया, अंगवस्त्र भेंट किया और माथे पर तिलक लगाकर स्वागत किया। सांस्कृतिक मंच के कलाकारों ने उनके स्वागत में लोकनृत्य की प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अरुणाचल प्रदेश से आए अतिथियों की सुरक्षा व्यवस्था के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे।

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने बताया कि उनके कैबिनेट सहयोगियों, विधायकों और अधिकारियों सहित 70 लोगों का प्रतिनिधिमंडल राम मंदिर दर्शन करने आया है। सीएम पेमा खांडू ने कहा कि मैं दो साल पहले भी अयोध्या आया था, जब श्री राम मंदिर का निर्माण चल रहा था। बहुत उत्साहित हूं कि राम मंदिर बन गया है और मैं दर्शन करने आया हूं। उन्होंने बताया कि अयोध्या में अरुणाचल भवन निर्माण कराए जाने को लेकर हमने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। 500 वर्षों बाद राम मंदिर बनकर तैयार हो गया है, यह देश के लिए बड़े गर्व की बात है। अब रामराज भी आ गया है। देश विकास की नई गाथा लिखेगा।

## नौनिहालों के भोजन सामग्री को भी नहीं छोड़ रहे चोर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अज्ञात चोरों ने बीती रात ग्राम नई बस्ती धनेवा में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में खिड़की को फैला कर उसमें रखी खाद्य सामग्री चोरी कर लिया और फरार हो गए। आंगनबाड़ी वर्कर ने मंगलवार सुबह आंगनबाड़ी केंद्र में आकर देखा तो केंद्र के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। इस घटना की लिखित तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नई बस्ती धनेवा में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र को चोरों ने निशाना बनाते हुये नौनिहालों के लिए उसमें रखी खाद्य सामग्री 31 पैकेट दरिया 1 किलो वाले, 46 पैकेट दाल 1 किलो वाले, 35 पैकेट दरिया 500 ग्राम वाले, 35 पैकेट दाल 500 ग्राम वाले, 20 पैकेट रिफाइंड 400 ग्राम वाले बच्चों के लिए रखें थे. जिसे अज्ञात शातिर चोरों ने चोरी कर फरार हो गए। उक्त आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यरत सावित्री देवी ने थाने पर लिखित तहरीर देकर आज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## लूट की घटना में तीसरे दिन भी नहीं दर्ज किया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।मोहनलालगंज में बीते रविवार को बिजली ठेकेदार शैलेन्द्र यादव व साथी सतेन्द्र यादव से चाकू की नोक पर बाइक सवार नकाबपोश बदमाशो द्वारा 15हजार 500रुपए व मोबाइल लूट की घटना में लापरवाह बनी मोहनलालगंज पुलिस ने घटना के तीसरे दिन भी मुकदमा नही दर्ज किया ।पीड़ित शैलेन्द्र यादव का आरोप है पुलिस ने कार्यवाही की बजाय उल्टा नशे में पैसे व मोबाइल कही गिराने की बात कहकर उसे डपट कर चलता कर दिया, जब कि वो पुलिस से खून पसीने के गाढी कमाई के पैसे व मोबाइल लूटने की बात कहते हुये घटना करने वाले अज्ञात नकाबपोश बदमाशो पर कार्यवाही किये जाने की मांग पर अड़ा रहा ।पीड़ित का आरोप है मगंलवार को भी पूरे दिन थाने बुलाकर बैठाने के बाद जांच चलने की बात कहकर बिना मुकदमा दर्ज किये उसे पुलिस ने चलता कर दिया ।पुलिस की कार्यशैली से नाराज पीड़ित बिजली ठेकेदार शैलेन्द्र यादव ने पूरे मामले में पुलिस कमिश्नर व डीसीपी दक्षिणी से शिकायत कर कार्यवाही की मांग किये जाने की बात कही है ।हालाकि पुलिस अभी भी लूट ना होने का राग अलाप रही हैं ।ज्ञात हो मोहनलालगंज के छिबऊखेड़ा गांव निवासी बिजली ठेकेदार शैलेन्द्र यादव बीते रविवार की रात अपने साथी सतेन्द्र यादव के साथ बाजार से बाइक से वापस घर जा रहा था तभी बारिश तेज होने पर मऊ पुलिया पर एक बंद होटल पर रूक गया ओर बारिश बंद होने का इन्तजार करने लगा, तभी बाइक से आये दो अज्ञात नकाबपोश बदमाशो ने धारदार चाकू बिजली ठेकेदार के गले में लगा दिया तभी दूसरे बदमाश उसकी जेब में पड़े 14हजार रुपए, मोबाइल फोन समेत बाइक की चाभी व साथी सतेन्द्र यादव की जेब में पड़े 15सौ रुपए छीनने के बाद बाइक पर सवार होकर हुलासखेड़ा गांव जाने वाली नहर पुलिया की तरफ भाग निकले थी ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित बिजली ठेकेदार द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है, लूट की घटना की पुष्टि नही हो पा रही हैं।

# अर्जुनगंज सेक्टर में पीडीए पंचायत पखवाड़ा कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

**सरोजनीनगर लखनऊ**-समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी के आवाहन पर 26 जनवरी से लगातार पूरे प्रदेश की विधानसभाओं में पीडीए पंचायत पखवाड़ा कार्यक्रम मनाया जा रहा है। इसी क्रम के अंतर्गत मंगलवार को विधानसभा सरोजिनी नगर के अर्जुनगंज सेक्टर में पीडीए पंचायत पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व पार्षद प्रत्याशी शांति यादव, कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव ने एवं संचालन पार्षद सुनील रावत ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व लोकसभा प्रत्याशी एवं सपा प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा ने बताया की आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव




में बूथ अध्यक्षों की बड़ी जिम्मेदारी है ।बूथ अध्यक्षों को अपने बूथों पर सर्व समाज के लोगों के घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों से अवगत कराते हुए पार्टी से जुड़ने की अपील करें। अपने बूथों पर पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों को अपने अधिकारो के प्रति जागरुक करते हुए यह बताना है कि किस तरह से मौजूदा सरकार हमारे संविधान और अधिकारों को खत्म करना चाहती हैं। वहीं जिला अध्यक्ष जय सिंह जयंत ने आए हुए सेक्टर व बूथ प्रभारियों से बताया कि बूथ अध्यक्ष पार्टी की रीढ़ की हड्डी होता है। बूथ मजबूत होने पर ही पार्टी मजबूत हो सकती है, इसलिए सभी लोग अपने बूथों पर नए जुड़े वोटरों से मिलकर उनको पार्टी की नीतियां बताते हुए जोड़ने का प्रयास करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिले के निवर्तमान महासचिव शब्बीर खान ने अपने संबोधन में कहा कि देश में अराजकता का माहौल है। सड़कों पर बेटियां सुरक्षित नहीं है। बेरोजगारी की वजह से दिनदहाड़े लूट की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। स्वास्थ्य सेवाएं जर्जर हो चुकी हैं, लोगों को समय से इलाज न मिलने के कारण अपनी जान गवानी पड़ रही है। कार्यक्रम के इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ज्ञान सिंह यादव, पूर्व उपाध्यक्ष भरत यादव, सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शरद सरन सिंह, राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा अमित कुमार दुबे शशिलेन्द्र यादव, व्यापार सभा के संजय यादव, शिवम यादव गोलू, रश्मि कनौजिया, राधा रावत, शिल्पी मौर्य सहित सैकड़ो महिलाएं एवं पुरुष मौजूद रहे।

## बंद मकान में घुस चोरी करने के दो चोर चोरी किये माल के साथ गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। आशियाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में एक मकान में घुस चोरी करने के मामले में दो चोरों को चोरी के माल संग गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर पकड़े गए चोरों को चोरी की धारा में दर्ज मुकदमे के तहत कारवाई कर जेल भेज दिया है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि पुलिस पूछताछ में पकड़े गए चोरों ने अपना परिचय सर्वेश कुमार रावत पुत्र स्व० भोला प्रसाद देवपुर पारा थाना पारा लखनऊ निवासी व दूसरे ने परिचय रोहित उर्फ चिक्का पुत्र रामदीन कल्लीपूरब घाग, रायबरेली रोड थाना मोहनलालगंज लखनऊ निवासी के रूप में दिया है ।पकड़े गए चोरों की निशानदेही पर चोरी का माल 5070 रुपए सहित एक जोड़ा कान की झुमकी, एक अगूठी, दो मंगलसूत्र, एक जोड़ी कनौती, गले का हार, एक



काले मोतियों की माला बिना लाकेट का, एक जोड़ी कान की लटकन बरामद बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर में एक बंद मकान में घुस ताला तोड़कर 31,00,000 रुपए की नकदी समेत ज्वैलरी चोरी गई थी। पीड़ित की शिकायत पर चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है ।माल की बरामदगी के आधार पर पकड़े गए चोरों को थाने में दर्ज मुकदमे के तहत कारवाई कर जेल भेज दिया गया है। पकड़े गए चोरों के अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

# पढ़ाई के साथ-साथ महिलाओं को सिलाई, व्यूटीशियन, कम्प्यूटर का प्रशिक्षण भी लेना चाहिए : रीना त्रिपाठी

### सहयोग परिवार व प्रेस क्लब सरोजनीनगर द्वारा नारीशक्ति वंदन एवं महिला स्वाच्छता विषयक संगोष्ठी का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर-लखनऊ। समाजसेविका एवं शिक्षिका रीना त्रिपाठी ने कहा कि चौका-चूल्हा तक सीमित रहने वाली आधी आबादी अब देश के सर्वांगीण विकास में अपना योगदान दे रही है। लेकिन अभी कामकाजी महिलाओं की संख्या काफी कम है। महिलाओं को चाहिए कि वह आत्मनिर्भर बन समाज में अपना स्थान स्थापित करे। श्रीमती त्रिपाठी मंगलवार को सहयोग परिवार व प्रेस क्लब सरोजनीनगर के संयुक्त



तत्वाधान मे नारीशक्ति वंदन एवं महिला स्वाच्छता विषय पर आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित कर रही थी।

इस मौके पर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं बनाई हैं। केंद्र व प्रदेश की सरकार महिला सम्मान व स्वाभिमान के लिए समर्पित है। सरकार की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुमंगला योजना, पीएम मातृ वंदना योजना, आवास, उज्जवला, सामूहिक विवाह जैसी कई योजनाओं के माध्यम से महिलाएं को सशक्त बनाया जा रहा। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ महिलाओं को सिलाई, व्यूटीशियन, कम्प्यूटर का प्रशिक्षण भी लेना चाहिए। श्रीमती त्रिपाठी ने इस मौके मौजूद युवितयों को शिक्षा, कार्य क्षेत्र, राजनीति, समाज सेवा स्वरोजगार को लेकर मार्गदर्शन किया। इस मौके पर प्रेस क्लब एवं सहयोग परिवार के अध्यक्ष राज किशोर पासी ने कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा सभी क्षेत्रों आरक्षण दिया जा रहा है। लेकिन महिलाओं के शिक्षित न होने के चलते उनके अधिकारों का पुरूष समाज ही उपयोग करता है। कई क्षेत्रों में महिला आरक्षण बेमतलब ही साबित हो रहा है।

इस मौके पर प्रेस क्बल के अध्यक्ष राज किशोर पासी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजन पाण्डेय, उपाध्यक्ष प्रदीप यादव, महामंत्री राकेश यादव, मीडिया प्रभारी पवन तिवारी, संगठनमंत्री मुकेश कुमार, सचिव अनवर कुरैशी, सह सचिव मिथलेश कुमार, सह संगठनमंत्री रामबाबू सोनी, सदस्य इदरीश खान, सुरेन्द्र यादव, इन्द्रेश यादव, राहुल तिवारी, अर्जुन सिंह, विनय मिश्रा, एके दुबे व रेहान खान मौजूद रहे।

## नौनिहालों के भोजन सामग्री को भी नहीं छोड़ रहे शातिर चोर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अज्ञात चोरों ने बीती रात ग्राम नई बस्ती धनेवा में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में खिड़की को फैला कर उसमें रखी खाद्य सामग्री चोरी कर लिया और फरार हो गए आंगनबाड़ी वर्कर ने मंगलवार सुबह आंगनबाड़ी केंद्र में आकर देखा तो केंद्र के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। इस घटना की लिखित तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नई बस्ती धनेवा में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र को चोरों ने निशाना बनाते हुये नौनिहालों के लिए उसमें रखी खाद्य सामग्री 31 पैकेट दरिया 1 किलो वाले, 46 पैकेट दाल 1 किलो वाले, 35 पैकेट दरिया 500 ग्राम



वाले, 35 पैकेट दाल 500 ग्राम वाले, 20 पैकेट रिफाइंड 400 ग्राम वाले बच्चों के लिए रखें थे. जिसे अज्ञात शातिर चोरों ने चोरी कर फरार हो गए। उक्त आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यरत सावित्री देवी ने थाने पर लिखित तहरीर देकर आज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## हैकरों ने क्रेडिट कार्ड सर्विस बन्द होने का झांसा दे उड़ाए लाखों रुपए

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाले युवक को साइबर हैकरों ने क्रेडिट कार्ड सर्विस बन्द होने का झांसा दे लिंक कई बार में खाते से लाखों रुपए पार कर दिया। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित बरिगवां एलडीए कालोनी निवासी राणा प्रताप वर्मा ने बताया कि उनके पास आईसीआईसीआई बैंक का क्रेडिट कार्ड है। बीते 9 जनवरी को कालर ने फोन काल कर आनलाइन माध्यम से सर्विस बन्द करने का लिंक आईसी आईसी आई क्रेडिट कार्ड ऐप भेज लिंक डाउनलोड करते ही मोबाइल एप द्वारा तीन बार में खाते से 9645.28, 19798.21, 350489 रुपए का ट्रान्जेक्सन कर पार दिया। जानकारी होने पर उन्होंने साइबर सेल सहित स्थानीय थाने में पुलिस से शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## संक्षेप

### बेरहमी से युवक उतारा गया मौत के घाट, पीएम में हुई पुष्टि

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बीते गुरूवार को बैराज मार्ग पर एक अज्ञात युवक का शव मिला था। शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव को उन्नाव मक्युर्री में रखवाया था। जहां उसका पीएम हुआ। पीएम में युवक की बेरहमी से हत्या होने की पुष्टि हुई है। पुलिस अभी तक मृतक की शिनाख्त तक नहीं कर पाई है, जिससे कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बैराज मार्ग पर 1 फरवरी को 45 वर्षीय अज्ञात युवक का शव वहां के लोगों ने पड़ा देखा था। जिसकी जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त न होने पर शव को उन्नाव मक्युर्री में रखवाया है। जहां शव का पीएम कराया गया। पीएम में युवक की बेरहमी से हत्या की गई। जहां हत्यारों ने युवक के मुंह में बालू भर दी थी इतना ही नहीं गर्दन दबाकर उसे मौत के घाट उतार दिया। पीएम रिपोर्ट में गले की आठ हड्डी टूटी मिली। पूरे शरीर में आठ चोटों के निशान पाये गये। वहीं गंगाघाट कोतवाली पुलिस उसकी शिनाख्त के लिये एक्टिव मोबाइल फोन के अलावा आस पास के थानों में गश्ती भेजकर पहचान कराने का प्रयास कर रही है लेकिन मृतक की 5 दिन बीतने के बाद भी शिनाख्त नहीं हो सकी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला नवविवाहिता का शव

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। नवविवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी पर पहुंचे पिता ने पति और ससुरालीजनों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर बेटी को मार कर फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है।

आसीवन थाना क्षेत्र के पटकापुर गांव के रहने वाले रफ्खार के बेटे जब्बाद की 29 नवंबर 2023 को शहर के दोस्तीनगर गांव निवासी 22 वर्षीय मोजवी के साथ शादी हुई थी। पति किराए का कमरा लेकर कानपुर में कपड़ों की सिलाई का काम करता है। 15 दिन में घर आता जाता रहता है। घर के अंदर फंदे पर महिला का शव लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। जानकारी होने पर घर के बाहर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। पिता के मुताबिक शादी के बाद बाइक की मांग की जा रही थी। बेटी को मारकर फंदे से लटका फांसी का रूप देने का आरोप लगाया है।

#### बेड पर पड़ा था शव

बेटी के घर पहुंचने पर गले में खरोंच और चूड़ी टूटी पड़ी थीं। शव बेड पर और मोबाइल बेड के नीचे पड़ा हुआ था। मौत की खबर मिलने पर मां तरीकुन और बहनें शबीना, रूबीना और भाई नसुरुद्दीन व शैफ अली आदि रो-रोकर बेहाल होते रहे। परिजनों के मुताबिक बेटी के शव का अंतिम संस्कार के बाद ससुरालीजनों के खिलाफ तहरीर दी जाएगी।

# वार्षिकोत्सव आयोजन में छात्र छात्राओं ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। शिक्षा सर्वांगीण विकास की धुरी है, नौनिहाल ही देश के भविष्य हैं इनकी शिक्षा के साथ संस्कार का ज्ञान होना शिक्षार्थ है, इनके शिक्षित होने से राष्ट्र से ही ताकतवर बनेगा फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के अन्तर्गत लवानी गांव स्थित बेसिक विद्यालय के वार्षिकोत्सव में मुख्य अथिति खण्ड शिक्षा अधिकारी विमल प्रकाश श्रीवास्तव ने कहीं। उन्होंने कहा की जिस तरह से बच्चों द्वारा कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के कौशल विकास के लिए इस तरह की सांस्कृतिक गतिविधि समय-समय पर होते रहना चाहिए। यह सर्वांगीण विकास में सहायक है। बच्चों को अपने मन मुताबिक लक्ष्य प्राप्ति के लिए अनुमति और प्रेरणा देना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने विद्यालयों के शिक्षको की कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियो से बच्चो एवं अभिभावकों मे उत्साह का वातावरण निर्माण होता है। कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि गजेन्द्र अवस्थी (सहकार भारती - सहकारिता मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करने वाली संस्था के प्रमुख ) ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। वहीं विशिष्ट अतिथि अशोक द्विवेदी ( इंटर कॉलेज से अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य ) ने बच्चो को आशीर्वचन दिया। बच्चो द्वारा ओ माई फ्रेंड गनेशा , स्कूल चलने को प्रेरित करने वाला गीत -स्कूल चलें हम , पर्यावरण संबंधी गीत - प्लास्टिक टिक ना पाए रे , झांकी हिंदुस्तान की , छोटे बच्चो ने रे मा मा एवं बम बम बोले, गीत पर प्रस्तुति दी। वहीं शाहनगर, नरीगाड़ा, जमरुद्दीन आदि गांवों के बेसिक विद्यालयो के बच्चो ने गीतो की धुन पर अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। वंदे मातरम , इत्ती से हंसी , जंगल सॉन्ग पर विद्यालय के समस्त बच्चो ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। प्रभु श्री राम को समर्पित गीत राम आयेंगे का प्रस्तुतिकरण अनन्या एवं कशिश द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में झांसी की रानी लक्ष्मी बाई के बलिदान से संबंधित गीत -आरंभ है प्रचंड पर बच्चो ने जीवंत प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों का सम्मान भी किया गया। ए आर पी शैलेन्द्र यादव, बीरेंद्र कुमार, संजय चौधरी, डॉक्टर अनुराग अग्रवाल, रज्जू प्रसाद, अरविन्द सिंह, उमेश कुमार, सुधीर कुमार आदि सहित विभिन्न विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे। विद्यालय प्रधान शिक्षक केशव द्विवेदी द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# कमिश्नर ने लगाया जनता दरबार, 314 शिकायत पत्र में से 21का हुआ निस्तारण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आम जनमानस की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मामलों का गुणवत्तापूर्वक एवं प्रभावशाली ढंग से निराकरण, अनुश्रव एवं समन्वय हेतु पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयुक्त लखनऊ मण्डल, लखनऊ डा0 रोशन जैकब द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में जनता दर्शन किया गया। जनता दर्शन में मण्डलायुक्त महोदया द्वारा राजस्व की 166, पुलिस की 50, विकास विभाग की 25, आपूर्ति की 09 विद्युत की 09 एवं अन्य विभागों की 57 सहित कुल 314 शिकायतों का अनुश्रवण किया गया जिनमें से 21 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराते हुए शेष शिकायतों को लेकर मण्डलायुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों को 02 से 03 दिन में निस्तारित कराने के सख्त निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान मण्डलायुक्त ने बताया कि जन सामान्य की शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना मा0 मुख्यमंत्री जी की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। जनशिकायतों का निस्तारण शिकायतकर्ता से संबधित जनपद में ही किया जाए ताकि लोगों को अपनी शिकायतों के निस्तारण के लिए बिला वजह लखनऊ के चक्कर न लगाने पडें, इस उद्देश्य से मंडलीय जनता दर्शन को विकेंद्रीकृत कर जनपद स्तर पर जनता दर्शन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि जनता दर्शन में प्राप्त अधिकांश शिकायतें भूमि संबंधी व आपसी लड़ाई-झगड़े की हैं। तहसील स्तर पर वरासत, सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा व भूमि अभिलेखों/वादों से संबधित शिकायतें बहुतायत में देखने को मिलतीं हैं। मण्डलायुक्त द्वारा निर्देश दिए गए कि इस तरह की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से कर दिया जाए। इसमें लापरवाही बरतने वाले तहसील स्तर के अधिकारियों की जबावदेही भी सुनिश्चित करायी जाए। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक नियमित रूप से जन शिकायतों की समीक्षा करें तथा जनसामान्य की शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनते हुए जिला स्तर पर ही ज्यादा से ज्यादा शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवतापूर्ण निस्तारण कराने का प्रयास करें। जनता दर्शन के दौरान विधायक मोहान बृजेश रावत द्वारा प्रतिभाग कर क्षेत्रीय समस्याओं के बारे में मण्डलायुक्त को अवगत कराया गया। जनता दर्शन में डीएम अपूर्वा दुबे, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा, सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, एडीएम( वि0/रा0 )नरेन्द्र सिंह, एडीएम (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी गण मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांवों का किया स्थलीय निरीक्षण



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। देश के यशश्वी प्रधानमंत्री का संकल्प है कि वर्ष 2025 तक भारत टीवी से मुक्त राष्ट्र घोषित हो इसी अभियान के तहत मियाँगंज ब्लाक की बारह ग्राम पंचायत टीवी से मुक्त घोषित हो रही है जिसका स्थलीय निरीक्षण करने के लिए तीन सदस्यीय टीम जनपद से गठित की गई है जिस टीम में चिकित्सा प्रभारी डॉ नितिन श्रीवास्तव,एडियो पंचायत निर्मल कुमार,वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक शिवचंद मिश्रा जिला क्षय रोग कार्यालय उन्नाव सामिल हैं इसी टीम के साथ सीएचसी से वरिष्ठ उपचार पर्वेक्षक राम प्रकाश यादव,वरिष्ठ लैब पर्वेक्षक सुशील कुमार,स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सरोज बाला ने तीन ग्राम पंचायत का निरीक्षण किया जिसमें ग्राम पंचायत अहमदपुर टकटौली,ग्राम पंचायत गलारापुर,ग्राम पंचायत मलहौली सरदार नगर शामिल रहे । वर्ष 2023 में छय रोग से मुक्त ग्राम पंचायत को कांस्य पदक ग्राम प्रधानों को उपलब्ध कराया जाएगा ये जानकारी टीम द्वारा दी गई ।

# छात्र–छात्राओं ने विद्यालय परिसर में लगाई प्रदर्शनी

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के संडीला मार्ग स्थित प्रतिष्ठित माया इंटर नेशनल स्कूल में आज द विजन आफ इनक्रेडिबल माइंड विषय पर भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में छात्र छात्राओं ने विज्ञान पर आधारित आधुनिक माडल प्रदर्शित कर अभिभावकों और दर्शकों को जमकर वाहवाही लूटी। तहसील कार्यालय के सामने प्रमुख मार्ग संडीला रोड पर स्थित माया इंटर नेशनल स्कूल में आयोजित प्रदर्शनी में रामलला मंदिर राष्ट्रीय धरोहर,बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ एवं वन्य जीव संरक्षण पर बच्चों द्वारा निर्मित माडल और उससे संबंधित भाषण आकर्षण का केंद्र रहे। इसके अलावा अभिभावकों और दर्शकों ने छात्र अंश गुप्ता द्वारा निर्मित माडल आदित्य एल-1 राकेट, वंशिका गुप्ता के स्वचालित फौवारा, श्री शुक्ला के स्वचालित झूला आयुषी पाल के स्वशन तंत्र कार्य प्रणाली, अमान के चिड़ियाघर तथा छात्र कृष्णा कुशवाहा के तेजस लड़ाकू विमान व चंद्रयान माडलों की सराहना की। अंत में विद्यालय के प्रबंधक माया प्रकाश गुप्ता ने बच्चों तथा माडल निर्माण का प्रशिक्षण देने के लिए विद्यालय की प्रधानाचार्या अनुपमा वैस को पुरस्कृत किया। प्रदर्शनी के दौरान सचिन गुप्ता, गौरी गुप्ता, अनमोल कुमार गुप्ता, अभिषेक चौरसिया, राजेंद्र श्रीवास्तव, अनुराधा गौतम, प्रदीप पटेल, विकास गुप्ता, आशिद हुसैन व संतोष कुशवाहा आदि शिक्षक और अभिभावक मौजूद रहे।

# दबंग ने खेत जाने का बंद कर दिया आम रास्ता ग्रामीणों ने दिया शिकायत पत्र

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। तहसीलक्षेत्र के अन्तर्गत मौरावां के ग्राम फजलखेड़ा मजरे मर्दनपुर निवासी बृजकिशोर पुत्र चंद्रभूषण के अनुसार उसके खेत संग 408 रकबा 0.8390 हे0 में 40 वर्ष पुराने आम के 81पेड़ फल फूल रहे हैं। बाग जाने को दो सरकारी चकरोड दर्ज हैं। जिसे गांव के ही युवक ने जबरन तोड़कर अपने खेत में मिलाकर पेड़ भी लगा दिये हैं। जिससे पीड़ित को बाग को ट्रेक्टर जोतवाने वह दवा छिड़काव को टैंकर आदि की आवाजाही में दिक्कतें होती हैं। जिसके चलते लाखों कीमत के आम कीटों से ग्रस्त होकर झड़ जाता हैं। जिससे प्रतिवर्ष उसे लाखों का नुकसान उठाना पड़ रहा है। दोनों चकरोड बाधित होने से पीड़ित सहित ग्रामीणों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों में छोटेलाल, जीवनलाल, रामराज, सहदेव, अमरजीत, ज्ञानी, राजकुमार व जागेंद्र सहित दो दर्जन ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। एसडीएम रणवीर सिंह ने जांच बाद कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### बैंक आफ इंडिया के मैनेजर ने किसान क्रेडिट कार्ड की फेकी फाइल

हसनगंज, उन्नाव। ब्लाक क्षेत्र के रहमली नगर निवासी पुष्पेंद्र रावत ने तहसील दार को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि हसनगंज कस्बे में स्थित बैंक आफ इंडिया में 50 हजार का किसान क्रेडिट बनवाने के लिए एक माह से बैंक के चक्कर काट रहा हु , फाइल कमप्लीट होने के बावजूद भी मैनेजर ने किसान क्रेडिट कार्ड बनाने से मना कर दिया पीड़ित ने तहसीलदार से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की शिकायत पर दोबारा किसान बैंक गया तो मैनेजर ने गाली देकर भगा दिया। तहसीलदार विराग करवरिया ने बताया कि पीड़ित किसान ने शिकायत की है। जांच कराकर कार्रवाई के लिए जिले पर भेजेंगे।

# पीछे से बाइक छात्र घुसा ट्रक में हुई मौत



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के लखनऊ कानपुर हाईवे स्थित आशाखेड़ा चमरौली गांव के बीच मंगलवार सुबह ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया, जिससे पीछे आ रहे बाइक सवार की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सोहरामऊ थाना क्षेत्र के रुदवारा गांव के रहने वाले किसान छोटेलाल का 19 वर्षीय बेटा पवन राजपूत बीए पहले साल का छात्र था। मंगलवार सुबह फीस जमा करने के वह बाइक से स्कूल जा रहा था। चमरौली आशाखेड़ा गांव स्थित एक कॉलेज के पास लखनऊ कानपुर हाईवे से गुजर रहे ट्रक चालक से अचानक ब्रेक लगा देने से पीछे आ रहा बाइक सवार घुसकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

एक्सीडेंट होता देख वाहन चालक वाहन लेकर तेजी से भाग निकला और लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। हादसा देख लोगों ने जख्मी हालत में उसे एम्बुलेंस की मदद से नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की गई है। पुलिस ने प्रधान विजय पाल को सूचना दी। प्रधान ने घटना की सूचना परिजनों को दी।

#### छह भाइयों में सबसे छोटा था

हादसे के बाद चालक वाहन लेकर भाग निकला। पवन छह भाईयों में सबसे छोटा था। मौत की खबर मिलने पर मां रामरानी और भाईयों में बब्लू, राजेंद्र, धर्मेंद्र, सर्वेंद्र व रवींद्र और विवाहित बहन किरन रो-रोकर बेहाल होती रही। सोहरामऊ थाना प्रभारी कमल दुबे ने बताया कि युवक की सड़क हादसे में मौत हुई है परिजनों के द्वारा जो तहरीर दी जाएगी। उसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# निर्मम हत्या के मामले में आरोपित सहित तीन संदिग्धों से हो रही पूछताछ

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। फतेहपुर 84 थाना क्षेत्र के गांव नैनसुख खेड़ा निवासी श्याम किशोर की निर्मम हत्या में पुलिस ने तीन अन्य संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुलिस का मानना है कि हत्या में परिवार के एक सदस्य सहित कई लोग शामिल हो सकते हैं। पुलिस आरोपी सहित हिरासत में लिए गए संदिग्धों से पूछताछ करने में जुटी है। मालूम हो कि फतेहपुर 84 थाना क्षेत्र के ग्राम सकरौली के मजरा नैनसुख खेड़ा निवासी श्याम किशोर 28 वर्ष पुत्र छेदीलाल राठौड की निर्मम हत्या बीते गुरुवार की रात कर दी गई थी और शव कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मल्हपुर से करीब दो सौ मीटर दूर ग्राम सकरौली मार्ग के किनारे फेंक दिया गया था। मृतक के भाई विमल किशोर ने मृतक के साथी वीरेंद्र निवासी ग्राम सकरौली के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। सूचना पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह और क्षेत्राधिकारी अरविंद चौरसिया ने फतेहपुर 84 और बांगरमऊ थाने से तीन निरीक्षकों के नेतृत्व में तीन टीमें गठित कर घटना का खुलासा करने और हत्यारों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था। बीते रविवार को देर रात फतेहपुर 84 पुलिस टीम ने ग्राम सकरौली के निकट एक खेत से आरोपी वीरेंद्र को दबोच लिया था। पुलिस का मानना है कि काफी हल्के और कमजोर बदन का वीरेंद्र अकेले हत्या को अंजाम नहीं दे सकता है। हत्या में अन्य कई लोग शामिल हो सकते हैं। पुलिस ने ग्राम माढ़ापुर की एक डीजल की दुकान से कुछ फुटेज हासिल कर लिया है। फुटेज के आधार पर पुलिस ने मृतक के गांव नैनसुख खेड़ा से दो तथा पड़ोसी गांव सकरौली से एक कुल तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है। जिनसे पुलिस हत्या का राज उगलवाने में जुटी है।

# लगभग 9 घंटे बाधित रहेगी बिजली



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। मियाँगंज विधुत वितरण उपखण्ड के अंतर्गत आने वाले कुरसठ फीडर, औरास फीडर, रसूलाबाद फीडर के सभी गाँवों की विधुत आपूर्ति जर्जर पैनल बदलने के प्रस्तावित कार्य के कारण बुधवार को प्रातः नव बजे से शाम छह बजे तक बाधित रहेगी ये जानकारी उपखण्ड अधिकारी मियाँगंज प्रेम चन्द्र यादव व अवर अभियंता मियाँगंज अशोक गौतम, सुपरवाइजर मो० सुफियान खान ने दी और कहा की उपभोक्ता धैर्य बनाये रहें मियाँगंज क्षेत्र के सम्मानित उपभोक्ताओं को नियमित परीक्षण के बाद तत्काल विधुत आपूर्ति बहाल कर दी जायेगी ।

# 2024 में कुशहरी माता धाम में अनाथ व निर्धन कन्या का होगा विवाह महोत्सव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद संस्थापक/अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने 51 कन्या विवाह महोत्सवों कुशहरी माता धाम में हर वर्ष की तरह इस वर्ष 2024 में शिवरात्रि के दिन ही सामूहिक कन्या विवाह किए जाते हैं 2024 में सामूहिक कन्या विवाह 8 मार्च को होने जा रहे हैं सामुहिक कन्या विवाह में कन्या को दहेज में ग्रस्त जीवन का जितना भी समान होता है वह सब संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला कन्या को दहेज के रूप में देने जा रहे हैं अंकित शुक्ला द्वारा पिछले कई सालों से लगातार महाशिवरात्रि के दिन सामूहिक कन्या विवाह किए जाते हैं जिसमें सबसे पहले कन्या विवाह में 11 जोड़ों के विवाह किए गए थे अंकित शुक्ला सामूहिक कन्या विवाह में धीरे-धीरे हर साल विवाह में बढ़ोतरी की जाती है पिछली वर्ष 2023 में 21 कन्याओं के सामूहिक विवाह किए गए थें कन्या को दहेज प्रथा के रूप ग्रस्त जीवन का लगभग लगभग संपूर्ण दहेज दिया गया था इस बार 2024 में संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला द्वारा बताया गया है कि 8 मार्च 2024 को महाशिवरात्रि के दिन 51 सामूहिक विवाह किए जाएंगे जिसमें गरीब और अनाथ निर्धन बेटियों के विवाह शामिल होंगे ग्रस्त जीवन का संपूर्ण सामान मोटरसाइकिल से लेकर गैस सिलेंडर तक संपूर्ण दहेज दिया जाएगा कुशहरी माता धाम से 8 मार्च को महा महोत्सव 51 अनाथ कन्याओं का सामूहिक विवाह महोत्सव हर वर्ष की तरह इस साल 2024 में 51 सामूहिक कन्या विवाह पूरे विधि विधान के साथ किए जाएंगे संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला द्वारा हर वर्ष कन्या विवाह किए जाते हैं यह के कन्या विवाह पिछले कई वर्षों से हो रहें हैं कुसुम्भी माता धाम पर होने वाले सामूहिक कन्या विवाह में संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला द्वारा ही पूरे मंत्र उच्चारण के साथ ही विधि विधान से विवाह किया जाता है संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला सभी बेटियों के भाई बनते है वे दहेज में ग्रस्त जीवन का संपूर्ण सामान भी प्रदान करते हैं कुशहरी माता धाम व कन्या विवाह बेटी को दहेज के रूप में कई प्रकार का सामान दिया जाता है जो एक बेटी का पिता भी दहेज में इतना सामान नहीं दे पता है जितना की अंकित शुक्ला अपनी इन बहनों को देते हैं आपको बता दें दहेज के रूप में फ्रिज कूलर पंखा भी दिए जाएंगे इसके साथ-साथ ही सिंगल बेड सोफा सेट बर्तन गैस सिलेंडर आदि कई प्रकार का सामान अंकित शुक्ला जी द्वारा दहेज के रूप में दिया जाएगा जिन कन्याओं के विवाह किए जाएंगे संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने पूरे प्रदेश में गरीबों के मसीहा माने जाते हैं क्योंकि अंकित शुक्ला गरीब असहाय लोगों की प्रतिदिन भोजनालय सेवा करते हैं संस्था अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने बताया जिनके परिवार की आर्थिक स्थिति बिल्कुल कमजोर है जिस बेटियों के माता-पिता नहीं है जो बेटी असहाय है किसी का सहारा नहीं है ऐसे पूरे प्रदेश की बेटियां जिनके माता-पिता उनका विवाह करने में असहाय है ऐसी बेटियों के विवाह अंकित शुक्ला अपने हाथों से करवाते हैं और उनका संपूर्ण दहेज भी देते हैं अंकित शुक्ला को गरीबों का मसीहा कहा जाता है कुशहरी माता धाम का 2024 में अंकित शुक्ला के हाथों से 51 बेटियों का कन्यादान किया जाएगा अंकित शुक्ला बेटी के दहेज में ग्रस्त जीवन का संपूर्ण सामान के साथ-साथ एक-एक मोटरसाइकिल भी प्रदान करेंगे दहेज के रूप में दिया जाएगा अंकित शुक्ला ने एक-एक गाय देने का ऐलान भी किया

# कैंप लगाकर की गई मरीजों की जांच



अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। आलम नगर हॉस्पिटल द्वारा निशुल्क शुगर एवं ब्लड प्रेशर का चेकअप कैंप लगाया गया। इस मौके पर लोगो को उनके स्वास्थ्य जागरूक भी किया गया। राधा रानी क्लीनिक ने ऑनर रमेश सिंह ने बताया कि कैंप दौरान लगभग 135 मरीजों की शुगर एवं ब्लड प्रेशर चेक किया गया। इस दौरान डॉक्टरों की टीम में डॉ शोएब अहमद व डॉ एस के पाल विशेष तौर पर उपस्थित रहे। समूची टीम ने मरीजों को मीठी वस्तुओं तथा नमक की अधिक मात्रा में न प्रयोग करने की सलाह दी। इस मौके पर डॉ. शोएब अहमद ने विभिन्न मरीजों को अधिक से अधिक सैर करने, कसरत करने व संतुलन भोजन खाने की हिदायत भी दी, ताकि हर व्यक्ति की सेहत आरोग्य रहे। इस अवसर पर ग्राम प्रधान नितिन बाजपेई, सुमित प्रभात, अजीत गौतम और गांव के सैकड़ों की संख्या में आम लोग उपस्थित रहे।

# बुंदेलखंड महोत्सव में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वारिस सम्मानित

### ग्राम पंचायत टेढा में हुआ कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। बुंदेलखंड महोत्सव के तहत ग्राम पंचायत टेढ़ा में शहीदों की याद में कार्यक्रम आयोजित कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वारिसों को सम्मानित किया गया। इसके पूर्व प्रभात फेरी, रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न कराए गए। बुंदेलखंड महोत्सव के दूसरे दिन ग्राम पंचायत टेढ़ा में शहीदों की याद में खेल मैदान में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके पूर्व परिषदीय विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने गांव में प्रभातफेरी निकालने के साथ रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में संपन्न हुए। इसके बाद देश की आजादी में अहम भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वारिसों को सम्मानित किया गया। इसमें टेढ़ा, कुंडौरा, सिमनौडी, पंधरी, पौथिया के ग्यारह स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वारिसों को एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक व भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। जिसमें पौथिया प्रधान पति आशीष सचान, दिनेश प्रताप सिंह, मुकेश, संकल्प साहू आदि शामिल रहे। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर प्रभारी बीडीओ शान्तनु सिनसिनवार, तहसीलदार अभिनव चंद्रा, खंड शिक्षा अधिकारी समर सिंह, मंडल अध्यक्ष अरिमर्दन सिंह, लोकसभा प्रभारी अल्पसंख्यक मोर्चा मुनीर खान, प्रधान नोखेलाल यादव, पूर्व प्रधान सौरभ सिंह, अजय साहू, आशीष सचान, कानूनगो अशोक निगम, एडीओ पंचायत मनीष कौशिक, एपीओ मनरेगा विकास चंद्र, पंचायत सचिव रामसेवक, सोनाली सचान, साधना सिंह, अनामिका पांडेय, मोहनी तिवारी, बालेश्वर द्विवेदी, अमित तिवारी, ओपी प्रजापति सहित विद्यालयों के शिक्षक व छात्राएं मौजूद रही। संचालन मुनीर खान ने किया।

# स्थानांतरित होने पर व्यापार मंडल सहित पुलिसकर्मियों व समाजसेवियों ने दी विदाई

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा ने जनपद के चार थानों में प्रभारियों को स्थानांतरित कर नई जिम्मेदारी दी है। इसी क्रम में करीब 15 माह से सुमेरपुर थाने की बागडोर संभालकर कानून व्यवस्था में सुधार करने पर थानाध्यक्ष राम आसरे सरोज को पुलिस अधीक्षक ने यहां से हटाकर बड़ी कोतवाली मौदहा का कोतवाल बनाया है। स्थानांतरण होने पर व्यापार मंडल अध्यक्ष की टीम ने उनको भावभीनी विदाई देते हुए कहा कि इनका कार्यकाल बेहद सराहनीय रहा है। विदाई समारोह में पुलिसकर्मियों व व्यापार मंडल की टीम सहित समाजसेवियों ने उन्हे माल्यार्पण कर विदाई दी। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू, श्यामलाल गुप्ता, अनिल परनामी, अनुज गुप्ता, राम जी मिश्रा, सुनीता शिवहरे, जयकरन सिंह, ग्राम प्रधान राममिलन निषाद, रामेश्वर निषाद, जुग्गीलाल गुप्ता सहित सभी हल्का इंचार्ज, पुलिसकर्मी व समाजसेवी मौजूद रहे।

**भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई के बाद झारखंड में हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। इस इस्तीफे से बेशक झारखंड में झामुमो, कांग्रेस व राजद के गठबंधन सरकार पर कोई असर नहीं पड़ा, केवल सीएम नया बना, लेकिन यह सवाल तो देश के सामने उठ रहा है कि सामाजिक न्याय की राजनीति करने वाले नेता एक के बाद एक भ्रष्टाचार व परिवारवाद में किस तरह लिप्त होते गए। चारा घोटाला मामले में लालू प्रसाद यादव जेल की सजा काट चुके हैं, शिबू सोरेन की राजनीति दागदार रही है, अब शिबू बाबू के बेटे हेमंत सोरेन सेना की जमीन पर अवैध कब्जे के मामले में ईडी के शिकंजे में हैं। दिल्ली में आप के कई नेता शराब नीति के चलते आरोपित हैं। ईडी की निष्पक्षता व आरोपी नेताओं के विक्टिम कार्ड को लेकर विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**



# भ्रष्ट विरासत की कड़ी हेमंत सोरेन



विश्लेषण
सुशील राजेश
वरिष्ठ पत्रकार

**वर्ष 1994 में केंद्र की पीवी नरसिंह राव की अल्पमत सरकार और उसके लिए सांसदों की खरीद फरोख्त हुई थी उस दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा के शिबू सोरेन सहित तीन सांसदों को 1-1 करोड़ रुपये की घूस दी गई थी। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उसी विरासत की एक कड़ी हैं। वह भी मुख्यमंत्री रहते हुए 41 घंटों के लिए 'लापता' हो गए थे। राज्यपाल समेत सभी शीर्ष अधिकारी और सुरक्षा एजेंसियां स्तब्ध थे कि आखिर जेड सुरक्षा की श्रेणी वाला शख्स कहां लापता हो गया? बहरहाल अब हेमंत केंद्रीय जेल में हैं और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी उनसे बिन्दुवार, साक्ष्यनुमा पूछताछ कर रहे हैं। फिलहाल संघीय एजेंसी उनसे जमीन घोटाले के संदर्भ में पूछताछ कर रही है।**

केंद्र में पीवी नरसिंह राव की अल्पमत सरकार थी। सांसदों का समर्थन खरीदा जा रहा था। उस दौर में झारखंड मुक्ति मोर्चा के शिबू सोरेन सहित तीन सांसदों को 1-1 करोड़ रुपये की घूस दी गई थी। सांसद इतने मासूम और अनजान थे कि उन्होंने एक मोटी राशि अलग-अलग बैंकों में जमा करा दी और जमा राशि की स्लिपें सार्वजनिक हो गईं। भ्रष्टाचार का मामला दर्ज कर लिया गया। अदालत में मुकदमा भी शुरू हो गया, लेकिन मामला सर्वोच्च अदालत तक पहुंचा, तो अंततः अदालत ने कार्यपालिका और विधायिका, अर्थात संसद, के अधिकार-क्षेत्र में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। नतीजतन 1994 के उस मामले में शिबू सोरेन, सूरज मंडल आदि सांसदों को न तो कोई सजा हुई और न ही उनकी सांसदी खारिज की गई। शिबू सोरेन 8 बार लोकसभा सांसद चुने गए। वह राज्यसभा में भी रहे और प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की यूपीए सरकार में कोयला राज्यमंत्री थे। हत्या के एक मामले में अदालत ने शिबू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे, लिहाजा केंद्रीय मंत्री रहते हुए ही शिबू सोरेन फरार हो गए। मुझे पता है कि लापता होने के दौरान शिबू ने किसके घर में पनाह ली थी। बहरहाल केस रफा-दफा हो गया और झारखंड में सोरेन परिवार की एक बार फिर सत्ता आई, तो उस पनाहगार व्यक्ति के एक खास को 'सलाहकार' नियुक्त कराया गया। मैं उनके नाम सार्वजनिक नहीं करूंगा, लेकिन एक तथ्य बार-बार सामने आता रहा कि सोरेन परिवार दाग़दार है।

## 41 घंटों के लिए 'लापता'

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उसी विरासत की एक कड़ी हैं। वह भी मुख्यमंत्री रहते हुए 41 घंटों के लिए 'लापता' हो गए थे। राज्यपाल समेत सभी शीर्ष अधिकारी और सुरक्षा एजेंसियां स्तब्ध थे कि आखिर ज़ेड सुरक्षा की श्रेणी वाला शख़्स कहां लापता हो गया? बहरहाल अब हेमंत केंद्रीय जेल में हैं और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी उनसे सख्त, बिन्दुवार, साक्ष्यनुमा पूछताछ कर रहे हैं। फिलहाल संघीय एजेंसी उनसे ज़मीन घोटाले के संदर्भ में पूछताछ कर रही है। अलबत्ता उनके खिलाफ करीब 1000 करोड़ रुपये के अवैध खनन, कोयला घोटाले और भ्रष्टाचार के अन्य मामले भी विचाराधीन हैं। उनसे भी नए-नए खुलासे होंगे। बताया जाता है कि सोरेन परिवार के नाम 82 अवैध परिसंपत्तियां हैं, जिन पर उनके कब्जे हैं और वे इस्तेमाल कर रहे हैं। भाजपा के आरोप हैं कि सोरेन परिवार ने अवैध खनन के करीब 4000 मामले कब्जा रखे हैं। ईडी के अलावा सीबीआई भी लगातार जांच में जुटी है। हेमंत सोरेन खुद को पीड़ित, योद्धा, पदक-विजेता, क्रांतिकारी के तौर पर पेश कर रहे थे, जब उन्हें गिरफ्तार किया गया और अदालत के सामने पेश किया गया। वह अब भी खुद को मासूम और निर्दोष बता रहे हैं। इस दौरान उनके भीतर से कविता भी उछाल मारने लगी। उन्होंने सर्वोच्च



अदालत में याचिका दायर कराई कि एक निर्वाचित मुख्यमंत्री का मानसिक, शारीरिक, सार्वजनिक उत्पीड़न किया जा रहा है, लेकिन न्यायिक पीठ ने याचिका खारिज कर दी और उच्च न्यायालय जाने के निर्देश दिए। हेमंत अब भी यह मानने को तैयार नहीं है कि उन्होंने कुछ 'भ्रष्ट', 'अवैध' किया है।

## ईडी का दावा

ईडी का दावा है कि हेमंत सोरेन के नाम 8.5 एकड़ के 12 भूखंड हैं, जो उनके अवैध कब्जे और इस्तेमाल में हैं। वे आमने-सामने हैं और यह 'धनशोधन रोधी कानून' के तहत अपराध से अर्जित आय है। ईडी ने हेमंत के खिलाफ जो आपराधिक मामला दर्ज किया है, वह जून, 2023 की ईसीआईआर (प्राथमिकी के समान) से उपजा है। उससे पहले राज्य सरकार के कुछ कर्मचारियों और राजस्व विभाग के उपनिरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद के खिलाफ विभिन्न ठिकानों पर छापे मारे गए थे। आधिकारिक रिकॉर्ड के मुताबिक, ईडी ने भानु के परिसरों से 11 बड़े बक्से बरामद किए थे। उनमें ज़मीनों के दस्तावेज रखे थे। उनके साथ ही 17 मूल खाते भी बरामद किए गए। ईडी का दावा है कि भानु प्रताप ज़मीनों के रिकॉर्ड और उनके सरकारी स्वामित्व विवरण के कई मूल खातों के संरक्षक थे। वह भ्रष्टाचार में भी लिप्त थे। मूल रिकॉर्ड के फर्जीवाड़ों में भी वह शामिल रहे थे। अंततः रांची पुलिस थाने में 1 जून, 2023 को भानु के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई। ईडी ने 26 जून, 2023 को ईसीआईआर दर्ज करने के लिए इस प्राथमिकी का संज्ञान लिया। ईडी का दावा है कि भानु हेमंत सोरेन की अवैध संपत्तियों सहित कई संपत्तियों की खरीद और उन्हें छिपाने में, अन्य लोगों के साथ, साजिश रचने में संलिप्त था। तमाम विवरण भानु के मोबाइल में दर्ज हैं और वे ईडी के कब्जे में हैं। हालांकि सोरेन दलील देते रहे हैं कि ये भूखंड 'छोटा नागपुर कानून' के तहत हस्तांतरित नहीं किए जा सकते। क्या भारतीय सेना का 4.5 एकड़ भूखंड भी इसी सूची में है, जिस पर हेमंत का कब्जा बताया जाता है। यह भूखंड देश की आज़ादी से ही सेना के नाम दर्ज था, फिर हेमंत ने इसे कब्जाया कैसे? यह तो 'देशद्रोह' का मामला बनता है। बहरहाल तमाम आरोपों के विश्लेषण और उनकी पुष्टि संघीय एजेंसी ही करेगी। हमने तो प्रसंगवश उनका ब्योरा दिया है।

## झारखंड का इतिहास

15 नवम्बर, 2000 को तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने बिहार राज्य का विभाजन कर 'झारखंड राज्य' का गठन किया था। शिबू सोरेन समेत कइयों ने झारखंड के लिए आंदोलन किए थे, लेकिन यहां की राजनीतिक स्थितियां और समीकरण इतने अस्थिर रहे हैं कि इन 23 सालों में 11 मुख्यमंत्री हुए, लेकिन भाजपा के रघुबर दास ही अपना 5-वर्षीय कार्यकाल पूरा कर सके। राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी से लेकर अर्जुन मुंडा, शिबू सोरेन, मधु कौड़ा और हेमंत सोरेन तक सभी मुख्यमंत्रियों के कार्य-काल अधूरे रहे। मधु कौड़ा तो निर्दलीय विधायक थे, जिन्हें समर्थन देकर मुख्यमंत्री बनाया गया। वह भी भ्रष्टाचार के मामलों में तिहाड़ जेल गए। झारखंड में राजनीतिक गठबंधन भी निश्चित और स्थिर नहीं हैं। अब चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई है। सोमवार 5 फरवरी को उन्हें विधानसभा में विश्वास-मत हासिल करना है। चंपई को 'झारखंड का टाइगर' कहा जाता है। वह झामुमो के संस्थापक नेताओं में से एक हैं और उन्हें शिबू सोरेन परिवार का बेहद करीबी नेता माना जाता है। हालांकि राज्य में झामुमो, कांग्रेस, राजद के गठबंधन को बहुमत हासिल है। फिर भी 39 विधायकों को हैदराबाद की बाड़ेबंदी में रखना पड़ा है, ताकि किसी भी तरह का दलबदल न हो सके, लेकिन ऐसा बताया जाता है कि लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा झारखंड में अभियान चला कर अपनी रणनीति को अंजाम देना चाहती है।

## 'पारिवारिक न्याय' में लिप्त समाजवादी नेता

झारखंड ने जल, जंगल, ज़मीन की लंबी लड़ाई लड़ी थी। झारखंड ऐसा राज्य है, जहां देश के बड़े औद्योगिक परिसर हैं। इसके साथ वह कोयला, लौह, अभ्रक, बॉक्साइट, चूना पत्थर, तांबा, ग्रेफाइट आदि बेशकीमती खनिजों का घर भी है। इसके बावजूद 36 फीसदी कृषि से जुड़े परिवारों और 47 फीसदी खेतिहर मजदूर की औसतन सालाना आय 7867 रुपये है। यह राशि न्यूनतम से भी न्यूनतम है। हालांकि झामुमो सरीखे दल आदिवासी कल्याण, सामाजिक न्याय, गरीबी उन्मूलन के मुद्दों पर राजनीति करते और चुनाव जीत कर अल्पमत वाली सरकारें बनाते रहे हैं, लेकिन सामाजिक न्याय नेताओं में ही साझा किया जाता रहा है। लालू यादव को बिहार और झारखंड में 'सामाजिक न्याय' का प्रतीक माना जाता रहा है। शिबू सोरेन भी आदिवासियों के सबसे बड़े नेता हैं, लेकिन वे पारिवारिक न्याय करते रहे हैं। महलनुमा भवनों में ऐशो आराम की जिंदगी जी रहे हैं और हेमंत के दिल्ली वाले मुख्यमंत्री आवास से 36.34 लाख रुपये नकद बरामद होते हैं। बीएमडब्ल्यू कार भी मिलती है, जिसकी न्यूनतम कीमत 1.5 करोड़ रुपये होगी। भ्रष्टाचार पर ही विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेता हेमंत के साथ खड़ा होने के बयान देते हैं। आदिवासी न्याय का नारा बुलंद करते हैं और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे झारखंड का मुद्दा उठाते हैं। राहुल गांधी ने ईडी, सीबीआई, आयकर को 'भाजपा के प्रकोष्ठ' करार दिए हैं। यह कैसी राजनीति है? बेशक इन संघीय एजेंसियों का कुछ दुरुपयोग किया गया हो, लेकिन अंततः वे प्रधानमंत्री के नहीं, अदालतों के प्रति जवाबदेह होती हैं। उन्हें न्यायाधीश के सामने साक्ष्य पेश करने होते हैं कि इनके आधारों पर केस दर्ज किया गया है। कथित भ्रष्ट और गिरफ्तार किया गया व्यक्ति यह दलील नहीं दे सकता कि नारायण राणे, हिमंत बिस्वा, अजित पवार, प्रफुल्ल पटेल, शुभेंदु अधिकारी, छगन भुजबल आदि के खिलाफ तो एजेंसियां खामोश और निष्क्रिय हैं। उन्हें पकड़ कर जेल में क्यों नहीं डाला जाता? यह तो अदालतें तय करेंगी, लेकिन यह देश की जनता तय कर देगी कि विपक्ष का प्रलाप सही है या भ्रष्टाचार पर प्रहार नैतिक है?

# दोधारी तलवार है अवसरवादी राजनीति



झारखंड मुद्दा
राज कुमार सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

बिहार के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर द्वारा पांच घंटे में ही 'पाला बदल मुख्यमंत्री' नीतीश कुमार को पुनः शपथ दिलवा देने तथा झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन द्वारा चंपई सोरेन को दो दिन इंतजार करवाने से उठे सवाल लंबे समय तक राजनीतिक और संवैधानिक गलियारों में गूंजते रहेंगे। बेशक विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में राज्यपालों की भूमिका पर सवाल पहली बार नहीं उठे हैं। विडंबना है कि व्यवस्था परिवर्तन के बड़े-बड़े वादों के साथ होने वाले सत्ता परिवर्तनों से भी बदलता कुछ नहीं। स्वार्थ की खातिर दलबदल करने वाले सफेदपोशों की फेहरिस्त लंबी होती जा रही है। जिस विचाधारा की कभी बात होती थी, वह सत्ता की धारा में गुम हो चुकी है। अगर समाजवादी पृष्ठभूमि और जेपी आंदोलन की उपज होने के बावजूद मुख्यमंत्री बने रहने की खातिर 72 साल के नीतीश कुमार बार-बार पाला बदल सकते हैं, तब सत्ता केंद्रित राजनीति में ही पले-बढ़े नेताओं से नैतिकता की अपेक्षा बहुत व्यावहारिक नहीं लगती? दरअसल पाला बदल के बाद का घटनाक्रम और आशंकाएं ज्यादा चिंताजनक हैं। सेना की भूमि के जिस कथित घोटाले में ईडी द्वारा झारखंड स्थापना दिवस से दो दिन पहले ही गिरफ्तारी से ठीक पहले हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा, उसकी सत्यता तो अदालत में तय होगी, लेकिन आजादी के बाद सात दशकों में नेताओं ने राजनीति की साख इतनी गिरा दी है कि उनके विरुद्ध किसी भी आरोप पर आश्चर्य नहीं होता। गिरती विश्वसनीयता वाली केंद्रीय जांच एजेंसियों पर विश्वास करें तो विपक्ष का शायद ही कोई ऐसा बड़ा नेता होगा, जिसके विरुद्ध भ्रष्टाचार के आरोप न हों।

## झारखंड की विडंबना

बेशक हेमंत के पिता एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष शिबू सोरेन पर भी तमाम आरोप लगते रहे, लेकिन उनके साथ सरकार चलाने से परहेज कभी भाजपा ने भी नहीं किया। आदिवासी बहुल छोटे राज्य झारखंड की विडंबना इससे भी समझी जा सकती है कि वह 23 साल में 12 सरकारें देख चुका है, उसके छह में से तीन मुख्यमंत्रियों को जेल जाना पड़ा है और भाजपा के रघुबर दास पांच साल का कार्यकाल पूरा करने वाले एकमात्र मुख्यमंत्री रहे हैं, इसीलिए अब जब हेमंत आरोप लगा रहे हैं कि भाजपा के साथ नहीं गए, इसलिए जेल जाना पड़ा, तो विश्वास करने वालों की भी कमी नहीं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने और दो कदम आगे बढ़ कर कह दिया कि जो भाजपा के साथ नहीं जाएगा, वह जेल जाएगा। राजनीतिक गलियारों से लेकर मीडिया तक में बहस चल रही है कि हेमंत के बाद किसकी बारी? सवाल के रूप में पेश की जा रही विपक्षी नेताओं की फेहरिस्त लंबी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तो विपक्षी गठबंधन को ही भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा बता चुके हैं। जिस दिन नीतीश ने पाला बदलकर एनडीए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली, उसके अगले दिन से उनके पुराने गठबंधन-भागीदार राजद के नेताओं की ईडी में पेशी शुरू हो गई। नीतीश के नए मित्र इसे महज संयोग बता रहे हैं,



जबकि विरोधियों को इसमें 'विपक्ष मुक्त चुनाव' का खतरनाक प्रयोग नजर आ रहा है। ईडी के शुरूआती समन नजरअंदाज करने वाले हेमंत दो बार पूछताछ के लिए उपलब्ध भी हुए। दूसरी पेशी में उनकी गिरफ्तारी हुई। हेमंत ने अटकलों को गलत साबित करते हुए पत्नी कल्पना के बजाय लोकप्रिय चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री पद के लिए चुन कर भाजपा के परिवारवाद के आरोप को खारिज कर दिया। राज्यपाल ने 10 फरवरी तक का समय दिया, लेकिन चंपई पांच फरवरी को ही बहुमत साबित करेंगे, क्योंकि भाजपा द्वारा विधायकों में सेंधमारी का खतरा है, इसीलिए महागठबंधन के विधायकों को कांग्रेस शासित तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद भेजा गया है। अतीत के अनुभवों के मद्देनजर अपने ही विधायकों पर अविश्वास समझा जा सकता है, पर यह हमारी राजनीति में दलीय निष्ठा और नैतिक मूल्यों के पतन का प्रमाण भी है।

## जांच की आंच कहां-कहां

हालांकि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और नीतीश के साथ उप मुख्यमंत्री रहे तेजस्वी यादव से पूछताछ की प्रक्रिया जारी है। 'नौकरी के बदले जमीन' मामले में तेजस्वी की गिरफ्तारी भी तय मानी जा रही है, लेकिन हेमंत के बाद अगला नंबर दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का लगता है, जो आबकारी नीति घोटाले में ईडी के समन राजनीति-प्रेरित बताकर नजरअंदाज कर रहे हैं। इसी मामले में पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सांसद संजय सिंह अरसे से जेल में हैं। आप एक बार फिर दिल्ली सरकार गिराने के लिए विधायकों की खरीद-फरोख्त का आरोप लगा चुकी है, लेकिन लगता नहीं कि आक्रामक तेवर अपना कर केजरीवाल ईडी के शिकंजे से ज्यादा समय तक बच पाएंगे। देखना महत्वपूर्ण होगा कि उत्तराधिकारी के रूप में केजरीवाल किसे चुनेंगे। जहां तक केंद्रीय जांच एजेंसियों के रडार पर होने का सवाल है, तो विपक्षी नेताओं की फेहरिस्त में केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन से लेकर शरद पवार के पोते रोहित राजेंद्र पवार तथा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक तक कई नाम हैं। विपक्ष का आरोप है कि केंद्रीय सत्ता में अपनी 'हैट्रिक' सुनिश्चित करने के लिए नरेंद्र मोदी सरकार चुनाव से पहले ज्यादातर विपक्षी नेताओं को पीएमएलए कानून के तहत जेल भेज देना चाहती है, जिसमें जमानत आसान नहीं, क्योंकि जांच एजेंसी पर दोष सिद्धि के बजाय आरोपी पर ही खुद को निर्दोष सिद्ध करने की जिम्मेदारी होती है।

## विश्वसनीयता का संकट

बेशक ऐसा कानूनी प्रावधान दोष सिद्धि तक किसी भी आरोपी को निर्दोष मानने के न्यायिक सिद्धांत के विरुद्ध है, पर सुप्रीम कोर्ट इसकी वैधता परख चुका है, और यूएपीए जैसे कानून में भी ऐसे सख्त प्रावधान हैं। पूरी व्यवस्था के लिए ही नासूर बन चुके भ्रष्टाचार के खात्मे के लिए कठोरतम कानून की जरूरत से इनकार नहीं, लेकिन केंद्रीय जांच एजेंसियों को औजार बना कर राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाने की साजिश अगर मूल में है तो देश को भारी दुष्परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। हेमंत के आदिवासी कार्ड समेत विपक्ष की इस पीड़ित मुद्रा का चुनाव में क्या प्रभाव होगा-यह तो परिणाम ही बताएंगे, लेकिन राजनेताओं के विरुद्ध दर्ज मामलों में 95 प्रतिशत विपक्षी नेताओं के विरुद्ध होने तथा दोष सिद्धि दर बहुत कम होने से केंद्रीय जांच एजेंसियों की विश्वसनीयता पर सवालिया निशान लगते हैं। वैसे यूपीए शासनकाल में भी स्थितियां ज्यादा अलग नहीं थीं। विडंबना यह भी है कि विपक्ष अपने नेताओं के विरुद्ध आरोपों को तथ्यों के आधार पर गलत साबित करने के बजाय हिमंता बिस्वा सरमा, मुकुल रॉय, शुभेंदु अधिकारी, अजित पवार, छगन भुजबल, हसन मुश्रिफ जैसे नेताओं के विरुद्ध जांच ठप पड़ जाने पर सवाल खड़े करता है, जो दल बदलते ही 'नेचुरली करप्ट' से 'मोस्ट फेवरिट' हो गए जबकि केंद्र सरकार से लेकर इन एजेंसियां तक इस स्वाभाविक सवाल से मुंह चुरा कर निकल जाते हैं।

# भ्रष्टाचार पर एक्शन क्यों ना हो?



झारखंड
प्रणय यादव
वरिष्ठ टीवी पत्रकार

झारखंड में हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी और सरकार के गठन को लेकर चल रही शंकाओं आशंका का दौर खत्म हो चुका है। हेमंत सोरेन झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हो चुके हैं। जमीन घोटाले के केस में इन्फोर्समेंट डायरेक्ट्रेट की पकड़ में है। चंपई सोरेन झारखंड के नए मुख्यमंत्री बन चुके हैं, लेकिन पिछले चार दिन में जो कुछ हुआ उससे कई सवाल पैदा हुए। सबसे बड़ा सवाल ये है कि क्या वाकई सरकार जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है? ईडी और सीबीआई जैसी एजेसियां क्या सच में विरोधियों को डराने और बदनाम करने का जरिया बन गई हैं? झारखंड में हेमंत सोरेन, दिल्ली में अरविन्द केजरीवाल और बंगाल में अभिषेक बनर्जी जैसे नेताओं के खिलाफ जिस तरह से ईडी का एक्शन हो रहा है, क्या चुनाव में इसका फायदा बीजेपी को मिलेगा। क्या जनता इस तरह की कार्रवाई को गंभीरता से लेती है और सबसे बड़ा सवाल ये कि विरोधी दलों की रणनीति पर, विपक्ष की एकता पर इस तरह के एक्शन्स का क्या असर होता है? पिछले पांच सालों में ईडी की सक्रियता जिस तेजी से बढ़ी है, और ईडी के अफसर जितनी फुर्ती से विरोधी दलों के नेताओं के घर दफ्तर और दूसरे ठिकानों पर पहुंच रहे हैं। उससे लोगों के मन में ये शक पैदा हुआ है कि मामला सिर्फ कानूनी नहीं, बल्कि सियासी भी है। हालांकि सरकारी एजेंसियों पर दुरुपयोग के आरोप लगते रहे हैं, सभी दलों की सरकारों पर। नरेन्द्र मोदी और अमित शाह ये दोनों नेता इसके भुक्तभोगी है। वो दौर कांग्रेस का ही था। जब सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को सरकार का तोता कहा था। ये सही है कि कांग्रेस के राज में सिर्फ सीबीआई ही बदनाम थी। ईडी का नाम भी लोग नहीं जानते थे, लेकिन उसकी वजह थी। जैसे पहले प्रेस परिषद हुआ करती थी। वैसे ही ईडी थी। काम का दायरा तो बड़ा था, लेकिन अधिकार शून्य थे। मोदी की सरकार के पहले कार्यकाल में ईडी खामोश रही। मनमोहन सिंह की सरकार के वक्त 2012 से 2014 तक ईडी ने औसतन हर साल दो सौ मामलों की जांच की। 2014 के बाद 2016-17 तक ईडी की सक्रियता में कमी आई। 2019 तक हर साल औसतन ईडी ने दो सौ केस ही दर्ज किए, लेकिन 2019 के बाद अचानक तेजी आई। इसका कारण ये था कि मोदी ने कानून में बदलाव करके ईडी को पावरफुल कर दिया। पहले ईडी उसी केस में जांच कर सकती थी जिसमें कोई दूसरी एजेंसी पीएमएलए के तहत जांच कर रही हो। ईडी को अपनी तरफ से एफआईआर दर्ज करने और गिरफ्तारी का हक नहीं था। मोदी सरकार ने ये दोनों अधिकार ईडी के दे दिए और ये कानून मनी बिल के तौर पर संसद में पेश किया, क्योकि उस वक्त राज्यसभा में सरकार का बहुमत नहीं था। ये मामला सुप्रीम कोर्ट गया लेकिन खारिज हो गया। मोदी ने ईडी को जो ताकत दी, उसका असर उसी वक्त से दिखने लगा और अब हालात ये है कि ईडी औसतन हर साल दो हजार केस दर्ज कर रही है। अभी तक जितने मामले सामने आए हैं। उससे ये भी परसेप्शन बना है कि ईडी उन्हीं लोगों के पीछे पड़ी है जो सरकार के खिलाफ हैं विरोधी दलों में हैं। सोनिया गांधी, राहुल गांधी, हेमंत सोरेन,



अरविन्द केजरीवाल, लालू यादव, तेजस्वी यादव, फारूख अब्दुल्ला, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, सत्येन्द्र जैन, अभिषेक बनर्जी, पार्था चटर्जी संजय राउत, अनिल देशमुख, नबाब मलिक, रोहित पवार, जैसे दर्जनों विरोधी दलों के ऐसे नेता हैं जिनके खिलाफ ईडी रोज रोज नए-नए समन जारी करती है। हालांकि ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों ने हिमंता विश्व सरमा, छगन भुजबल, नारायण राणे, अजीत पवार जैसे नेताओं के खिलाफ भी केस दर्ज किए, लेकिन केस तब दर्ज किए गए जब वो विपक्ष में थे। जैसे ही उन्होंने पाला बदला तो ईडी का रुख भी बदल गया। इन नेताओं के खिलाफ जो केस थे या तो वो बंद हो गए या फिर ठंडे बस्ते में चल गए, इसलिए ये परसेप्शन बना कि ईडी सरकार के इशारे पर काम कर रही है, लेकिन सवाल ये है कि ये काम कांग्रेस के जमाने में भी होता था और बीजेपी के जमाने में भी हो रहा है, इसलिए जनता पर इसका कोई खास फर्क नहीं पड़ता। अगर किसी भी पार्टी के भ्रष्टचार में लिप्त नेता के खिलाफ एक्शन होता है तो इसमें फायदा जनता का ही है, लेकिन जनता पर इस बात का फर्क जरूर पड़ता है कि पार्टी बदलने के बाद किसी नेता के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला बंद हो जाए। अगले ही दिन वो साफ छवि वाला और ईमानदार घोषित हो जाए और सरकार में मंत्री बन जाए। ऐसे लोगों को हमारे देश की पब्लिक पंसद नहीं करती और इससे सरकार और जांच एजेंसी की छवि खराब होती है।

अब सवाल ये है कि देश की सियासत पर ईडी के एक्शन से राजनीति पर क्या असर होगा। दो असर हैं वो तो झारखंड और महाराष्ट्र में साफ दिख रहे हैं। झारखंड में हेमंत सोरेन को कुर्सी छोड़नी पड़ी। हेमंत ने ईडी का सामना करने और गिरफ्तारी से बचने की हर कोशिश की, लेकिन कामयाब नहीं हुए। झारखंड में सरकार बदली हालांकि बीजेपी पावर में नहीं आई। शायद उसके लिए कोशिश भी नहीं की गई। महाराष्ट्र में बीजेपी की सरकार बनी महाराष्ट्र में शिवसेना तो पहले ही टूट गई थी। बीजेपी सत्ता में आ गई, लेकिन सरकार उतनी मजबूत नहीं थी। बीजेपी ये समझती है कि जो विधायक एकनाथ शिन्दे के साथ पार्टी छोड़कर आ सकते हैं, वो कल को बीजेपी को भी धोखा दे सकते हैं, इसलिए सरकार सिर्फ एकनाथ शिन्दे के भरोसे चलाना ठीक नहीं था। अजीत पवार सरकार की बैशाखी बन गए और बदले में उन्हें कुर्सी मिल गई। पाला बदलने वालों के आइडल हैं हिमंता विश्व सरमा। जो कभी कट्टर कांग्रेसी थे। शारदा स्कैम में फंसे। जांच शुरू हुई। उन्होंने पाला बदला। जांच किनारे हो गई। बीजेपी ने उन्हें मुख्यमंत्री बना दिया। अब वो बीजेपी के कैंपेनर हैं, इसलिए अब जो विपक्ष में रहकर परेशान हैं। वो बीजेपी से जुड़ने का रास्ता तलाश रहे हैं।

फिर सवाल ये उठता है कि क्या ईडी का डर विरोधी दलों के गठबंधन को तार तार कर देगा। इसका जबाव है बिल्कुल नहीं। क्योंकि न सब बीजेपी में आ सकते हैं और न बीजेपी सबको ले सकती है। चर्चा तो ये भी है गिरफ्तारी से पहले हेमंत सोरेन इसीलिए दिल्ली आए थे कि किसी तरह बीजेपी की टॉप लीडरशिप से बात हो जाए। कोई रास्ता निकल आए, लेकिन बीजेपी के किसी नेता ने उनसे मिलना तो दूर बात करना भी ठीक नहीं समझा। अब हेमंत सोरेन गिरफ्तार हो गए। उनकी कुर्सी चली गई, इसलिए झारखंड मुक्ति मोर्चा तो विरोधी दलों के गठबंधन का पक्का साथी हो गया। इसी तरह अरविन्द केजरीवाल हों, उद्धव ठाकरे हों, लालू यादव हों, इन सबको ईडी का डर और करीब लाएगा। अभी ममता बनर्जी व अखिलेश यादव भले ही कांग्रेस से मोल तोल कर रहे हों। लेकिन शरद पवार इन दोनों को यही समझाएंगे कि उनके राज्यों में कांग्रेस कमजोर जरूर है, खत्म नहीं हुई है। अगर कांग्रेस से दूरी बना ली। कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार अलग से खड़े किए तो वोट बंटेगा और इसका सीधा फायदा बीजेपी को होगा। इसलिए अगर ईडी के संकट से बचना है तो कांग्रेस के साथ रहना ही होगा। इस तरह ईडी का एक्शन विरोधी दलों के गठबंधन को बिखरने से रोकेगा। उनके बीच फेविकोल का जोड़ लगाएगा, जो जब तक चुनाव की गर्मी रहेगी तब तक तो विरोधी दलों को एक साथ चिपकाए रखेगा।

## संक्षेप

### मैजिक शो के माध्यम से बैंकिंग सुविधा का लाभ उठाने के लिए किया गया प्रेरित

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जिला सहकारी बैंक सलारपुर के शाखा प्रबन्धक बद्री सिंह ने बताया कि नाबार्ड के वित्तीय साक्षारता मिशन अन्तर्गत जिला सहकारी बैंक से सम्बन्धित बी पैक्स कल्पीपारा एवं धर्मनपुर में मैजिक शो के माध्यम से बैंक शाखा सलारपुर में नये बैंक खाता खुलवाने, केसीसी ऋण की सुविधा प्राप्त करने, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, अटल पेंशन योजना एवं डिजिटल बैंकिंग के सम्बंध में ग्रामीणों को जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम के दौरान शाखा प्रबन्धक श्री सिंह द्वारा मौजूद लोगों को अधिक से अधिक बैंकिंग सुविधा का लाभ उठाने के लिए अपील की गयी।

### युवक पर दोस्तों ने चाकू से किया हमला

मॉर्निंग वॉक पर निकला था, हमला कर भागे आरोपी, क्रिकेट मैच में हुआ था विवाद

प्रतापगढ़, घर से टहलने निकले युवक को दोस्तों ने चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने उसे प्रयागराज रेफर कर दिया है। वारदात अंतू थाना क्षेत्र के खैरा गौरबारी के रामलीला मैदान की है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद, कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। अंतू के खैरा गौरबारी निवासी रुपेश वर्मा (20) पुत्र रामदयाल कल देर रात घर से कुछ दूर स्थित रामलीला मैदान में टहलने गया था। उसका गांव के ही विवेक से क्रिकेट मैच को लेकर कुछ दिन पहले विवाद हुआ था। रुपेश मैदान में टहल रहा था। रंजिश के चलते विवेक व उसके परिवार के सूबेदार, संतलाल, कुछ अज्ञात लोग मैदान में पहुंच गए। रुपेश को गाली देते हुए उस पर चाकू से कई बार गर्दन पर हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर गांव और परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संडवा चंद्रिका पहुंचे। वहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### समाधान दिवस में समस्याओं को लेकर बिफरे वकील

लालगंज, लालगंज में तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में छुट्टा मवेशियों से फसल नुकसान तथा तहसील परिसर में ग्यारह हजार क्षमता के जर्जर विद्युत तार आदि समस्याओं को लेकर शनिवार को अधिवक्ताओं ने ज्ञापन सौंपा। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुआई मे वकील नारेबाजी करते समाधान दिवस मे पहुंचे। वकीलों की नारेबाजी से कुछ देर के लिए समाधान दिवस में रूकावट देखी गयी। वकीलों ने जिले के डीएम को संबोधित ज्ञापन संयुक्त रूप से अपर जिलाधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा तथा अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय को सौपा।

# समय से वन विभाग ने लगाया होता पिंजरा तो नही होता तेंदुए का हमला

## वन विभाग द्वारा घायल बालिका के परिजनों को दी गई 10 हजार की धनराशि

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। जंगल के आसपास आए दिन लगातार वन्य जीवों द्वारा किसी न किसी को घायल कर देने की खबरें सुनने और देखने को मिल रही है। लेकिन वन विभाग द्वारा इन घटनाओं को रोकने के लिए कोई ठोस योजना नहीं है। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के मुर्तिहा वन रेंज में जंगल से निकलकर खेतों में तेंदुओं के पंहुचने से ग्रामीणों मे काफी दहशत दिखाई पड रही है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि लगातार गांव में तेंदुए की दस्तक की सूचना वन विभाग को मौखिक रूप से दी जाती है और पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकडने की मांग की जाती है लेकिन वन विभाग हम लोगों की बातों पर ध्यान नही देता है। ज्ञात हो कि पिछले जनवरी महीने में ही इसी गिरधरपुरवा गांव में घर के बाहर नल से पानी भर रहे मुरली के दो बच्चों अंजली तथा अर्जुन पर हमला कर घायल कर दिया था ग्रामीणों ने हांका लगाते हुए तेंदुए को भगाया था तब जाकर दोनों बच्चों की जान बची थी और तभी से तेंदुआ गांव के आसपास लगातार देखा जा रहा है। तेंदुए को पकडने के लिए ग्रामीणों ने वन विभाग से पिंजरा लगाने को कहा लेकिन किसी ने ध्यान नही दिया। जिससे सोमवार को रात लगभग 7 बजे गिरधरपुरवा में संतोषी 10 वर्ष अपनी मां के साथ घर के सामने खडी थी और मां घर के अन्दर थी। इस दौरान गन्ने के खेत से निकले तेंदुए ने बालिका पर हमला कर लहूलुहान कर दिया। बच्ची के चिल्लाने पर घर से निकली माँ ने बच्ची को तेंदुए के जबडे में देख जोर जोर से चिल्लाने लगी चीख पुकार सुन इकट्ठा हुये ग्रामीणों ने तेंदुए के जबडे से बच्ची को छुड़ा लिया। ग्राम प्रधान अनिल जायसवाल की सूचना पर पंहुचे वन विभाग के कर्मचारियों ने बालिका को निजी वाहन से सीएचसी मिहीपुरवा लाये बालिका की गम्भीर हालत को देखते हुए डाक्टरों ने बहराइच जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया ।वन विभाग द्वारा घायल बालिका के पिता को 10 हजार की तत्काल आहेतुक आर्थिक सहायता प्रदान की गयी है। वहीं बालिका का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है बालिका के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है ।अगर ग्रामीणों की बातों को नजरंदाज न कर वन विभाग द्वारा समय से पिंजरा लगाया होता तो इस घटना की पुनरावृत्ति न होती ।वन क्षेत्राधिकारी मुर्तिहा रत्नेश कुमार ने बताया कि गिरधरपुरवा में सोमवार की रात हुये तेंदुए के हमले के बाद सूचना पर मौके पर वन कर्मियों को भेजा गया था तथा घायल बालिका के परिजनों को 10 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान की गयी है मंगलवार की सुबह गांव के पास तेंदुए को पकडने के लिए पिंजरा लगाया गया है।

# ई-रिक्शा चालक की ईट पत्थर से कूट-कूट कर हत्या



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। थाना कैसरगंज के अंतर्गत हरनी चौराहे पर मामूली विवाद के बाद हमलावर एक युवक ने एक ईरिक्शा चालक की दिन दहाड़े ईट पत्थर से हमलाकर सिर कूंच कर हत्या कर दी तथा मौके से फरार हो गया। हमलावर की वारदात से पीड़ित चीखता रहा। सांसे थमने पर उसकी चीखें थम गई। लोग तमाशाई बने वीडियो बनाते रहे। हत्या की वारदात की भनक लगते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। कैसरगंज थाने के दिकौली कलां निवासी बैटरी रिक्शा चालक 25 वर्षीय प्रवेश राव पुत्र रामसेवक मंगलवार दोपहर करीब 3.45 बजे हरनी चौराहा पर सवारी का इंतजार कर रहा था। इसी बीच दिकौली कला के ही रहने वाले पड़ोसी 27 वर्षीय गंगा पुत्र ननकऊ से अचानक विवाद हो शुरू हो गया। दोनों के आपस में बढ़ते विवाद के बीच गंगा ने प्रवेश के चेहरे पर ताबड़तोड़ ईंट व पत्थर से लगातार प्रहार करना शुरू कर दिया। युवक तब तक तक ईट से वार करता रहा जब तक प्रवेश की मौत नहीं हो गई। दिनदहाड़े बीच चौराहे पर युवक की मौत से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर आनन फानन पहुंचे पुलिसकर्मियों ने मृतक के शव को कब्जे में लिया और पुलिस कार्रवाई में जुट गई। थानाध्यक्ष राजनाथ सिंह ने बताया कि ईंट से हमला कर वारदात को अंजाम दिया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। विवाद का कारण अभी स्पष्ट नहीं पता चला है।

### लोग बनाते रहे वीडियो

कैसरगंज थाने के हरनी चौराहा पर भीड़ भाड़े वाले इलाके में जिस समय युवक पर ईंट से प्रहार हो रहा था उस समय सैकड़ो की संख्या में लोग एकत्रित होकर तमाशा देख रहे थे। वही कुछ लोग उसे बचाने के बजाय वीडियो अपलोड करते रहे। यदि समय रहते उसे कोई भी बचाने का प्रयास करता तो युवक की जान बच सकती थी।

# कप्तान के निर्देश पर मोतीपुर पुलिस ने 13 वारंटी को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मोतीपुर, बहराइच ।पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डाक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी, पुलिस क्षेत्राधिकार राहुल पांडे के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक मोतीपुर दद्दन सिंह ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव से तेरह वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटी को न्यायालय के समक्ष भेजा गया है। गिरफ्तार होने वालों में थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजू उर्फ राजेश गुप्ता, किशोरी, भल्लर, द्वारी, जाकिर, कलीम, इरफान, मखरु, केशव राम, रामसूरत, प्रताप सिंह, मोती उर्फ गोबरे, जगदीश शामिल हैं जो थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव के रहने वाले थे। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव से तेरह वारंटी को गिरफ्तार कर के न्यायालय के समक्ष रवाना किया गया है ।गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह, उप निरीक्षक जनार्दन यादव, हरिद्वार तिवारी, राघवेंद्र सिंह, अमरेश कुमार गिरी, हेड कांस्टेबल रामानंद यादव, सिपाही अंशुमान सिंह, पवन यादव, रामनिवास अशोक तिवारी शामिल रहे।



# विशेश्वरगंज में आयोजित हुआ रोजगार मेला ,163 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। राजकीय आईटीआई, उ.प्र. कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, बहराइच के संयुक्त तत्वावधान मे पं. दीन दयाल उपाध्याय कौशल्य ग्रामीण योजनान्तर्गत खण्ड विकास अधिकारी विशेश्वरगंज के कार्यालय सभागार में आयोजित ब्लाक स्तरीय रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाली 08 कम्पनियों द्वारा 245 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर 163 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले का संचालन खजांची लाल यादव ने किया। इस अवसर पर मेला प्रभारी राहुल बाजपेयी, धर्मेन्द्र कुमार, धर्मेन्द्र गोड, अर्पित मौर्य, भानु प्रताप व निरंजन लाल सहित अन्य कार्मिक, अभ्यर्थी व आमजन मौजूद रहे।

# राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष का आगमन

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। राज्य सफाई कर्मचारी आयोग उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष लालमणि कुमार उर्फ लाल बाबू प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार 06 फरवरी को 2024 को रात्रि 09 बजे जनपद बहराइच पहुंचकर रात्रि विश्राम करेगें। उपाध्यक्ष श्री लाल बाबू 07 फरवरी 2024 को मध्यान्ह 12 बजे से निरीक्षण भवन में नगर पालिका परिषद बहराइच एवं नानपारा तथा नगर पंचायत रिसिया, जरवल, कैसरगंज, पयागपुर, मिहींपुरवा व रूपईडीहा के अधि. अधि. के साथ बैठक करेगें। इसके उपरान्त उपाध्यक्ष श्री लाल अपरान्ह 03 बजे से निरीक्षण भवन में डीपीआरओ, सीएमओ, अधिशषी अभियन्ता जल निगम, बाढ़ खण्ड, सिचाई के साथ बैठक करेगें।

# मुर्तिहा रेंज में तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग ने लगाया पिंजरा

अमन लेखनी समाचार


मोतीपुर, बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में इन दिनों वन्य जीवों का हमला लगातार बढ़ता जा रहा है। सोमवार देर शाम रेंज मुर्तिहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरी के मजरा गिरधरपुरवा में 10 वर्षीय बालिका संतोषी पर तेंदुए ने हमला कर घायल कर दिया था। जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। वन क्षेत्राधिकार मुर्तिहा रत्नेश कुमार ने बताया कि घायल बालिका के इलाज में काफी सुधार हुआ है। वही पीड़ित के परिजनों को दस हजार की तत्काल आर्थिक सहायता राशि दी गई है। पिंजरा लगा दिया गया है। पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने की कोशिश की जा रही है वन कर्मियों की टीम क्षेत्र में लगातार गस्त में जुटी हुई है जल्द ही तेंदुए को पकड़ लिया जाएगा। रेंजर ने बताया कि जब तक तेंदुआ पकड़ा नहीं जाता है तब तक लोगों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है।



# हमीरपुर में बच्चों को डिग्गी में बैठाकर दौड़ाई कार

- सीट फुल होने पर बच्चों को पीछे बैठा दिया, जमीन पर छू रहे थे पैर

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर, हमीरपुर में एक कार चालक फाइव सीटर कार में सीटें फुल होने पर बच्चों को डिग्गी में बैठा कर फरार्टा भरता दिखाई दे रहा है। बच्चे डिग्गी में बैठ कर पैर लटकाए हुए हैं। ऐसे में शहर के बीचो बीच इस तरह से सफर करना बेहद खतरनाक हो सकता है। जिसकी कार चालक को फिक्र नहीं है। वायरल वीडियो हमीरपुर मुख्यालय में एसपी आवास से लेकर लक्ष्मीबाई तिराहे तक बनाया गया है। इस वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि कार की सभी सीटें फुल होने पर कार चालक ने डिग्गी खोल कर उसमें दो बच्चों को बैठा लिया है। जो पैर लटका कर फरार्टा भर रही कार में बैठे हैं। यात्रा करते समय स्टंटबाजी के इस तरह के वीडियो अक्सर वायरल होते रहते हैं। जिनमें तमाम लोग हादसे का शिकार होते हैं। इस तरह से सफर करना यातायात नियमों का उल्लंघन भी है। जिस पर पुलिस कार्यवाही भी करती है।

अब जब हमीरपुर का यह वीडियो जम कर वायरल हो रहा है तब देखना यह होगा कि पुलिस इस लापरवाह कार चालक के खिलाफ कब कार्यवाही करती है।

# उड़ीसा से एक हजार किलोमीटर पैदल चलकर अयोध्या पहुंचा युवक

## कहा- रामलला को देखकर दूर हो गई सारी थकान, 33 दिन में पूरी की यात्रा

अमन लेखनी समाचार



अयोध्या, रामलला के दर्शन के लिए एक युवक उड़ीसा से लगभग एक हजार किलोमीटर की यात्रा करके अयोध्या पहुंचा। उड़ीसा के अंगुर जिले के रहने वाले शुभम साहू बेहद सर्द मौसम में 4 जनवरी को भगवान के दर्शन के लिए घर से नंगे पांव निकल पड़े। रास्ते में कई जगह उनका स्वागत किया। करीब 33 दिन में उन्होंने यह यात्रा पूरी की। शुभम ने बताया कि आठ महीने पहले उड़ीसा के शुभम साहू ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर पैदल चलकर अयोध्या आने का संकल्प लिया था और फिर सर्द रातों का सामना करते हुए आखिरकार अपनी मंजिल पर पहुंच ही गए। शुभम ने भगवान से किए वादे के लिए किसी भी चीज की परवाह नहीं की। उनकी इस कठिन यात्रा की जानकारी युवा इंजीनियर सिद्धांत दुबे को हुई तो उन्होंने रामनामा पहनाकर शुभम का स्वागत कर और उन्हें अतिथि बनाकर घर लाए। इसके बाद उनके रहने और भोजन का भी प्रबंध किया। शुभम का कहना है कि वह अपने पिता के इकलौते पुत्र हैं। उनकी दो सगी बहनें हैं और दोनों की शादी 12 फरवरी 2024 को होनी है। लेकिन वह घर न जाकर अयोध्या के बाद सीता जी की जन्मस्थली जनकपुर जाने की तैयारी में हैं। उन्होंने कहा कि लगभग एक महीने की यात्रा कर जब वह शुक्रवार शाम रामलला के दरबार में पहुंचे और उनके मनमोहिनी रूप का दर्शन किया तो यात्रा की सारी थकान दूर हो गई। मन आनंद से भर गया है। अयोध्या के इस आनंद को अपने भीतर आत्मसात करने के लिए वे दो दिन अयोध्या में ही रुके हैं।

# बांदा में अपराधियों की 90 लाख की संपत्ति कुर्क

- अपराध के बल पर दो आरोपियों ने बनाई थी प्रॉपर्टी, हत्या समेत कई मुकदमे हैं दर्ज

अमन लेखनी समाचार




बांदा, बांदा में अपराधियों पर पुलि प्रशासन ने बड़ा एक्शन लिया है। जहां 89 लाख 22 हजार 50 रुपए की संपत्ति कुर्क की गई है। अभियुक्तों के खिलाफ अतर्रा थाना में गैंगस्टर एट जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पूरा मामला बांदा के अतर्रा थाना क्षेत्र अत्रि नगर का है। यहां रहने वाले शिव नरेश उर्फ राजा द्विवेदी पुत्र कैलाश द्विवेदी व सौरभ गुप्ता उर्फ हनुमान पुत्र श्रीकांत गुप्ता द्वारा अपराधिक कार्यों में रहकर अवैध रूप से 89 लाख 22 हजार ?50 कीमत की बनाई गई अवैध संपत्ति को कुर्क कर लिया गया है। अभियुक्त शिव नरेश द्विवेदी द्वारा सौरव गुप्ता के साथ गिरोह बनाकर लगातार आपराधिक कार्यों में संलिप्त रहकर अवैध रूप से संपत्ति अर्जित की थी। अभियुक्त शिव नरेश उर्फ राजा द्विवेदी के ऊपर हत्या, हत्या के प्रयास, मारपीट सहित गंभीर धाराओं में 4 अभियोग तथा अभियुक्त सौरव गुप्ता के ऊपर हत्या गैंगस्टर एक्ट अवैध मादक पदार्थों की तस्करी समेत 6 अभियोग अतर्रा थाना में दर्ज हैं। जिसको लेकर पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है जहा पर पुलिस ने 89 लाख 22 हजार 50 रुपए की अवैध संपत्ति कुर्क कर ली गई है।

# युवक का शव सड़क पर रखकर परिजनों ने किया हंगामा

आरोपियों की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग पर अड़े, बोले- हत्या की गई है

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़, प्रतापगढ़ के महेशगंज थाना क्षेत्र के हीरागंज नगर पंचायत निवासी मनोज मिश्रा की संदिग्ध परिस्थिति में शुक्रवार को देर शाम मौत हो गई थी। लालगंज थाना क्षेत्र के जलेशरगंज हरनाहर के पास मौत हुई थी। उसके बाद सूचना पर पुलिस पहुंची थी। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया था। उसके बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। शनिवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को शव सौंप दिया था। रविवार को परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर हीरागंज बाजार में शव रखकर चक्का जाम कर दिया और प्रदर्शन करते हुए आरोपियों की गिरफ़्तारी की मांग की। साथ ही परिजनों ने मुआवजे की भी मांग की। सुरक्षा के लिए एक शस्त्र लाइसेंस की मांग की। मांग पूरा नहीं होने तक अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया है। परिजनों ने कहा कि वे पत्नी और दोनों बच्चों को ससुराल छोड़ कर घर लौट रहे थे। रास्ते में ई-रिक्शा रुकवाकर मनोज की निर्मम हत्या कर दी गई। मौके पर महेशगंज पुलिस पहुंचकर समझाने का प्रयास कर रही है।

# बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव के तहत आयोजित हुई प्रतियोगिता

- छात्राओं ने सुंदर रंगोली और शानदार मेहंदी कला का किया प्रदर्शन, प्रतिभागी छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

अमन लेखनी समाचार



राठ, बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव कार्यक्रम के तहत आज नगर के बीएनवी इंटर कालेज में रंगोली व मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय की अध्ययनरत छात्राओं ने सहभागिता की। प्रतियोगिताओं का परिणाम घोषित कर सभी विजेताओं तथा प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्द्धन किया गया।

स्थानीय बीएनवी इंटर कालेज में आज बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव कार्यक्रम के तहत रंगोली व मेंहदी प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने सहभागिता की और सुंदर-सुंदर रंगोली बनायी। वहीं एक से बढ़कर एक मेंहदी कला का भी प्रदर्शन किया। नगर पालिका परिषद के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सोमदत्त चौरसिया, हरिश्चंद्र, मनीष गुप्ता एवं फैजल खान प्रतियोगिताओं के दौरान मौजूद रहे। प्रधानाचार्य नरेश चन्द्र आर्य, प्रवक्ता शीला सोनकर, जितेन्द्र शरण गुप्ता, राजीव कुमार गुप्ता, शैलेश कुमार खेवरिया, गंगोत्री व वरिष्ठ लिपिक विनय कुमार महान ने प्रतियोगिताओं को सम्पन्न कराया। मेंहदी प्रतियोगिता में कक्षा 11 कला वर्ग की रीमा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, 11 कृषि की आकांक्षा ने द्वितीय और 12 कला सोनम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# संक्षेप

## तहसील स्तर में आयोजित होगी खेलकूद प्रतियोगिता

**9 फरवरी से 13 फरवरी तक प्रतिभागी 14 वर्ष तक के बच्चे दिखाएंगे जौहर**



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की मुहिम पर सांसद खेल प्रतिस्पर्धा के तहत खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 9 फरवरी से प्रारंभ किया जाएगा तहसील स्तर में होने वाली इस प्रतियोगिता में 14 वर्ष से कम आयु के बच्चे प्रतिभाग करेंगे प्रतियोगिता में क्रिकेट एथलेटिक्स तथा खो-खो आदि के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे

## तेल से भरे टैंकर को सेल टैक्स ने पकड़ा

**14 हजार लीटर सरसों का तेल भरा था, चालक नहीं दिखा सका कागजात**

जालौन, जालौन की सेल टैक्स टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सरसों से भरे तेल के एक टैंकर को चालक सहित पकड़ा है, जो मध्य प्रदेश से अवैध तरीके से सप्लाई के लिए जा रहा था। सेल टैक्स टीम ने टैंकर को चालक सहित पकड़कर कोतवाली में खड़ा कर दिया और कागजी कार्रवाई शुरू कर दी है। पूरा मामला जालौन कोतवाली क्षेत्र के बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का है। यहां जालौन की सेल टैक्स टीम को सूचना मिली कि मध्य प्रदेश के भिंड जनपद से एक टैंकर वढ 80 ळळ 4517 में अवैध तरीके से सरसों का तेल भरकर आ रहा है। इस सूचना पर सेल टैक्स टीम ने जालौन कोतवाली क्षेत्र के बंगरा जालौन रोड स्थित बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के पास चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान भिंड जनपद की ओर से एक तेल का टैंकर आता हुआ दिखाई दिया, जिस पर सेल टैक्स टीम ने उस टैंकर को रोककर चालक माता प्रसाद निवासी धनौली तहसील मेहगांव भिंड से पूछताछ की और टैंकर में देखा तो उसमें सरसों का तेल भरा हुआ था, जिस पर चालक माता प्रसाद से कागज दिखाने के लिए कहा गया।

## मेरठ में ट्रैक जोड़ने वाली मशीन सड़क पर पलटी

मेरठ, मेरठ में बड़ा हादसा होने से टल गया। रैपिड रेल निर्माणकार्य के लिए ट्रैक जोड़ने वाली मशीन को क्रेन से यार्ड में ले जाया जा रहा था। दिल्ली रोड पर माधवपुरम गेट के पास ट्रैक मशीन ओवरलोड होने से क्रेन से नीचे पलट गई। बारिश के चलते लोग सड़क पर नहीं निकले थे अन्यथा एलएनटी की लापरवाही से बड़ा हादसा हो सकता था।

# गोला में तीन दुकानों सहित आधा दर्जन स्थानों पर चोरों की भीषड़ चोरी, पुलिस को सीधे चुनौती

## लाखों की नगदी सहित जेवरात और अन्य कीमती सामानों की हुई चोरी



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। नगर पंचायत गोला में चोरों ने सोमवार की रात जमकर चोरी किया। दो ज्वैलरी, एक दवा की दुकान, तीन घरों और ट्रक से डीजल चोरी कर पुलिस के इकबाल को जमकर चुनौती दी। सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन का दावा बेनकाब हुआ। अज्ञात चोरों ने दुकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मंगलवार सुबह से लगातार चोरी की घटनाओं को सुनकर कस्बे के लोग भयभीत हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम जांच पड़ताल में जुटी है। खबर लिखे जाने तक मुकदमा पंजीकृत नहीं हुआ है, कस्बा के सेमरी मोड़ पर स्थित मां शीतला ज्वेलर्स की दुकान में चोर शटर को तोड़कर चोरी किया। दुकान मालिक संतलाल वर्मा का कहना है कि चोर तीन किलो चांदी व उससे बना जेवर, सात ग्राम सोने की कील, एक हजार नगद उठा ले गए। दुकान में सीसीटीवी कैमरा भी नहीं लगा है। बगल में स्थित पशु दवा घर अनिल भट्ट के दुकान में भी चोर नकब काटकर साढ़े ग्यारह हजार नगद, तीन एटीएम कार्ड, इनवर्टर और बैट्री उठा ले गए। उसके बगल में काव्य इलेक्ट्रिकल्स में भी पीछे से नकब काटने का प्रयास किया गया है। कस्बे में थाने से सौ कदम दूर पूरब स्थित चंदन वर्मा ज्वेलर्स की दुकान में नकब काटकर सारा सामान उठा ले गए। दुकानदार का कहना है कि प्रथम दृष्टया तीन से चार लाख का सामान चोरी गया है। पुलिस ने तिजोरी को फोरेंसिक जांच के लिए सुरक्षित कर लिया। तिजोरी देखने के बाद ही सही आकलन हो सकेगा। इस दुकान में लगे तीन सीसीटीवी कैमरा को चोरों ने तोड़ दिया। एक सीसीटीवी कैमरा बचा है। पुलिस ने डीवीआर अपने कस्टडी में ले लिया है। नगर पंचायत में स्थित बनकटा गांव निवासी और सभासद सच्चिदानंद राय के दरवाजे से 25 बोरा और इसी गांव निवासी रवि राय के घर के दरवाजे पर रखा दस बोरा, बेवरी निवासी राहुल गुप्ता के दुकान के सामने रखा दस बोरा धान चोर उठा ले गए। कस्बे के बेवरी चौराहे पर सीमेंट लेकर आई ट्रक की टैंक में भरे डीजल चोरी कर लिया। सुबह सुबह चोरी की इतनी घटनाओं को सुनकर लोग काफी भयभीत दिखे।मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम का नेतृत्व कर रहे कमलेश कुमार ने बताया की कुछ फिंगर प्रिंट मिला है जांच चल रही है। उधर घटनास्थल पर एसपी साउथ जितेंद्र कुमार व सीओ रत्नेश्वर सिंह मौके का जायजा लिया।

# श्री विष्णु महायज्ञ मे पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य व ग्रामवासीयों ने बताया कल होगी पूर्णाहुति

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। कैम्पियरगंज छः,फरवरी सोमवार को तहसील क्षेत्र स्थित के जन कल्याणार्थ के लिए श्री विष्णु महायज्ञ पंचायत भवन मोगलहा परिसर में पहुंचे विजय शंकर यादव पूर्वांचल विकास बोर्ड सदस्य एवं हियुवा जिलाध्यक्ष गोरखपुर के साथ प्रदीप कुमार सिंह,रामनेवास सिंह हरिगोविंद वर्मा,पूर्व प्रधानगण में दीनानाथ सिंह कुनवार, नटवरलाल,रामनरेश यादव बन्दोह,गोरख यादव जवैनिहा एवं राकेश जवैनिहा,कमलेश वर्मा पूर्व सभासद,शिवप्रसाद सिंह, संजय सिंह,मनीष गौड़ विनय वर्मा 31 जनवरी बुधवार से शुभआरम्भ होकर 08 फरवरी दिन बृहस्पतिवार को पूणार्हुति होगा यज्ञ में प्रवचन व संतरामाणम,जन कीर्तन एवं रामलीला मंचन का ग्राम वासी खुब आनंद ले रहे हैं। आचार्या जया तिवारी चारों पुराणकथा प्रवक्ता,यज्ञ चार्या राधेश्याम तिवारी सहित अन्य इस मौके पर ग्राम प्रधान सुरेन्द्र चौधरी,कैलाश सिंह,राम पाल सिंह,महेन्द्र यादव एडवोकेट, रामनिवास सिंह,सतीश सिंह,रामराज सिंह,वीरेंद्र सिंह,व्यास शर्मा,रामभवन गुप्ता,जितेंद्र चौधरी, सचिन ,धीरज,मोहन मिश्रा,हरिगोविंद वर्मा , हरिद्वार शर्मा,जोखन सिंह, विनय वर्मा,रिंकू सिंह, हरीराम मिश्रा,प्रेम चंद सोनी, राधेश्याम शर्मा,पंकज शर्मा,आशुतोष शर्मा,दुर्गेश यादव ,संतोष यादव,शिवम मिश्रा, प्रहलाद,विनय वर्मा,दयाशंकर सिंह व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# नव नियुक्त 21 लेखपालों ने सदर तहसील में प्रभार किया ग्रहण

**सेवाकाल में नालेज, स्कील व एटीट्यूट सब के अंदर होनी चाहिए – आकांक्षा**

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। शासन द्वारा नव नियुक्त लेखपालो तहसील आवंटित कर दिया गया है सदर तहसील को मिले 21 लेखपालो ने आज सदर तहसील पहुंचकर पद भार ग्रहण किया नवनियुक्त लेखपालों को नायब तहसीलदार आकांक्षा पासवान ने सदर तहसील सभागार में नव नियुक्त लेखपालों को दायित्व और कर्तव्यों के बारे में बताया इस दौरान अधिनियम 1950 और भू व्यवस्था अधिनियम 1901 की नियमावली के बारे में जानकारी दी। भूमिधर के प्रकार से अवगत कराते हुए उन्होंने कहा कि ये तीन प्रकार के होते हैं। संक्राम अधिकार, असंक्राम अधिकारी तथा असामी। उन्होंने कहा कि आप प्रशिक्षण केन्द्र पर पूरी ईमानदारी व लगन से पूर्ण करें, जिससे आपकों आपकी सेवा काल में किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। सेवाकाल में तीन चीजें नालेज, स्कील व एटीट्यूट सभी के अंदर होनी चाहिए। जब बेहतर जानकारी होती है तो नौकरी और आसान हो जाती है। दूसरा स्कील या कौशल होगा तो तभी जनता की भावनाओं को समझेंगे और उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतर सकेंगे। तीसरा समाज के प्रति सहयोग का नजरिया सबके अंदर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि लेखपाल का काम 24 घंटे का होता है, क्योंकि आपदा यथा बाढ़ सूखा आदि का कोई समय नहीं होता है। आप सभी को हर समय अपने कर्तव्यों के निर्वहन के लिए तत्पर रहना चाहिए सभी को दिए गए दायित्वों को ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए कार्य करना होगा किसी के प्रलोभन में किसी प्रकार का कोई भी कार्य न करें इस दौरान रजिस्टार कानूनगो उदय राज रतना विवेकानंद लेखपाल विकास गुप्ता मौजूद रहे।

# शोधपीठ में भारतीय ज्ञान परंपरा पर आनलाईन व्याख्यान का आयोजन

**वेद भारतीय ज्ञान के स्रोत हैं प्रो. सुधीर कुमार श्रीवास्तव**

**भारतीय ज्ञान परंपरा में पर्यावरण विज्ञान, हाइड्रोलोजी, जिओलाजी के सिद्धांत के सूत्र विद्यमान हैं झ प्रो. सुधीर कुमार श्रीवास्तव**

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय स्थित महायोगी गुरु श्रीगोरक्षनाथ शोधपीठ द्वारा कुलपति प्रो0 पूनम टण्डन के संरक्षण में व्याख्यान श्रृंखला के अंतर्गत दिनांक 6 फरवरी 2024 ऑनलाइन व्याख्यान भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यक्रम समन्वयक डॉ. कुशलनाथ मिश्र के द्वारा मुख्य वक्ता के सामान्य परिचय एवं प्रस्ताविकी के साथ किया गया। इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के गणित एवं सांख्यिकी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष, पूर्व अधिष्ठाता, छात्र कल्याण तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. सुधीर कुमार श्रीवास्तव रहे। प्रो. सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध पक्षों पर आधुनिक संदर्भों के साथ विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने भारतीय ज्ञान प्रणाली के श्रुति परंपरा पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि वेद भारतीय ज्ञान के स्रोत हैं। श्रुति परंपरा के कारण वेद सुरक्षित रहे हैं। विचार मस्तिष्क में तरों ताजा बने रहते हैं। हमारे पूर्वजों ने इस तकनीक से ज्ञान परंपरा को सुरक्षित रखा। उन्होंने शास्त्रीय साहित्य को व्याख्यायित करते हुए कहा कि हमारे ज्ञान परंपरा में चतुर्दश विद्या की मान्यता मिली हुई है। चार वेद, छः वेदांग, इतिहास, धर्मशास्त्र, दर्शन, एवं न्याय- ये चौदह शास्त्रीय विद्या है। इसमें आधुनिक विज्ञान के सूत्र विद्यमान है। उन्होंने कणाद के वेग सिद्धांत की तुलना न्यूटन के गति के सिद्धांत से किया। प्राचीन भारत में गणित के उच्च प्रगति पर चर्चा करते हुए उन्होनें आर्यभट्ट, माधवाचार्य, ब्रह्मगुप्त, वराहमिहिर के गणितीय सिद्धांतों एवं योगदान पर आधुनिक उच्च गणित के आलोक में विस्तार से समझाते हुए अपने सम्बोधन मे कहा कि इनके ग्रंथों में पर्यावरण विज्ञान, हाइड्रोलोजी, जिओलाजी के सिद्धांत के सूत्र मिलते हैं। इस आनलाइन व्याख्यान में कार्यक्रम का संचालन शोधपीठ के रिसर्च एसोसिएट डॉ. सुनील कुमार द्वारा किया गया। शोधपीठ के सहायक निदेशक डॉ. सोनल सिंह द्वारा मुख्य वक्ता एवं समस्त श्रोताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। शोधपीठ के सहायक ग्रन्थालयी डॉ. मनोज कुमार द्विवेदी, शोध अध्येता हर्षवर्धन सिंह, डा. कुं. रणंजय सिंह, प्रिया सिंह, चिन्मयानन्द मल्ल उपस्थित रहे। वर्धा विश्वविद्यालय के पूर्व प्रति कुलपति प्रो. चितरंजन मिश्र सहित प्रो. हर्ष कुमार सिन्हा, प्रो. विनोद कुमार सिंह, प्रो. विजय कुमार, प्रो. विजय शंकर वर्मा, प्रो. गौर हरि बेहरा, प्रो. प्रदीप यादव, प्रो. हिमांशु पांडे, प्रो. अनुराग द्विवेदी, प्रो. उमेश यादव, प्रो. सुधा यादव, डॉ. गिरिजेश यादव, डॉ. आलोक कुमार आदि विश्वविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी एवं शोध छात्र जुड़े रहें। श्रोताओं ने भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे जिनका उन्होंने समाधान किया।

# गैंग बनाकर गोवंश की तस्करी करने के आरोप में एक गैंगस्टर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा संगठित अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के संबंध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी गोला के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक गोला के नेतृत्व में उ0नि0 फुलीन्दर यादव मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 642/2023 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट से संबंधित अभियुक्त यासीन उर्फ सिलेबी पुत्र स्व0 रहमु खान मोतीपुर थाना रोसरा जिला समस्तीपुर बिहार हाल पता रसेतपुरवा थाना सिकरीगंज गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया ।

# गैर इरादतन हत्या करने के आरोप में एक अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर द्वारा हत्या संबंधित अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक पिपराइच के नेतृत्व मे उ0नि0 शैलेन्द्र मिश्रा मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 91/2024 धारा 304 भादवि से संबंधित अभियुक्त 1. पिन्टू उर्फ बन्टी निषाद पुत्र सुदर्शन निषाद निवासी भवरामल थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर वर्तमान पता लगडी गुलरिया थाना पिपराईच गोरखपुर को गिरफ्तारी किया गया।

# एसपी ने देहात कोतवाली का किया निरीक्षण

- **खामियां मिलने पर अफसरों को लगाई फटकार, शस्त्रों को पुलिस कर्मियों से चलवाकर देखा**

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, बुलंदशहर नगर कोतवाली में एसपी देहात रोहित मिश्रा ने औचक निरीक्षण किया। कोतवाली परिसर में भ्रमण के दौरान नवनिर्मित बिल्डिंग की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और कोतवाली में बारिश के पानी भरने की व्यवस्था के बारे में आश्वासन देकर कहा कि जल्द ही इस समस्या को हल कराया जाएगा। औचक निरीक्षण के दौरान क्राइम रजिस्टर, मालखाना,शस्त्र गोदाम, हवालात एवं मैस रसोईघर में खाने की व्यवस्था की जांच पड़ताल की। शस्त्रों में कार्बाइन, इंसास, एसएलआर, टीआर गन, एनटी नाइट गन को पुलिस कर्मियों से खुलवाया और चलाने के बारे में विस्तार से जानकारी ली गई। एसपी देहात ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कोतवाली परिसर का भ्रमण किया गया और अभिलेखों का अवलोकन किया गया और मालखाने का निरीक्षण किया गया। कुछ खामियां मिलने पर जल्द से जल्द निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया गया और पिछले साल की लम्बित विवेचनाओं का निस्तारण के लिए निर्देश दिए गए। सीओ रामकरन के सामने एचएस मृतक के खाका रजिस्टर को नष्ट कर दिया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी पेशकार रविंद्र कुमार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रण सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर अतुल कुमार चौहान, एसएसआई तेजेंद्र पाल सिंह, दौलतपुर चौकी इंचार्ज उम्मेद अली, धरमपुर चौकी इंचार्ज हरेंद्र कुमार, करणवास चौकी इंचार्ज संजीव कुमार, उ.नि. नरेन्द्र प्रताप चौधरी, उनि मघेन्द्र सिंह, मालखाना इंचार्ज चरन सिंह, हेडमोहर्रर के.के गौतम और पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

# वीर सपूत की अंतिम यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

## पार्थिव शरीर के गांव पहुंचते ही नम आंखों से भारी संख्या में लोगों ने लगाऐ जयकारे

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी



बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के मलवा विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत गांव महमूदपुर की धरा धाम में जन्मे 20 वर्षीय अग्निवीर जवान आशीष कुमार यादव का पार्थिव शरीर गांव पहुंचा गांव पहुंचते ही हजारों की संख्या में ग्रामीण क्षेत्रवासी एवं जनप्रतिनिधियों का तांता लग गया अचानक तबीयत खराब हो जाने के पश्चात जवान की मौत हो गई थल सेवा विभाग द्वारा मिली जानकारी के अनुसार आशीष कुमार यादव 25 दिसंबर को अवकाश के बाद पुनः ड्यूटी पर आया था जिसके बाद उसे तेज बुखार आया तत्काल विभाग द्वारा सेना के अश्वनी नेवी हॉस्पिटल मुंबई में बिगत 4 जनवरी को भर्ती किया गया जहां निरंतर हालत बिगड़ती चली गई और जवान बलिदान हो गया मिली जानकारी के अनुसार अमर सपूत आशीष कुमार यादव महाराष्ट्र के नासिक अंतर्गत देवलानी में 255 मीडियम रेजिमेंट में तैनात था अपने पिता की तीन संतानों में आशीष कुमार यादव सबसे बड़े थे विगत वर्ष ही 2023 में फरवरी माह में देश की सेवा करने के लिए भारतीय थल सेना में भर्ती हुए थे घर पहुंचे शहीद का पार्थिव शरीर देख मां संगीता बहन संध्या तथा भाई सौरभ समेत पिता चंद्रशेखर यादव के हाल बेहाल हो उठे अंतिम यात्रा में हजारों की संख्या में महिला पुरुष युवा बुजुर्ग वर्ग के क्षेत्र वासियों ने भारत माता की जय आशीष कुमार यादव अमर रहे आदि जयकारों से समूचे क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया 255 मीडियम रेजिमेंट देवलानी नाशिक से पार्थिव शरीर के साथ आए नायक सूबेदार अशोक कुमार प्रयागराज की 246 बटालियन के नायक सूबेदार विजय कुमार समेत जनपद के जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में राजकीय सम्मान के साथ अमर सपूत का अंतिम संस्कार किया गया

**एनकाउंटर** — **11 दिन से बदमाशों को खोज रही थी पुलिस, आगरा भागने की फिराक में थे दोनों**

# दरोगा को गोली मारने वाला एनकाउंटर में ढेर, दो अरेस्ट

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ में 23 जनवरी की रात कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में चौकी प्रभारी मुन्नेश सिंह को गोली मारने वाला बदमाश शनिवार को पुलिस एनकाउंटर में ढेर हो गया। मरने वाला बदमाश 25 हजार का इनामी है और उसे दो गोली लगी। वहीं दूसरे बदमाश नरेश को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। तीसरे बदमाश की तलाश जारी है। महज 11 दिन में पुलिस ने बदमाश का एनकाउंटर कर दिया। तीसरे बदमाश अनुज को भी शनिवार देर रात मुठभेड़ में अरेस्ट कर लिया गया है। अनुज के पैर में गोली लगी है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 23 जनवरी की रात एचआर मंडप कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में देर रात 3 बदमाशों ने मिलकर एक सेंट्रो गाड़ी को लूट लिया। सेंट्रो के ड्राइवर सोनू को असलहा के बल पर बदमाशों ने कार से उतारा और कार चोरी कर भागने लगे। कार में जीपीएस लगा था। सोनू ने तुरंत चौकी पुलिस को इसकी जानकारी दी। जानकारी पर दरोगा मुन्नेश सिंह ने कार में लगे जीपीएस के आधार पर उसे ट्रैक कराया। कार की लोकेशन मेरठ शहर में ही मिली। दरोगा टीम के साथ फौरन बदमाशों को पकड़ने चल पड़े। बदमाशों ने लिसाड़ी गेट में कार की दिल्ली की नंबर प्लेट उतारकर मेरठ नंबर की फर्जी नंबर प्लेट लगा दी। कार को लेकर घूमते रहे। लेकिन पुलिस ने बदमाशों को पकड़ लिया। एक बदमाश पुलिस की पकड़ में आ गया। उसे छुड़ाने के लिए अन्य दोनों बदमाश मारपीट करने लगे और पुलिस पर गोली चला दी। गोली दरोगा मुन्नेश कुमार सिंह को सीने में लगी आरपार हो गई। बदमाश भाग गए लेकिन गाड़ी छोड़ गए। दरोगा का पहले मेरठ फिर मैक्स में इलाज चला ऑपरेशन हुआ अब वो ठीक हैं। पुलिस ने सीसीटीवी से घटना में तीन बदमाश विनय, अनुज और नरेश सागर पहचाने गए, उनकी तलाश के लिए 3 टीमें लगी थी। 3 फरवरी को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि विनय और नरेश सागर बस से आगरा भाग रहे हैं। दोनों सेंट्रो कार चोरी प्रकरण में वांछित हैं। सूचना पर पुलिस कंकरखेड़ा पहुंची और दोनों बदमाशों को पकड़कर कंकरखेड़ा थाना ले आई। जहां इनसे पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों ने दरोगा को गोली मारने की बात कुबूली। बताया कि उन्होंने गोली 32 बोर की सेमी ऑटो पिस्टल से मारी थी। गोली मारने के बाद पिस्टल वहीं कंकरखेड़ा के जंगेठी क्षेत्र में खेतों में छिपा दी है। पुलिस बदमाशों की निशानदेही पर पिस्टल बरामद कराने के लिए जंगेठी में ले गई। जहां बदमाश ने पुलिस को गन्ने के खेत में पिस्टल दबी होना बताया। पुलिस बदमाश को लेकर गन्ने के खेत में गई। बदमाश विनय ने वो पिस्टल दिखाई। अचानक विनय ने पिस्टल उठाई और भागने लगा। पुलिस उसके पीछे भागी तो उसने पुलिस पर फायर कर दिया। फायरिंग में गोली सिपाही सुमित चपराणा की बांह में लग गई। जिससे सिपाही मौके पर ही गिर पड़ा, घायल हो गया।

पुलिस ने मौके पर एसओजी, क्राइम, सर्विलांस टीम को भी बुला लिया। पुलिस की तरफ से बदमाश विनय पर अपनी सुरक्षा में फायरिंग की गई। जिसमें बदमाश विनय को एक गोली सीने और दूसरी सिर में लग गई। गोली लगते ही बदमाश ढेर हो गया। हालांकि पुलिस उसे इलाज के लिए कैलाशी अस्पताल मेरठ ले गई। जहां से उसे मेडिकल रेफर किया गया। मेडिकल में डॉक्टरों ने उसे मृत बता दिया। विनय के दूसरे साथी नरेश से पुलिस पूछताछ कर रही है।

# सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

- **हादसे में दो घायल, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा जिला अस्पताल**

अमन लेखनी समाचार



मवाना, बहसूमा में ज्ञानश्री कॉलेज आफ एजुकेशन के सामने मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन को बचाने के चक्कर में एक कार सवार चालक का नियंत्रिण खो जाने से सीधे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भयंकर थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। जिसमें चालक एवं उसमें बैठे दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चालक की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि शुक्रवार एवं शनिवार की मध्यरात्रि थाना मवाना क्षेत्र के गांव निलोहा निवासी विवेक धामा पुत्र रामेश्वर उम्र 35 वर्ष अपनी हुंडई कार में अपने दो साथियों को बैठाकर बिजनौर की ओर से वापस आ रहा था। जैसे ही सदरपुर के पास ज्ञानश्री कॉलेज आफ एजुकेशन के सामने आये तो सड़कों में बने गड्ढों के कारण तथा अज्ञात वाहन को बचाने के चक्कर में कार सीधे पेड़ से जा टकराई। जिसमें विवेक धाम एवं उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भयंकर थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों को इलाज के लिए मेरठ भेज दिया। लेकिन उपचार के दौरान विवेक धामा की मौत हो गई।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कार को कब्जे में ले ली गई है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों की तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी।

खास समाचार

## पीजी कालेज गोराबाजार व महिला महाविद्यालय गाजीपुर में चल रही है प्रतियोगी परीक्षाओ की निशुल्क कक्षाएं

**अमन लेखनी समाचार**

गाजीपुर जिले के जिला समाज कल्याण अधिकारी गाजीपुर ने बताया है कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत जनपद में राजकीय महिला पी0जी0 कालेज एवं स्नातकोत्तर पी0जी0 कॉलेज गोराबाजार गाजीपुर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु कक्षाए निःशुल्क संचालित हो रही है। दिनांक 17.02.2024 एवं 18.02.2024 को आयोजित होने वाली कांस्टेबल लिखित परीक्षा के द्दष्टिगत 06.02.2024 से नियमित रूप से निःशुल्क टेस्ट का आयोजन/अभ्यर्थियों के शंकाओं का समाधान कक्षाओं में कराया जायेगा, जिससे छात्र/छात्राओं को उक्त परीक्षा के द्दष्टिगत सम्पूर्ण तैयारी कराया जा सके। इच्छुक छात्र/छात्राएं जिनकी अभिभावक की आय रू0-06 लाख के अन्तर्गत है, कक्षाओं में अध्ययन कर सकते है। परीक्षा में सम्मिलित होने के दौरान आधार कार्ड एवं एक नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो लाना अनिवार्य होगा।

## रामपुर बरकोनिया पुलिस द्वारा 03 वारंटियों को किया गया गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक द्वारा वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 06.02.2024 को थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस द्वारा अलग-अलग अभियोगों से सम्बन्धित 03 नफर वारण्टी अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया ।

## शाहगंज पुलिस ने एक नफर वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी घोरावल के पर्यवेक्षण एवं कुशल नेतृत्व में वांछित अभियुक्त गण की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में थाना शाहगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 12/2024 धारा 363, 366 भादवि में वांछित अभियुक्त अभिनव उर्फ पवन कुमार पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम बहापुर थाना कोतवाली कन्नौज जनपद कन्नौज उम्र करीब 28 वर्ष आज दिनांक 06.02.2024 को समय 09.05 बजे बस स्टैण्ड रॉबर्ट्सगंज से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।

## डग्गामार वाहनों पर एआरटीओ की कार्यवाही से मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। डग्गामार वाहनों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मुख्यालय के जिला पंचायत परिसर के सामने एआरटीओ ने कार्यवाही करते हुए कई वाहनों के चालान किये। वैद्य कागजात न पाए जाने पर कुछ वाहनों को सीज किया गया है। चेकिंग के दौरान एक वाहन चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया जिसे कोतवाली पहुंचाया गया है।एआरटीओ अमिताभ राय ने बताया कि अभियान के तहत मुख्यालय के बस स्टैंड के पास जिला पंचायत परिसर के सामने डग्गामार वाहनों को चेक किया गया। जिसमें दो वाहनों को सीज किया गया है और एक वाहन का चालान किया गया है। वाहन चालक द्वारा वाहन को छोड़कर फरार हो जाने से उसे कोतवाली पहुंचा गया है।एआरटीओ की कार्रवाई से डग्गामार वाहन चालकों में हड़कंप मच गया है।

## खो गए बालक को ढूंढकर परिजनों को किया सुपुर्द

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। क्षेत्र के बिवांर कस्बे में अपनी मां के साथ आये 7 वर्षीय बालक के लापता होने की सूचना पर पुलिस ने सोशल मीडिया व सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से खोजकर परिजनों के सुपुर्द किया है। परिजनों ने पुलिस का आभार जताकर कानून व्यवस्था की सराहना की है। थानाध्यक्ष बिवांर ने बताया कि आज एक 7 वर्षीय बच्चा आकाश पुत्र लाखन निवासी ग्राम उमरी अपनी मां के साथ कस्बा बिवार में बाजार करने आया था। जो लापता हो गया था। परिजनों द्वारा पुलिस को सूचित करने पर पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए बच्चे को सोशल मीडिया, सीसीटीवी फुटेज एवं स्थानीय लोगों की मदद से ढूंढने का प्रयास किया। जिसके फलस्वरूप बालक को 30 मिनट के अंदर ढूंढकर बिवांर पुलिस द्वारा परिजनों के सुपुर्द किया गया है। बालक के मिल जाने पर परिजनों ने पुलिस का शुक्रिया अदा किया गया।

## योगी सरकार के बजट से उत्तर प्रदेश बनेगा उत्तम प्रदेश- विजय मिश्रा

गाजीपुर जिले के पूर्व मंत्री ने योगी सरकार के बजट पर बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार का यह बजट महिलाओं, किसानों, गरीब वर्ग एवं युवाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया है। प्रदेश के हो रहे विकास को तीव्र गति देने के साथ-साथ 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनने के लिए गए संकल्प में प्रदेश सरकार का यह बजट अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा।बजट में गंगा एक्सप्रेस वे आदि अन्य योजनाओं के माध्यम से प्रदेश का इंफ्रास्ट्रक्चर और मजबूत होगा ।

# हमीरपुर लोकसभा सीट में सपा के पास नहीं बचा बड़ा दलित चेहरा

**पूर्व विधायक के साथ जिला पंचायत सदस्य पुत्र के इस्तीफे से आया खालीपन**

**अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित**





हमीरपुर। पिछड़ों दलितों अल्पसंख्यकों को पीडीए के बहाने एकजुट करने में जुटी सपा को हमीरपुर महोबा तिंदवारी लोकसभा में उस वक्त तगड़ा झटका लगा है जब सपा की पूर्व विधायक अम्ब्रेश कुमारी ने अपने जिला पंचायत सदस्य पुत्र के साथ पार्टी से त्यागपत्र दे दिया है। हमीरपुर महोबा तिंदवारी लोकसभा सीट में दलित चेहरा के नाम पर अम्ब्रेश कुमारी सपा के पास बड़ा चेहरा था। अम्ब्रेश कुमारी वर्ष 2000 में हुए पंचायत चुनाव में पहली मर्तबा महोबा जनपद से जिला पंचायत सदस्य का निर्दलीय चुनाव लड़ी थीं और पहली मर्तबा में ही सदस्य बनने में सफल हो गई थीं। जिला पंचायत सदस्य बनने के बाद उन्होंने सपा का दामन थाम लिया था और 2002 के विधानसभा चुनाव में चरखारी सुरक्षित से सपा के टिकट पर चुनाव लड़कर विधायक बनी थीं। इसके बाद विधानसभा सीटों के परिसीमन में चरखारी को सामान्य सीट घोषित कर दिया गया और राठ को सुरक्षित सीट बना दिया गया। इन्होंने राठ से 2017 में चुनाव लड़ा लेकिन हार का सामना करना पड़ा। 2022 के चुनाव में सपा ने इनको दरकिनार करके चंद्रवती वर्मा को मैदान में उतार दिया था। तभी से अम्ब्रेश कुमारी आहत थीं। अम्ब्रेश कुमारी की राजनैतिक पकड़ हमीरपुर महोबा के अलावा जालौन जनपद में भी ठीक-ठाक है। सपा के पास यह दलित नेता के रूप में बड़ा चेहरा थीं। इनका पुत्र मृत्युंजय प्रताप महोबा से जिला पंचायत सदस्य है और जिला पंचायत अध्यक्ष पद का चुनाव एक मत से हार गया था। सपा में उपेक्षा के चलते मां बेटे ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को त्यागपत्र भेजकर पार्टी को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। अम्ब्रेश कुमारी के पूर्व सपा एक और दलित चेहरा पूर्व विधायक गयादीन अनुरागी को खो चुकी है। इन्होंने भी पार्टी में अनदेखी का आरोप लगाकर कुछ माह पूर्व कांग्रेस का दामन थाम लिया था। इन दोनों नेताओं के सपा छोड़ जाने से समाजवादी पार्टी की पीडीए का एक हिस्सा खिसक गया है।

सपा मुखिया पीडीए की आड़ में पूरे प्रदेश में दलित पिछड़ों अल्पसंख्यकों को एकजुट करके लोकसभा चुनाव के वैतरणी पार करने की जुगत में है लेकिन हमीरपुर महोबा तिंदवारी लोकसभा सीट पर दलित नेताओं की भरपाई कैसे होगी। यह सवाल उठ खड़ा हुआ है क्योंकि अब सपा के पास इस सीट में कोई बड़ा दलित चेहरा नहीं बचा है। जिसके दम पर दलितों को सपा की ओर मोड़ा जा सके।

## हरी झंडी दिखाकर जनपद हमीरपुर की हेरिटेज वॉक का प्रारंभ किया



**अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित**

हमीरपुर।बुंदेलखंड गौरव महोत्सव व हमीरपुर हेरिटेज वाक मे आज प्रातः सिंह महेश्वरी मंदिर पर समस्त विद्यालयों के बच्चे शिक्षक उपस्थित हुए जहां उप जिला अधिकारी सदर पवन प्रकाश पाठक ने हरी झंडी दिखाकर जनपद हमीरपुर की हेरिटेज वाक का प्रारंभ किया ।बच्चे भारत माता की जय एजय जय बुंदेलखंड के गगन गगन चुंबी नारों के साथ हमीरपुर की विरासत की पहचान करने के लिए पैदल यात्रा की। जिसमें स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत अकबर अली स्वीप कोऑर्डिनेटर के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया बच्चे जनमानस को वोट के महत्व के बारे में भी बता रहे थे । उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में हेरिटेज वाक सिंह महेश्वरी मन्दिर से प्रारंभ होकर लक्ष्मीबाई पार्क यमुना पाथवे कल्पवृक्ष पातालेश्वर एवं शहीद पार्क रहुनिया धर्मशाला में एक सभा के रूप में आयोजित होकर संपन्न हुई । हेरिटेज वॉक में उप जिलाधिकारी के साथ ही जलीस खान पवन कुमार श्रीवास्तव जीआईसी प्रधानाचार्य बुंदेलखंड गौरव के संस्कृत पर्यटन अधिकारी समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक तथा अकबर अली स्वीप कोऑर्डिनेटर हमीरपुर उपस्थित रहे।

## सलखन भठवां मुख्य सम्पर्क मार्ग कीचड़ युक्त होने से राह चलना हुआ मुश्किल



**बेमौसम बारिश से नाली निर्माण का मिटटी सड़कों पर पसरा।**

**अमन लेखनी समाचार**

ससखन सोनभद्र। सदर विकास खण्ड क्षेत्र के सलखन मुख्य राज मार्ग से भठवां पुलिया तक 1 किमी सड़क बेमौसम बरसात से सम्पूर्ण सड़क कीचड़ युक्त हो गया है। जिससे छोटे बड़े वाहन समेत साईकिल रिक्शा ठेला पैदल चलने वाले आम जनमानस लोगों के लिए मुश्किलें बढ़ गई।इन दिनों स्कूल के छोटे बड़े बच्चे भी पैदल साईकिल से चलने पर गिर कर चोटिल हो रहें हैं। अधिकांश छोटे बच्चे स्कूल जाना भी बंद कर दिया है। उक्त सम्बंध में गुलाब चन्द्रा नारद भारती मुन्नी लाल, मुलचंद जयसवाल पप्पू रमेश मुन्ना इत्यादि लोगों ने बताया कि सलखन ग्राम पंचायत के सलखन भठवां मुख्य सम्पर्क के किनारे नाली निर्माण का कार्य चल रहा था जिससे नाली की खोदाई की गई मिट्टी बेमौसम बारिश से सड़कों पर आ जाने से सम्पूर्ण सड़क कीचड़ युक्त हो गया है। जिससे आम लोगों को राह चलना मुश्किल हो गया।जब की सम्पूर्ण सड़क गढ्डों में तब्दील कीचड़ युक्त होने से दो पहिया वाहन चालक साईकिल सवार स्कुली बच्चे गिर कर चोटिल हो रहें हैं। उक्त सम्बंध में सम्बंधित विभागीय अधिकारियों का ध्यान आपेक्षित है।

# यूपी के आम बजट पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड आर के शर्मा ने दी प्रतिक्रिया

**असमानता के गड्ढों को ढकने को आस्था का उपयोग करने का प्रयास मात्र है यह बजट।**

**अमन लेखनी समाचार**




सोनभद्र- मंगलवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने सोमवार को विधान सभा में योगी सरकार द्वारा प्रस्तावित उत्तर प्रदेश के आम बजट को लोकसभा चुनावों में मतदाताओं को लुभाने के लिये तैयार किया गया एक पर्चा करार दिया है। यह बजट किसानों कामगारों, युवाओं तथा समाज के अन्य विपन्न तबकों की दयनीय दशा को ढकने का आडंबर पुराण है, और भाजपा द्वारा धर्म की आड़ में लोगों को ठगने के लिये खेले जा रहे खेल को आगे और तेजी से बढ़ाने का ब्लू-प्रिंट है। अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कराते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड आर के शर्मा ने कहा कि इस बजट को हर बार की तरह अब तक के सबसे बड़े आकार वाला बताया गया है, पर इसके आकार का आंकड़ा इसलिए बड़ा दिख रहा है कि भाजपा के साढ़े नौ वर्षों के केंद्रीय शासन में रुपए का आकार सिकुड़ कर लगभग 10 पैसे के बराबर रह गया है।

अनेक झूठे वादे और बड़बोलेपन से लबालब आंकड़े भी यह नहीं छिपा सके हैं जिससे यह बजट महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, स्वास्थ्य एवं अशिक्षा जैसी भयावह समस्याओं के निराकरण में एकदम बेदम है। सच तो यह है कि बजट गरीबी को और भी बढ़ाने वाला है तथा अमीरों को और भी मालामाल करेगा। विकास, और सामाजिक कल्याण की अनेक योजनाएं भयावह भ्रष्टाचार में डूबी हैं। इसका ताजातरीन उदाहरण यह है कि उत्तर प्रदेश के तमाम लोग ठंड से सिकुड़ कर मरहूम हो गए और सरकार ने जनवरी मध्य तक अलाव जलाने पर रुपये 53 करोड़ का खर्च दिखा दिये ।

सरकार ने बेरोजगारी, भ्रष्टाचार,महिला उत्पीड़न एवं कमजोर वर्ग की सुरक्षा का खाका भी प्रस्तुत नहीं किया, जबकि जन मानस में भय फैलाने के लिए की जा रही बुलडोजरी कार्यवाहियों पर बेशुमार धन खर्च किया जा रहा है। वोट और सत्ता के लिये धर्म की आड़ में खेले जा रहे खेल को और तेजी से आगे बढाने के लिये तमाम राशि आवंटित की हैं जबकि आधुनिक भारत का उन्नयन रोजगार के मंदिरों (उद्योग,कल कारखानों और आधारभूत ढांचे) के निर्माण की उपेक्षा की गई है। जनहित की अनदेखी कर केंद्र सरकार की तरह यूपी सरकार भी अपने खास लोगों को लाभकारी और धार्मिक एजेंडे को पूरा करने के लिए इस बजट को महत्वपूर्ण होने का ढिंढोरा पीट रही है जबकि यह महंगाई, बेरोजगारी से जूझ रही जनता के लिए छलावा ही है । आजादी के बाद यह पहला बजट है जो गरीब और आम लोगों को नहीं, अपितु राम को समर्पित किया गया है। वित्तमंत्री द्वारा बजट पुस्तिका को घरेलू पूजागृह में इष्ट देवताओं के समक्ष पहले प्रस्तुत कर यह साबित कर दिया है कि जनता को आगे भी ह्लराम भरोसेह्व ही जीवन जीना है। यह राजनैतिक उद्देश्यों के लिये आस्था के लालच पूर्ण दोहन का भयंकर उदाहरण है। बड़ा होने का ढिंढोरा पीटे जाने वाले सात लाख छत्तीस हजार करोड़ रुपये के इस प्रस्तावित बजट है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस द्वारा प्रतिदिन चलाया जा रहा महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान

**जब महिला समृद्ध होती है तो दुनिया समृद्ध होती है।**

**बेटियों में आत्मविश्वास को बढ़ावा देना ही मिशन शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य है।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं / बेटियों को स्वावलंबी और सुरक्षित बनाने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में जागरुक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम करते हुए उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से ह्यमिशन शक्तिह्व अभियान के तहत आज दिनांक 06.02.2024 को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के समस्त थानों की एंटी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों/बीटों/स्कूल/कॉलेज, कोचिंग संस्थानों, मंदिरों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओ/ बलिकाओं से संवाद कर उन्हें महिलाओं की सुरक्षा हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने-अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया । वर्तमान समय मे हो रहे विभिन्न तरीकों के साइबर अपराधों के बारे में भी जानकारी दी गयी । साथ ही साथ यह भी बताया गया कि अपने आस-पास के लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करें और उन्हें बतायें कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930/112 पर दें जिससें समय रहते ही अग्रिम कार्रवाई की जा सके ।

## बजट में गाजीपुर में विवि. स्थापना को नहीं मिली जगह : छात्र नेता



**अमन लेखनी समाचार**

गाजीपुर जिले में विश्व विद्यालय के मांग बहुत दिनों चल रही है जो कि इस सरकार से गाजीपुर जिले वासियों को मिलें लेकिन इस बार भी बजट में निराश होना पड़ा। छात्र नेता बोले- उच्च शिक्षा प्राप्त करने में प्रदेश में अव्वल स्थान होने पर छात्रों में निराशा हुई कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने सोमावार को 2024-25 का अपना बजट पेश किया। बजट को लेकर जिले वासियों ने अपनी प्रक्रियाएं जाहिर की। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट 2024-25 पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने कहा कि सरकार द्वारा प्रस्तुत यह बजट गाजीपुर के छात्रों के लिए निराशा भरा है।

## साइकिल से घर से निकले अधेड़ का मिला शव

मिल्कीपुर, अयोध्या के मलेथू बुजुर्ग गांव के बुजुर्ग का शव साइकिल सहित एक गड्ढे में पड़ा मिला। जिसके बाद वहां मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। लोगों से पूछताछ करते हुए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बीते शुक्रवार की शाम प्रमोद कुमार यादव साइकिल लेकर कहीं जाने के लिए निकले थे। वह देर रात तक अपने घर वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने काफी खोजबीन की। किन्तु कहीं पता नहीं चल सका। प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर के बगल ही एक चाय की दुकान चलाने वाला जब अपनी दुकान पर पहुंचा तो देखा कि गड्ढे में साइकिल सहित एक व्यक्ति पड़ा हुआ है। धीरे-धीरे ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई।

# कर्मयोगी महात्मा एन डी ग्रोवर को याद किया गया

**अमन लेखनी समाचार**



बीजपुर (सोनभद्र) डीएवी पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी, रिहंदनगर में आज महात्मा नारायण दास ग्रोवर जी की सत्रहवीं पुण्यतिथि के अवसर पर हवन किया गया। आज इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री राजकुमार के साथ अभिभावक प्रतिनिधि एवं समाज सेवी उपेंद्र प्रताप सिंह, अभिभावक सुनील कुमार सिंह, संतोष यादव, पूजाश्री एवं डोरहर ग्राम के ग्रामप्रधान छत्रपाल के साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने हवन में आहुतियां देकर ग्रोवर साहब को श्रद्धांजलि अर्पित किया। बच्चों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य श्री राजकुमार ने बताया कि ग्रोवर साहब एक तपस्वी थे; जिन्होंने डीएवी आंदोलन को गति प्रदान करते हुए बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, एवं उत्तर प्रदेश में दो सौ से भी अधिक विद्यालयों की स्थापना की। उन्होंने भारत से बाहर नेपाल में भी दर्जनों डीएवी स्कूल की स्थापना कर शिक्षा की ज्योति जलाई। महात्मा नारायण दास ग्रोवर संस्कार युक्त शिक्षा के महान पक्षधर थे। उनके द्वारा स्थापित विद्यालयों में हजारों शिक्षक एवं कर्मचारी कार्यरत हैं वहीं लाखों विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। डीएवी विद्यालय उनके द्वारा बताए मार्ग पर चलते हुए संस्कार युक्त शिक्षा देने के प्रति कृत संकल्प है। प्रार्चाय ने बताया कि विद्यार्थियों को अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन करना हीं सबसे बड़ी शिक्षा है। इस अवसर पर उपेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि डीएवी के छात्र नित- नई उंचाई प्राप्त कर रहे हैं। संतोष यादव ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को महात्मा नारायण दास ग्रोबर जी के पद चिन्हों पर चलना चाहिए। सुनील सिंह ने कहा कि ग्रोबर साहब एक महान विभूति थे।उनसे हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। डोरहर पंचायत के ग्राम प्रधान छत्रपाल ने कहा, ग्रोबर साहब के बताए मार्ग पर चलना हीं उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। डीएवी पब्लिक स्कूल आगे बढ़ता रहे और यहां के बच्चे संस्कार युक्त आधुनिक शिक्षा लेकर देश दुनिया में नाम करें, यही हमारी कामना है। सभी शिक्षकों एवं अभिभावकों ने ग्रोवर साहब की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर प्राचार्य श्री राजकुमार ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं ग्रोवर साहब की जीवनी लिखित पम्पलेट भेंट कर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में पूरा विद्यालय परिवार नम आंखों से शामिल रहा।

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर का किया गया निरीक्षण

मीरजापुर - जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संयुक्त कार्यालय, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 न्यायालय, अपर जिलाधिकारी भू0/रा0 न्यायालय, राजस्व अभिलेखागार आदि कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। न्यायालय कक्ष के निरीक्षण के दौरान विभिन्न वादो निस्तारण आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। संयुक्त कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया गया पटल सहायको का नाम व पदनाम उनके पटल अनिवार्य रूप से लिखा जाय। उन्होने कहा कि अलमारियों के अन्दर रखी गयी फाइलों का नाम अलमारी के बाहर अवश्य लिखा जाय। जिलाधिकारी द्वारा रिकार्ड रूम के निरीक्षण के दौरान पर्याप्त सफाई न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये सम्बन्धित कर्मचारियों को साफ सफाई रखने का निर्देश देते हुये कहा कि कही भी गंदगी नही होनी चाहिये।

# सोनभद्र के स्काउट मास्टर डॉ बृजेश कुमार सिंह बने हिमालय वुड बैज धारक

**-भारत स्काउट्स और गाइड्स राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पंचमढ़ी मध्य प्रदेश के द्वारा हुआ था आयोजन**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। भारत स्काउट्स और गाइड्स राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित ३हिमालय वुड बैज कोर्स३ (एच. डब्ल्यू. बी.) में सफलता प्राप्त करने के उपरांत डॉ बृजेश कुमार सिंह ३महादेव३ सोनभद्र उत्तर प्रदेश को अरविन्द कुमार श्रीवास्तव प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट उत्तर प्रदेश द्वारा स्कार्फ बागेल वुड बैज लगाकर प्रमाण पत्र प्रदान किया। पत्र के माध्यम से बधाई देते हुए स्मृति सौरभ राय डिप्टी डायरेक्टर आफ स्काउट (लीडर ट्रेनिंग) ने कहा कि मुझे आपको चर्मपत्र और हिमालय लकड़ी बैज के मोती भेजकर बेहद खुशी हो रही है। आपने इसे पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत की है और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है। अब आप देश में लकड़ी बैज धारकों के भाईचारे के कई सदस्यों में से एक बन गए हैं और आपका स्वागत करते हैं। इस अवसर पर आनंद सिंह रावत प्रादेशिक प्रशिक्षण सचिव ने भी हिमालय वुड बैज की कठिन परीक्षा पास करने के लिए बधाई दी। ?साथ ही देवकी शोभित संयुक्त सचिव, कुसुम मनराल प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त गाइड, हीरालाल यादव प्रादेशिक संगठन कमिश्नर स्काउट, कामिनी सिंह प्रादेशिक संगठन कमिश्नर गाइड, नौशाद सिद्धकी सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त आजमगढ़ गोरखपुर, सूरज प्रादेशिक आइटी कोआर्डिनेटर सहित सभी ने बधाई दी। जनपद का मान बढ़ाने पर डॉक्टर बृजेश महादेव को राजेश प्रजापति सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त विंध्याचल व वाराणसी मंडल एवं शंभू नाथ सिंह एएसओसी के साथ जनपद सोनभद्र से डॉ प्रबोध कुमार सिंह जिला मुख्यायुक्त, सैयद अनवर हुसैन जिला प्रशिक्षण आयुक्त, सुनील कुमार सिंह जिला संगठन आयुक्त सहित सभी पदाधिकारियों एवं शुभचिंतकों बधाई दी। बता दें कि डॉक्टर बृजेश कुमार सिंह एक नवाचारी शिक्षक व साहित्यकार भी हैं जो बेसिक शिक्षा परिषद सोनभद्र में सेवारत हैं।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews @gmail.com**



भारत ही नहीं अधिकांश देशों की महिलाएं अपनी खुशी से ज्यादा दूसरों की खुशी की परवाह करती रहती हैं। इस वजह से वे लगातार खुद को इग्नोर करती हैं, अपनी इच्छाओं और सपनों को मन में ही दबा लेती हैं। हैप्पी-सक्सेसफुल लाइफ के लिए जरूरी है कि आप स्वयं को खुश रखने का हर संभव प्रयास करें। इसके लिए आपको जीपीएस सिस्टम डेवलप करना होगा।

कवर स्टोरी / शिखर चंद जैन

## दूसरों की खुशी के लिए ना करें खुद को इग्नोर

# डेवलप करें अपना जीपीएस सिस्टम

चाहे भारत जैसे विकासशील देश की महिलाएं हों या फिर महाशक्ति कहलाने वाले अमेरिका और रूस की, विकसित यूके, फ्रांस, जापान आदि हों या फिर पिछड़े देशों की महिलाएं हों, सबको बचपन से ही दूसरों को खुश रखना, उनके अनुसार ही ढलना और कदम-कदम पर समझौता करना ही सिखाया जाता है।

**दिलो-दिमाग में रहता है संकोच :** महिलाएं सुबह से देर रात तक जो कुछ करती हैं, बस दूसरों को खुश करने और उनका मन रखने के लिए ही करती रहती हैं। जो महिलाएं अपने पिता, पति, बॉयफ्रेंड, भाई या बेटे के हक के लिए पूरे जमाने से लड़ जाने का दमखम रखती हैं, वे भी खुद के लिए बहुत कम ही लड़ पाती हैं, अकसर समझौता कर लेती हैं। अपने हक के लिए लड़ने की बात आए तो उन्हें अकसर ये सवाल सताते हैं, जैसे- कहीं वो (रिश्तेदार) बुरा मान गए तो?, वह (पति/प्रेमी) नाराज होकर मुझसे संबंध ना तोड़ ले?, अगर मैं इस पर अपनी आवाज उठाऊंगी, तो कहीं जॉब ना चली जाए? कोई (समाज/रिश्तेदार) क्या सोचेगा, कितनी मुंहफट है?

**हर वक्त दूसरों की फिक्र :** टीवी सीरियल हों या महिला पत्रिकाएं या फिर पारिवारिक परंपराएं, सब महिलाओं को दूसरों को खुश रखने के नुस्खे सिखाते-बताते हैं, जैसे सास को खुश कैसे रखें, पति को खुश कैसे रखें, संतान के साथ तालमेल कैसे बैठाएं, बॉयफ्रेंड को कैसे मनाएं, सुंदर कैसे दिखें, आकर्षण का केंद्र कैसे बनें आदि इत्यादि। ये सब सुनते-सीखते महिलाएं खुद को भूल सी जाती हैं। अकसर अपने मन में अपराध बोध पालती रहती हैं कि वे दूसरों के पैमानों पर खरी नहीं उतर पा रही हैं। महिलाएं खुद की नजर से दुनिया को देख ही नहीं पातीं। बस हर चीज और हर स्थिति को दूसरों की नजर से देखने लगती हैं। संबंधों पर बनाए रखने और उन्हें पुष्पित-पल्लवित करने की पूरी जिम्मेदारी मानो उन्हीं पर हो और अपना कोई आत्मसम्मान या वजूद ही ना हो।

**समझती हैं खुद को कमतर :** महिलाओं का समझौता करना, खुद को कमतर समझना और जितने की वे हकदार हैं, उससे कम पर संतोष करना ना सिर्फ खुद उनके लिए बल्कि पूरे समाज के लिए नुकसानदायक है। क्योंकि यही सब वे अपने बेटियों को भी सिखाती हैं और पीढ़ी दर पीढ़ी ऐसा ही होता रहता है। महिलाओं पर बढ़ रहे अत्याचारों के लिए दूसरों को दोष देना बेकार है, इसके लिए खुद महिलाएं ही दोषी हैं, क्योंकि जब कोई खुद ही खुद पर हो रहे अत्याचारों, शोषण और कमतर व्यवहार के लिए मुखर नहीं होगा, तो दूसरा क्यों उनकी लड़ाई लड़ने में दिलचस्पी लेगा?

### क्या है इंटरनल जीपीएस

**जैसे जीपीएस** सुगम यात्रा के लिए रोड मैप दिखाता है, वैसे ही यहां जिस जीपीएस की चर्चा हम कर रहे हैं, वो महिलाओं की सुगम जिंदगी का रोड मैप है। यह जीपीएस वास्तव में महिला के अंतर्मन की शक्ति है। यह आत्मविश्वास की ताकत है। इसमें खुद के लिए लड़ने का साहस जगाने की जरूरत होती है। इसके तहत स्त्री को मानसिक शक्ति जुटानी होती है ताकि वह हर चीज दूसरे के चश्मे से ना देखें। दूसरे क्या सोचेंगे, वो क्या प्रतिक्रिया देंगे, इन बातों से बेपरवाह रहें। जीपीएस आपको यह सोचने की ताकत देता है कि आप क्या महसूस करती हैं और आपको क्या अच्छा लगता है? आपको अपने सपने और अपनी इच्छाएं पूरी करने का भी पूरा हक है।



**ना करें खुद को इग्नोर :** वक्त आ गया है कि दुनिया की हर महिला अपने आपको बराबर के हक का एक सामान्य इंसान समझे और त्याग की देवी बनने के नाम पर अपने हितों, अपनी खुशियों और अपनी हॉबीज का परित्याग ना करें। रिलेशनशिप कोच और मनोवैज्ञानिक सलाहकार लिसा मर्लो बूथ कहती हैं, 'महिलाओं को जीपीएस यानी ग्राउंडेड पावरफुल स्ट्रेंथ की दुनिया में जीने की आदत डालनी चाहिए।'



**कैसे मिलेगी ग्राउंडेड पावरफुल स्ट्रेंथ:** आपको 'लोग क्या कहेंगे' से बेपरवाह होना पड़ेगा। सिर्फ तर्कसंगत बातों पर विचार करें बाकी बातों का संज्ञान ना लें। एक्सरसाइज करें, डाइटिंग करें, लेकिन खुद की सेहत के लिए। मेकअप करें, सजें-संवरें, लेकिन अपनी खुशी के लिए दूसरों को आकर्षित करने के लिए नहीं। घर के बड़े-बुजुर्गों का ख्याल रखें, लेकिन अपना मानवीय कर्तव्य समझ कर। दूसरों के नाराज होने के डर से अपनी खुशियों का त्याग ना करें। आपको समझना होगा कि आपके लिए क्या फायदेमंद है और क्या नुकसानदेह, तभी आप सही निर्णय ले सकेंगी, खुश रहेंगी।

### कुछ सफल महिलाओं का जीपीएस सीक्रेट



श्वेता राठौड़



दीपिका मेहता

**कुछ कामयाब** और अपने क्षेत्र की चर्चित महिलाएं बता रही हैं कि उन्हें अपना जीपीएस कहां से मिलता है-

**श्वेता राठौड़, बॉडी बिल्डर:** ताकत जीतने से नहीं आती। आपका संघर्ष ही ताकत पैदा करता है। जब आप कठिन दौर से गुजर रही हों और आत्मसमर्पण ना करने की ठान लें, तो यही आपकी सबसे बड़ी ताकत है। मैं अपनी जिम्मेदारियों से मानसिक और शारीरिक ताकत हासिल करती हूं। हर महिला को अपने अंदर की खास ताकत को समझना चाहिए।

**दीपिका मेहता, योग गुरु:** मेरे लिए ताकत अपनी हार ना मानने की जिद और कठिन समय में पानी की तरह तरल होकर आसानी से कठिनाइयों से पार हो जाने की युक्ति के बीच का संतुलन है। आप अपनी मंजिल और चाहत तक पहुंचने का हर संभव प्रयास कीजिए और नतीजों की चिंता छोड़ दीजिए।

**सहर जमान, टीवी प्रेजेंटर:** अपने लक्ष्य और इच्छाओं को हासिल करने की स्टेमिना बरकरार रखिए। इसके लिए सबसे ज्यादा जरूरी है मजबूत विल पावर। साथ ही अपना सपोर्ट सिस्टम भी डेवलप करें। जो लोग आपके विचारों से इत्तेफाक रखते हैं, उनसे नजदीकियां बढ़ाएं।

**सुजेन बर्नर्ट, एक्टर:** विपरीत परिस्थिति या संकट में भी अपना आपा ना खोएं। इससे आप अपनी एनर्जी और सोचने-समझने की शक्ति का भरपूर फायदा उठा सकेंगी। औरत की सबसे बड़ी ताकत है, अपनी लड़ाई खुद लड़ने का माद्दा। दूसरा कोई आपकी मदद को आगे नहीं आने वाला।



सहर जमान



सुजेन बर्नर्ट

# सिर्फ कहें नहीं, जरा सुन भी लें



है कि आज के दौर में अधिकतर लोग अपनी बात कहने के लिए बेचैन रहते हैं। लेकिन मधुर संबंध और सौहार्दपूर्ण व्यावहारिक-सामाजिक जीवन के लिए एक-दूसरे को सुनना बहुत जरूरी है।

लाइफस्टाइल / डॉ. मोनिका शर्मा

हाल ही में सिंबायोसिस इंटरनेशनल डीम्ड यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में बोलते हुए सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने देश के नागरिकों से आग्रह किया कि वे दूसरों की बात भी सुनने का साहस रखें। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, 'दूसरों को सुनने की शक्ति जीवन के हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण है। लेकिन हमारे समाज के साथ समस्या यह है कि हम दूसरों की नहीं सुन रहे हैं। हम केवल अपनी ही सुन रहे हैं। साथ ही सुनने का साहस होने से व्यक्ति यह स्वीकार करता है कि उसके पास अभी भले सही उत्तर ना हो, लेकिन वह उसे तलाशने और खोजने के लिए तैयार है।' चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया के ये विचार आज की बदलती जीवनशैली में बढ़ रहे असंतुलित संवाद की ओर इशारा करते हैं। जरूरी है कि अपनी कहने के साथ दूसरों की बात सुनने का धैर्य और समझने की मानसिकता के मायने समझे जाएं।



**कहने की बेताबी :** आज के दौर में हर कोई कुछ कहने-बताने को बेताब है। दिखावटी जीवनशैली के विस्तार ने जताने के भाव को इतना बढ़ा दिया है कि जानने की सोच ही खत्म हो गई है। कहने की व्यस्तता ने सुनने की सक्रियता से पूरी तरह दूर कर दिया है। हर किसी को अपना दुःख कहना है। अपनी उपलब्धियां बतानी हैं। अपनी ही तकलीफें साझा करनी हैं। अपने सुख का लेखा-जोखा प्रस्तुत करना है। यह आज के समय का कटु सच है कि हर कोई बस कहना ही चाहता है। ऐसे में अपने बारे में बोलने के चलते लोग सिर्फ अपने बारे में ही सोचने तक भी सिमट गए हैं। सब कुछ कह जाने की कैसी व्यस्तता है कि सामने बैठे इंसान के हाल जानने में कोई रुचि ही नहीं बची है। कहने की अति, संवाद को कोलाहल बना रही है। आपसी बातचीत का ऐसा असंतुलन, जो धीरे-धीरे लोगों को सहज संवाद से ही दूर कर रहा है। जाने-अनजाने आप भी ऐसा कर रही हैं तो ठहरकर सोचिए। अपनी बात कहने के साथ ही दूसरों के मन की सुनने का भी धैर्य रखिए।

**सुनने में बेरुखी :** माइंडफुल लिसनिंग से बढ़ती दूरी दुनिया के हर समाज के लिए एक समस्या बन रही है। हालिया बरसों में हर उम्र के लोगों में किसी की बात सुनने के प्रति बेरुखी बढ़ी है। ऐसे में जब बात सुनने में ही रुचि नहीं तो समझना तो दूर की बात है। ऑस्ट्रेलिया के चर्चित अदाकार ब्रेन ब्राउन के मुताबिक, 'सुनने के प्रति उतने ही जुनूनी बनें, जितने आप सुने जाने के इच्छुक रहते हैं।' तकलीफदेह है कि अब लोगों में सिर्फ अपनी बातें सुनाने की ही इच्छा रहती है। नतीजतन, माइंडफुल लिसनिंग से बढ़ती दूरी आपसी दूरियां भी बढ़ा रही है। फ्रेंड्स और फैमिली तक भी बेरुखी भरी यह आदत अपनी जड़ें जमा चुकी है। किसी बात को ना सुनने के चलते अब दूसरे कई मानवीय मनोभाव भी व्यवहार से नदारद हैं। विनम्रता, केयर, सम्मान जैसी कई बातें, मन से किसी को सुनने से ही जुड़ी हैं। किसी के कहे विचारों पर गौर ना करना नकारात्मक बर्ताव ही कहा जा सकता है। ऐसी बेरुखी रिश्तों के रंग तो छीनती ही है बातचीत में भी असहजता रहती है।

**संवाद का आधार:** किसी को मन से सुनना हमें जीवंत बनाए रखने वाला इमोशन है। यह काम-काज की बेहतरी और संबंधों की गुणवत्ता का आधार है। शिकागो में जब एक मैन्युफेक्चरिंग प्लांट में शीर्ष अधिकारियों को उनकी जॉब में सुनने की भूमिका का रिव्यू करने के लिए कहा गया तो हैरान करने वाली बातें सामने आईं। एक ऑफिसर के अनुसार 'मैंने कभी नहीं सोचा था कि सुनना अपने आप में एक महत्वपूर्ण विषय है। मुझे लगता है कि शायद मेरा 80 फीसदी काम मेरे द्वारा किसी को सुनने पर, या किसी और के सुनने पर निर्भर करता है।'

असल में व्यक्तिगत जीवन से लेकर काम-काजी दुनिया और घर-परिवार से लेकर दोस्तों के मेलजोल तक, हम सब भी आपसी कम्युनिकेशन को रिव्यू करेंगे तो ऐसे ही खयालों से सामना होगा। यानी, आपसी संवाद में ना केवल सुनना जरूरी है बल्कि सही ढंग से सुनना और समझना भी आवश्यक है।

सजेशन / अंजू जैन

# ऐसे बनाएं अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित

हर मां अपने बच्चों के सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है। लेकिन सिर्फ सोचने से काम नहीं होता है, इसके लिए कुछ व्यावहारिक और जरूरी कदम उठाने होते हैं। बच्चे की उच्च शिक्षा, उसके करियर की प्लानिंग और शादी-विवाह के लिए सबसे ज्यादा जरूरी चीज है फाइनेंस। चूंकि हम में से ज्यादातर लोगों के पास आय के सीमित साधन होते हैं, इसलिए इंश्योरेंस और फाइनेंसियल प्लानिंग का सहारा लेना जरूरी हो जाता है।

**यूजफुल इंश्योरेंस प्लान:** बच्चों की हर उम्र की खास जरूरतों के लिए इंश्योरेंस के कई प्लान उपलब्ध हैं, बस उन्हें सही ढंग से समझने और चुनने की जरूरत है। इसके बहाने आप बच्चे की विभिन्न जरूरतों के लिए अनुशासित रूप से कुछ रकम प्रीमियम के रूप में जमा करते हुए समय पर अच्छी-खासी वित्तीय मदद हासिल कर सकती हैं।



**जल्द शुरुआत करें :** ज्यादातर इंश्योरेंस कंपनियों में आपको ऐसे प्लान मिल जाएंगे, जो बच्चों के 18 वर्ष पूरे होने पर या 18 के बाद कुछ-कुछ अंतराल पर फंड की खास रकम इश्यू करते रहतेहैं। ये दीर्घावधि प्लान आपको सिस्टेमैटिक रूप से पैसा इकट्ठा करने और जरूरत पर उनकी उपलब्धि का मौका देते हैं। इसलिए किसी भरोसेमंद फाइनेंसियल प्लानर या इंश्योरेंस एडवाइजर से मिलकर बच्चे के जन्म के कुछ ही महीनों के भीतर ऐसा इंश्योरेंस प्लान ले लें।

### रिस्क कवर का भी ध्यान रखें

**इंश्योरेंस प्लान** चुनते वक्त इंवेस्टमेंट ऑप्शन के साथ-साथ समुचित रिस्क कवर भी मिल सके, इस तरह का प्लान चुनें। अपने एडवाइजर से ऐसे प्लान के बारे में पूछें, जो आपको रकम की सुरक्षा और ग्रोथ साथ-साथ मुहैया करवाए। इतना ही नहीं प्लान ऐसा भी हो कि कमाने वाले पैरेंट की मृत्यु की स्थिति में बच्चे को एक मुश्त रकम भी मिल सके ताकि वह अचानक पैसों का मोहताज ना हो जाए। ध्यान रहे, यह रिस्क कवर वार्षिक प्रीमियम का कम से कम 20 गुना जरूर हो, वरना कोई खास फायदा नहीं होता।

**प्रीमियम वेवर वाला प्लान चुनें :** अनहोनी कह कर नहीं आती। घर के अर्नर की मृत्यु के कारण कई बार ऐसी अप्रिय स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जब प्रीमियम भरना नामुमकिन सा हो जाता है। ऐसे में प्रीमियम वेवर बेनिफिट वाला इश्योरेंस प्लान मददगार साबित होता है। इससे बच्चे की पढ़ाई-लिखाई या अन्य जरूरतों के लिए पैसे मिलते रहते हैं।


**(वित्तीय सलाहकार, सीए नेहा जैन से बातचीत पर आधारित)**

एडवाइस / ललिता गोयल

# बोर्ड एग्जाम का प्रेशर समझदारी से करें हैंडल

दसवीं और बारहवीं के बोर्ड एग्जाम की डेट शीट आ गई हैं। अन्य क्लासेस के एनुअल एग्जाम्स भी इसी माह या मार्च में शुरू हो जाएंगे। जैसे-जैसे एग्जाम की तारीख नजदीक आती जाती है, उसका प्रेशर पैरेंट्स और स्टूडेंट्स पर बढ़ता जाता है। कई बार यह प्रेशर इतना बढ़ जाता है कि कई बच्चे, जहां ठीक से कंसंट्रेट होकर पढ़ाई नहीं कर पाते, वहीं कुछ एंजायटी और डिप्रेशन का शिकार हो जाते हैं। माना कि बच्चों पर पढ़ाई को लेकर, अच्छे नंबर लाने को लेकर काफी दबाव होता है और पैरेंट्स भी बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित होते हैं। लेकिन ऐसा प्रेशर और टेंशन जरूरत से ज्यादा नहीं होना चाहिए। इस बारे में कुछ यूजफुल सजेशंस यहां दे रहे हैं।

**पैरेंट्स के लिए सुझाव:** पैरेंट्स को यह समझना चाहिए कि हर बच्चा दूसरे से अलग होता है। इसलिए आस-पड़ोस या रिलेटिव्स के बच्चों से अपने बच्चों की तुलना करके उनपर अधिक नंबर लाने का दबाव ना बनाएं। जिन घरों में पैरेंट्स द्वारा बच्चों पर टॉप करने का प्रेशर बनाया जाता है, ऐसे बच्चे अकसर डिप्रेशन का शिकार हो जाते हैं। उनमें नींद ना आना, चिड़चिड़ापन, व्यवहार में बदलाव, याददाश्त की परेशानी देखने को मिलती है।





- बच्चे के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बच्चों को हेल्दी डाइट दें। बच्चों का पढ़ाई में अच्छी तरह से ध्यान लगे, इसके लिए हर 2 से 3 घंटे के अंतराल पर कुछ हेल्दी डाइट उसे देती रहें। ध्यान दें कि इस दौरान बच्चा बहुत ज्यादा फास्ट फूड ना खाए।
- घर में बच्चों के लिए खुला माहौल बनाएं ताकि बच्चे खुलकर अपने मन की बात कर सके और अपनी परेशानी को आपसे शेयर कर सकें।
- जब भी बच्चे पढ़ाई के लिए बैठें तो कोशिश करें कि आप भी उनके आस-पास ही बैठें। ऐसे में वह अच्छे से पढ़ाई करेंगे। साथ ही पढ़ाई से मन भटकाने वाली चीजों जैसे फोन आदि को उनसे दूर रखें। बच्चे को हमेशा इस बात का एहसास दिलाते रहें कि आप हमेशा उसके साथ हैं।
- आपको अपने स्ट्रेस को भी दूर करना चाहिए क्योंकि आपका स्ट्रेस बच्चे को भी प्रभावित करेगा, क्योंकि जब आप तनाव में दिखेंगे तो बच्चा और भी प्रेशर में आएगा, जिसका असर उसकी एग्जाम की तैयारी पर पड़ेगा।
- बच्चे से हर समय सिर्फ पढ़ने की ही बात ना करें। ऐसा होने से बच्चा पढ़ाई से दूर भागता है और वह ओवर प्रेशर महसूस करता है।

**बच्चों के लिए सुझाव:** एग्जाम टाइम में बच्चों को कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। इस बारे में पैरेंट्स की गाइडेंस और सपोर्ट बहुत जरूरी है।

- कुछ बच्चों को देर रात तक पढ़ने की आदत होती है। उन्हें लगता है कि एग्जाम टाइम में अगर वे देर रात तक जागकर पढ़ेंगे तो उनके अच्छे नंबर आएंगे, लेकिन ऐसा नहीं होता है। कई बार देर रात तक पढ़ने से बच्चों की नींद पूरी नहीं होती है, जिससे उनकी मेमोरी भी प्रभावित होती है और कई बार याद किया हुआ पाठ भी वे एग्जाम में भूल जाते हैं। इसलिए पैरेंट्स ध्यान रखें कि एग्जाम वाले दिन से पहले मिनिमम 5 से 6 घंटे की नींद बच्चे जरूर लें।
- कई बार ऐसा भी होता है कि बच्चे को पेपर के सवालों के जवाब तो आते हैं लेकिन फिर भी कुछ सवाल छूट जाते हैं क्योंकि उन्होंने सैंपल पेपर की एग्जाम के समय के हिसाब से प्रैक्टिस नहीं की होती है। इसलिए एग्जाम की तैयारी करते समय अधिक से अधिक सैंपल पेपर सॉल्व करने की प्रैक्टिस बच्चों को जरूर करनी चाहिए।
- किसी भी कार्य को करने के लिए टाइम टेबल बहुत जरूरी होता है। इसलिए बच्चों को पढ़ाई, सोने, खाने सबका एक टाइम टेबल बनाना चाहिए और उसे फॉलो करना चाहिए। पैरेंट्स इसमें बच्चों की हेल्प कर सकते हैं।

**(करियर काउंसलर-एजुकेशनल साइकोलॉजिस्ट डॉ. वर्षा वरवंडकर से बातचीत पर आधारित)**



केयर

शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

अगर आपकी शादी इसी वेडिंग सीजन में होने वाली है तो आपको अपनी स्किन केयर अभी से शुरू कर देनी चाहिए। तभी शादी के फंक्शन में आपका ब्राइडल मेकअप निखर उठेगा और आप दिखेंगी खूबसूरत।

# प्रॉपर स्किन केयर से निखरेगा ब्राइडल मेकअप





शादी का दिन हर युवती के जीवन का सबसे खास दिन होता है। इसीलिए इस अवसर पर वह सबसे खूबसूरत और आकर्षक दिखना चाहती है। इसके लिए वह वेडिंग मेकअप भी करवाती है, लेकिन मेकअप तभी निखरता है, जब आपकी स्किन परफेक्ट होती है। ग्लोइंग स्किन के लिए कुछ यूजफुल होम रेमिडीज के बारे में यहां आपको बता रहे हैं। अपनी स्किन नेचर के अनुसार इन्हें आज से ही अप्लाई करना शुरू कर देंगी तो वेडिंग फंक्शन वाले दिन तक आपकी स्किन स्पॉटलेस और ग्लोइंग हो जाएगी।

**स्किन को बनाएं ग्लोइंग :** वैसे तो स्किन को ग्लोइंग बनाने के लिए मार्केट में कई तरह के प्रोडक्ट्स आपको मिल जाएंगे। लेकिन उनमें से अधिकांश में ऐसे केमिकल्स मिले होते हैं, जिससे स्किन को काफी नुकसान होता है। इससे बचने के लिए आप घर पर ही आसानी से फेस पैक बनाकर अप्लाई कर सकती हैं। ऐसे होम मेड पैक्स को रेग्युलर अप्लाई करने से कुछ ही दिनों में आपकी स्किन दमकने लगेगी और उस पर मेकअप निखर उठेगा।

**सावधानी से लगाएं फेस पैक :** अपनी फेस स्किन पर कोई भी पैक लगाते समय कुछ बातों को ध्यान रखें।

- फेस पैक लगाने से पहले, अपने सिर के बालों को पीछे की ओर, चेहरे से दूर अच्छी तरह बांध लें।
- फेस पैक के अच्छे रिजल्ट के लिए स्किन को पैक लगाने से पहले अच्छी तरह से साफ जरूर कर लें।
- फेस पैक लगाने के लिए एक फ्लैट, चौड़े ब्रश का इस्तेमाल करें।
- पैक लगाते समय ध्यान रखें कि आंखों के आस-पास की संवेदनशील त्वचा और होंठों पर कोई भी पैक ना लगे।
- फेस पैक सूखने के बाद इसको ताजे और साफ पानी से धो कर ही हटाना चाहिए।

**बेसन-दही फेस पैक:** स्किन में फ्रेशनेस और सॉफ्टनेस लाने के लिए आप एक आसान फेस पैक बना सकती हैं। इसके लिए चोकर, बेसन, दही, शहद और अंडे का मिश्रण मिलाकर पेस्ट बना लें और इसे चेहरे पर लगा सकती हैं। लगाने के कुछ देर बाद जब पैक चेहरे पर सूख जाए तो ताजे साफ पानी से धो डालें।

**ड्राय स्किन के लिए पैक:** अगर आपकी स्किन ड्राय है तो 3 चम्मच चोकर में एक चम्मच बादाम पावडर, एक चम्मच शहद, थोड़ी सी दही और एक अंडे की जर्दी लें। सबको आपस में अच्छी तरह मिलाकर पेस्ट बना लें। इसे चेहरे पर अच्छी तरह लगाएं। कुछ देर बाद जब यह सूख जाए तो साफ नॉर्मल पानी से धो लें।

**ऑयली स्किन के लिए पैक:** अगर आपकी स्किन ऑयली है तो 2 चम्मच चोकर, एक चम्मच बेसन, एक चम्मच बादाम पावडर, एक चम्मच शहद, थोड़ी दही और अंडे का सफेद भाग मिलाकर पेस्ट बनाएं और चेहरे पर लगा लें। जब सूख जाए तो सादे पानी से धो लें।

## कोलगेट मेधावी छात्रों को दे रहा बंपर स्कॉलरशिप, हर महीने मिलेंगे 75 हजार रुपए

कोलगेट देश की सबसे बड़ी दंत मंजन कपनियों में से एक है। यह कंपनी सीएसआर यानी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सबिलिटी के तहत खेल, शिक्षा व अन्य कई क्षेत्रों में योगदान के लिए स्कॉलरशिप प्रोग्राम ऑफर करता है। इस प्रोग्राम का नाम कोलगेट कीप इंडिया स्माइलिंग स्कॉलरशिप प्रोग्राम है। इस योजना के तहत मेधावी छात्रों को अपने सपने को पूरा करने की दिशा में प्रोत्साहित करना है। इसके अलावा मेधावी छात्रों को उचित मेंटरशिप भी प्रदान करता है। आपको बता दें कि कोलगेट कीप इंडिया स्माइलिंग फाउंडेशन के तहत उम्मीदवारों का चयन विभिन्न स्कॉलरशिप के लिए किया जाता है। इन स्कॉलरशिप के लिए चयनित उम्मीदवारों को 2 से 3 साल की अवधि तक हर साल 75,000 रुपए प्रदान किए जाएंगे। इस योजना का लाभ लेने के लिए 11वीं कक्षा से लेकर ग्रेजुएशन तक के छात्र आवेदन कर सकते हैं। हांलाकि अलग-अलग क्लास के लिए अनिवार्य शैक्षिक योग्यताएं हैं।